▸ वर्ष 73 ▸ अंक 154 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 03 मार्च, 2026
▸ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत् 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

जीवन का पूरा रहस्य इस बात में है कि एक चीज में गहराई से रुचि रखो और हजारों चीजों में सिर्फ दिलचस्पी।
–होरेस वॉलपोल

ईरान पर हमला



तीसरा दिन

# तेहरान में इजराइल ने मचाई तबाही ईरान का 6 अमेरिकी बेसों पर हमला

## नौ देशों के 131 शहरों में अब तक 555 मौतें, 1200 से अधिक घायल

**तेल अवीव/तेहरान/ वॉशिंगटन, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में ईरान, इजराइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच छिड़ी जंग सोमवार को और तेज हो गई। जंग के तीसरे दिन तेहरान और अन्य ईरानी शहरों पर इजराइल ने भीषण तबाही मचाई। इसमें प्रसिद्ध गांधी होटल हॉस्पिटल के आसपास भी मिसाइलें गिरीं। इधर, जवाबी कार्रवाई में ईरान ने पश्चिम एशिया में स्थित 6 अमेरिकी बेसों पर तीखा हमला किया। तेहरान समर्थित हिज्बुल्लाह लड़ाकों के शामिल होने से संघर्ष का दायरा कई देशों तक फैल गया है।


इस बीच कुवैत में अमेरिका के तीन फाइटर जेट ईरानी मिसाइलों का निशाना बने, जबकि पेंटागन ने दावा किया कि 'गलत पहचान' के चलते एफ-15ई स्ट्राइक ईगल कुवैत के निशाने पर आए। सोमवार को ईरान ने पश्चिम एशिया के चार देशों में छह अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। वहीं लेबनान से हिज्बुल्लाह ने रॉकेट और ड्रोन हमले किए। उधर, इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी इलाकों और दक्षिण लेबनान पर भी भारी हवाई हमले किए। इजराइल ने 1 लाख से अधिक रिजर्व सैनिकों को तैनात कर लंबी लड़ाई की चेतावनी दी है। अब तक इस लड़ाई में नौ देशों के 131 शहरों में कम से कम 555 मौतें हो चुकी हैं। जबकि १२०० से अधिक लोगों के घायल होने की खबरें हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका-इजराइल की संयुक्त कार्रवाई में ईरान ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### खंडहर बना 'गांधी अस्पताल'

इजराइली एयर फोर्स ने सोमवार को ईरान की राजधानी तेहरान में बमों और मिसाइलों से हमले किए। इस दौरान वहां का मशहूर गांधी अस्पताल भी चपेट में आ गया। 2008-2009 में स्थापित गांधी होटल हॉस्पिटल 32,000 वर्ग मीटर के परिसर में स्थित है। यह एशिया के जाने-माने मेडिकल सेंटर्स में से एक माना जाता है। यह 17-मंजिला अस्पताल और 21-मंजिला होटल के साथ स्वास्थ्य पर्यटन के लिए जाना जाता है जिसमें 100 से ज्यादा बेड की सुविधा उपलब्ध है।

### सबसे बड़ा हमला अभी बाकी



इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि यह संघर्ष 4-5 हफ्तों तक चल सकता है, हालांकि अमेरिका के पास इससे अधिक समय तक सैन्य कार्रवाई जारी रखने की क्षमता है। व्हाइट हाउस में संबोधन के दौरान ट्रंप ने दावा किया कि 'सबसे बड़ा हमला अभी बाकी है' और अमेरिका ने अभी अपनी पूरी ताकत नहीं झोंकी है। सीएनएन को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास 'दुनिया की सबसे बड़ी सेना' है और उसका इस्तेमाल किया जा रहा है। ट्रंप ने ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए बड़ा खतरा बताया।

### अमेरिका से कोई बातचीत नहीं: ईरान

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा कि सभी मंत्रालयों को 'लगातार और एकीकृत सेवाएं' सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सरकार जनता के साथ खड़ी है।' वहीं, वरिष्ठ अधिकारी अली लारीजानी ने साफ कहा- 'ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा, जबकि वॉशिंगटन ने संवाद के लिए दरवाजा खुला बताया है।

**चार अमेरिकी सैनिक मारे गए** जानकारी के मुताबिक 2 मार्च तक चार अमेरिकी सैनिक मारे जा चुके हैं। सोमवार को एक गंभीर रूप से घायल सैनिक ने दम तोड़ा।

### ब्रिटेन से तनाव


जंग के बीच ब्रिटेन के साथ तनाव भी उभरा। ट्रंप ने आरोप लगाया है कि हिंद महासागर स्थित डिएगो गार्सिया बेस के इस्तेमाल की अनुमति देने में ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने 48 घंटे की देरी की। लंदन ने स्पष्ट किया कि वहां से केवल ईरान के मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाने की इजाजत दी गई।

- **हिज्बुल्लाह प्रमुख की मौत का दावा:** इजराइल ने दावा किया कि बेरूत में हिज्जबुल्लाह के खुफिया प्रमुख हुसैन मकलेद को मार गिराया है। वहीं लेबनान के पीएम नवाफ सलाम ने हिज्बुल्लाह की सैन्य गतिविधियों पर 'प्रतिबंध' की घोषणा करते हुए हथियार राज्य को सौंपने का आह्वान किया।
- **भारत की चिंता: नागरिकों की सुरक्षा, उड़ानें रद्द:** भारत में 760 से अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द हुईं। दिल्ली में 87 उड़ानें प्रभावित रहीं। ईरान में 10,000 और इजराइल में 40,000 से अधिक भारतीय रहते हैं। खाड़ी-पश्चिम एशिया में कुल मिलाकर लगभग 90 लाख भारतीय समुदाय है।

### पश्चिम एशिया की स्थिति हमारे लिए चिंता का विषय: पीएम



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि 'पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति हमारे लिए गहरी चिंता का विषय है और भारत सभी प्रकार के विवादों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से निकालने का समर्थन करता है।'



रंगों के त्योहार का जश्न !

#### वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन पर पीसीबी सख्त

## पाकिस्तान: हर खिलाड़ी पर 50-50 लाख का जुर्माना

**लाहौर, जेएनएन।** टी-20 वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम के खिलाड़ियों पर कड़ा एक्शन लिया है। बोर्ड ने हर खिलाड़ी पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (16.28 लाख भारतीय रुपये) का जुर्माना लगाया है। पीसीबी का कहना है कि अच्छे प्रदर्शन पर इनाम दिया जाता है, तो खराब प्रदर्शन पर सजा भी मिलनी चाहिए। भारत के खिलाफ ग्रुप मैच में हार के तुरंत बाद खिलाड़ियों को इस फैसले की जानकारी दे दी गई थी।

गौरतलब है कि भारत से हार के बाद फैंस और बोर्ड दोनों में नाराजगी देखी गई। इस जुर्माने के बाद बी कैटेगरी के खिलाड़ियों की लगभग एक महीने की सैलरी कटेगी, जबकि सी और डी कैटेगरी के खिलाड़ियों को दो से तीन महीने की सैलरी के बराबर राशि देनी पड़ेगी। पीसीबी अधिकारियों ने साफ किया है कि आगे से आर्थिक लाभ केवल प्रदर्शन के आधार पर ही मिलेगा।



**4 कैटेगरी में मासिक वेतन**
- **ए कैटेगरी:** लगभग 65 लाख
- **बी कैटेगरी:** 45 लाख रुपए
- **सी कैटेगरी:** 20 लाख रुपए
- **डी कैटेगरी:** 12.50 लाख प्रति माह

***नोट:** जुलाई 2025 से जून 2026 के कॉन्ट्रैक्ट में किसी खिलाड़ी को ए कैटेगरी में नहीं रखा गया है।*

### शुभकामनाएं

रंगों का पर्व होली आपके जीवन में खुशियां, ऐश्वर्य और दिन-प्रतिदिन शुभमंगल के पल लाए। इसी कामना के साथ पाठकों, विज्ञापनदाताओं और समाचार पत्र विक्रेताओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं।

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

होली के पर्व पर दैनिक जागरण कार्यालय में 03 एवं 04 मार्च को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 06 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक

#### पहली कृषि कैबिनेट में बना किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का खाका

## छह विभागों की 16 योजनाओं के लिए 27,746 करोड़ मंजूर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** डॉ मोहन यादव कैबिनेट ने सोमवार को जनजातीय बाहुल्य बड़वानी जिले के नागलवाड़ी में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का खाका तैयार किया। कैबिनेट ने 6 विभागों के जरिए किसान कल्याण का रोडमैप तय किया है। चार बड़ी सिंचाई परियोजना के साथ कैबिनेट ने कृषि को उद्योग से जोड़ने पर भी मंथन किया। बड़वानी के नागलवाड़ी में मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद कृषि कैबिनेट ने कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई। कैबिनेट ने कृषि, सिंचाई, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी और सहकारिता विभाग से जुड़ी 16 योजनाओं के प्रस्तावों पर सहमति जताई है। इन सभी योजनाओं के लिए 27,746 करोड़ की राशि मंजूर की गई है। कैबिनेट में कृषि विकास के लिए 500 करोड़ से कम वित्तीय आकार की 20 परियोजनाओं को आगामी 5 वर्षों तक निरंतर जारी रखने जाने की स्वीकृति दी गई। इसके लिए 3502 करोड़ रुपये खर्च होंगे।



सहकारी बैंकों की माली हालत सुधारने और उन्हें आर्थिक मदद पहुंचाने के लिए 5 साल तक के लिए 1975 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना के लिए 3909 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी दी गई है।

सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में अगले 5 वर्षों तक पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए 610 करोड़ 51 लाख रुपए खर्च करेगी। इसी तरह पशुपालन एवं डेयरी के क्षेत्र में पशु प्रजनन, मुर्गी पालन, भेड़ बकरी प्रक्षेत्र, रोग उन्मूलन, पशुओं के टीकाकरण, गहन पशु विकास परियोजना आदि 11 योजनाओं को अगले 5 सालों तक 6518 करोड़ रुपए देने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी है। कैबिनेट ने राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन को 5 वर्षों तक जारी रखने के लिए 1150 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। पौधशाला उद्यान में उच्च गुणवत्ता की पौध एवं बीज, रियायती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए 1739 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए।। सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करणीय उद्योगों के लिए 1,375 करोड़ रुपए स्वीकृति किए हैं।

**पशुपालन-सहकारिता की 4-4 योजनाएं**
- कृषि विभाग की 02 योजना
- उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण की 03 योजना
- पशुपालन एवं डेयरी विकास की 04
- मछुआ कल्याण की 02 योजनाएं
- सहकारिता विभाग की 04 योजनाएं
- नर्मदाघाटी विकास की 02 योजनाए

#### मत्स्यउद्योग नीति को मंजूरी

### तीन हजार करोड़ निवेश, 20 हजार रोजगार का लक्ष्य

इसके साथ ही कैबिनेट ने मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्यद्योग नीति-2026 को मंजूरी दी है। इसमें मछली पालन को बढ़ावा देने के प्रयास होंगे। साथ ही ईको-टूरिज्म एवं ग्रीन एनर्जी को शामिल करते हुए बहुउद्देशीय आजीविका मॉडल के रूप में कार्य होगा। इसमें अगले 3 वर्षों तक 3 हजार करोड़ रुपए का निवेश एवं लगभग 20 हजार रोजगार सृजित करने का लक्ष्य तय किया गया है। नीति को अमलीजामा पहनाने के लिए 18 करोड़ 50 लाख रुपए के बजट प्रावधान की स्वीकृति दी गई। इसमें केज कल्चर को आधुनिक स्वरूप में बढ़ावा देते हुए लगभग एक लाख केज स्थापित किये जायेंगे। इसी तरह मछुआ समृद्धि योजना को आगामी 2 वर्ष, वर्ष की निरंतरता के लिए 200 करोड़ रुपए की भी स्वीकृति प्रदान की गई।

#### लैंड फॉर जॉब केस

### लालू के खिलाफ आरोप तय पर फैसला आज

**पटना/नई दिल्ली, जेएनएन।** लैंड फॉर जॉब मामले में मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट अहम फैसला सुना सकती है। कोर्ट तय करेगा कि पूर्व रेल मंत्री लालू यादव, राबड़ी देवी समेत अन्य आरोपियों पर आरोप तय किए जाएं या नहीं। इससे पहले कानूनी प्रक्रिया के तहत अदालत ने आरोपियों से पूछा कि क्या वे इन आरोपों को स्वीकार करते हैं या मुकदमे का सामना करेंगे। लैंड फॉर जॉब केस में आरोप है कि रेल मंत्री रहते हुए लालू यादव के कार्यकाल में रेलवे में नौकरी के बदले जमीन ली गई। जांच एजेंसियों का दावा है कि यह जमीन कथित तौर पर लालू परिवार और उससे जुड़े लोगों के नाम पर ट्रांसफर की गई। कोर्ट मंगलवार को इस पर निर्णय देगी कि साक्ष्यों के आधार पर आरोप तय कर ट्रायल शुरू किया जाए या नहीं।

## खुशखबरी: प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3 प्रतिशत बढ़ा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने सोमवार को होली से पहले कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राज्य के कर्मचारियों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने का ऐलान किया है। अब कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। पेंशनर्स को भी इसका लाभ मिलेगा।

राज्य में अब तक कर्मचारियों को 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा था, जबकि केंद्र अपने कर्मचारियों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता दे रहा है। सोमवार को सीएम ने कहा है कि राज्य के सभी शासकीय सेवकों को भारत सरकार के समान अप्रैल 2026 के वेतन में 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा, बढ़ा हुआ वेतन मई माह से मिलेगा। जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक के एरियर की राशि मई 2026 से प्रारंभ होकर 6 समान किस्तों में दी जाएगी। इस वृद्धि का लाभ पेंशनर्स को भी मिलेगा। उन्हें जनवरी से फरवरी 2026 की पेंशन में 58 प्रतिशत का महंगाई भत्ता दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि हमारी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम कर रही है। किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत बड़वानी में कैबिनेट की, कई महत्वपूर्ण निर्णय किए। शाम को सभी कर्मचारी बंधुओं और पेंशनर्स के कल्याण के लिए निर्णय लिया है।

### कोषालय अधिकारियों को मिलेंगे वाहन

इसके साथ, मुख्यमंत्री ने सभी जिला कोषालय अधिकारियों को वाहन व्यवस्था रखने की अनुमति भी दी है। इसके लिए वित्त विभाग ने आदेश जारी कर किया है। कोषालय अधिकारी काफी समय से वाहन उपलब्ध कराने की मांग कर रहे थे। इसके लिए कई बार सीएम से मिलकर अपनी मांग पूरी करने का आग्रह भी किया गया। इस पर सीएम की सहमति के बाद वित्त विभाग ने आदेश जारी किया।

### संक्षिप्त खबरें

### एआई से बने सबूतों पर फैसला देना गलत: सुको

**नई दिल्ली/विजयवाड़ा, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने सोमवार को स्पष्ट कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से तैयार किए गए सबूतों के आधार पर न्यायिक फैसला लिखना 'बिल्कुल गलत' है और इसका सीधा असर न्याय प्रक्रिया की निष्पक्षता पर पड़ता है। जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी फैसले का आधार गैर-मौजूद या कृत्रिम (फर्जी) सबूत हों, तो यह महज गलती नहीं बल्कि गंभीर कदाचार (मिसकंडक्ट) हो सकता है। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि वह इस मामले के नतीजों और जवाबदेही की जांच करना चाहता है। पिछले साल अगस्त में आंध्र प्रदेश की एक ट्रायल कोर्ट ने एक विवादित संपत्ति मामले में एआई से बनाई गई तस्वीर को आधार बनाकर फैसला सुनाया था।



बार काउंसिल को नोटिस

#### कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जमानत

### नारे नहीं थे भड़काऊ, न ही डराने का सबूत: कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट 2026 के दौरान शर्टलेस प्रदर्शन करने के मामले में गिरफ्तार इंडियन यूथ कांग्रेस के नौ कार्यकर्ताओं को जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान लगाए गए नारे न तो भड़काऊ थे और न ही किसी धार्मिक या क्षेत्रीय भावना को भड़काने वाले। साथ ही, लोगों को डराने या तोड़फोड़ करने का कोई ठोस सबूत भी सामने नहीं आया।

#### टीकमगढ़: पूर्व विधायक का विवादित बयान, बोले- अबीर का मतलब, जो वीर नहीं

## बहन होलिका को जिंदा जलाया, नहीं मानते ऐसी होली

**टीकमगढ़, जेएनएन।** होली से पहले टीकमगढ़ में एक राजनीतिक सभा में दिए गए पूर्व विधायक आरडी प्रजापति के बयान ने विवाद खड़ा कर दिया है। प्रजापति ने आजाद संकल्प यात्रा के दौरान होली और अबीर को लेकर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, 'हमारी बहन होलिका को जिंदा जलाया गया। हम ऐसी होली नहीं मानते। अबीर का मतलब जो वीर नहीं, वही होता है।'

सोमवार दोपहर करीब 2 बजे गांधी चौराहा के पास आयोजित सभा में लगभग 200 लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में भीम आर्मी और यादव महासभा के कुछ सदस्य भी मौजूद थे। प्रशासन की ओर से दी गई अनुमति में स्पष्ट किया गया था कि भड़काऊ या जाति-सूचक शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाएगा, लेकिन सभा के दौरान कई तीखे बयान दिए गए। सभा में मौजूद दामोदर यादव ने भी विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि ग्वालियर में मनु महाराज की प्रतिमा नहीं लगने देंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रतिमा स्थापित की तो विरोध होगा। साथ ही, ग्वालियर न्यायालय परिषद परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की मांग दोहराई।



### 'बेटियों इनके पंडालों में मत जाओ'

पूर्व विधायक ने कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि 'हमें अबीर नहीं लगाना है। वीर वही हैं जो मंच पर बैठे हैं। ये हिंदू हमारे लिए नहीं हैं, इनके पंडालों में मत जाओ।' उनके इन बयानों को लेकर स्थानीय स्तर पर नाराजगी भी सामने आई है।

**बहस में** इलेक्ट्रिक गाड़ियों के 'क्लीन' होने पर उठे सवालिया निशान

## पर्यावरण को नुकसान भी पहुंचाती है ईवी बैटरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया जलवायु परिवर्तन के दबाव में है। ऐसे में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) को समाधान के रूप में पेश किया गया। एक ऐसी तकनीक जो सड़कों पर धुआं नहीं छोड़ती और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाती है। सरकारें सब्सिडी दे रही हैं, कंपनियां अरबों डॉलर निवेश कर रही हैं और उपभोक्ता भी इसे 'ग्रीन' विकल्प मान रहे हैं। लेकिन क्या ईवी पूरी तरह से क्लीन एनर्जी हैं?

ईवी का सबसे बड़ा तर्क है, टेलपाइप उत्सर्जन शून्य। यानी गाड़ी चलते समय कार्बन डाइऑक्साइड या नाइट्रोजन ऑक्साइड नहीं निकलते। शहरी प्रदूषण घटाने में यह अहम है। परंतु किसी भी तकनीक का आकलन केवल उपयोग-चरण से नहीं, बल्कि उसके लाइफ-साइकिल से होता है। जिसमें खनन, निर्माण, बिजली उत्पादन, उपयोग और अंत में रीसाइक्लिंग तक शामिल है। ईवी बैटरियों में लिथियम, कोबाल्ट और निकेल जैसे खनिज लगते हैं। इनकी माइनिंग अक्सर पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों से जुड़ी है। कांगो में कोबाल्ट खनन को लेकर बाल मजदूरी और असुरक्षित कार्य परिस्थितियों की खबरें आती रही हैं। इंडोनेशिया में निकेल खनन से जंगल कटान और जल स्रोतों पर असर की चर्चा होती है।



### सप्लाई चेन और जियो-पॉलिटिक्स

खनिजों की प्रोसेसिंग और बैटरी निर्माण में चीन की बड़ी भूमिका है। भारी सब्सिडी और औद्योगिक रणनीति के दम पर चीन की कंपनियां, जैसे बीवाईडी वैश्विक बाजार में आगे निकली हैं। इससे खनिज संसाधनों को लेकर देशों के बीच प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक तनाव भी बढ़ा है। कई विश्लेषक इसे 1970 के दशक के तेल संकट जैसी नई 'खनिज दौड़' मानते हैं।

### बिजली का स्रोत तय करेगा 'ग्रीन' टैग

ईवी की पर्यावरणीय उपयोगिता इस बात पर भी निर्भर है कि उन्हें चार्ज करने वाली बिजली कितनी स्वच्छ है। यदि बिजली कोयला-आधारित है, तो कुल कार्बन फुटप्रिंट कम नहीं हो पाता। लेकिन यदि ग्रिड में सौर, पवन और जलविद्युत की हिस्सेदारी बढ़ती है, तो ईवी का लाभ कई गुना हो जाता है। इसलिए ईवी को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रीन ग्रिड बनाना भी जरूरी है।

### बैटरी रीसाइक्लिंग है चुनौती

बैटरी कचरा भविष्य की बड़ी चुनौती बन सकता है। हालांकि सकारात्मक पहलू यह है कि लिथियम-आयन बैटरियों से धातुओं की रिकवरी संभव है।

### नीति और जवाबदेही

- खनिजों की एथिकल सोर्सिंग और सप्लाई चेन की पारदर्शिता सुनिश्चित हो।
- खनन प्रभावित समुदायों के लिए पुनर्वास और पर्यावरण संरक्षण अनिवार्य हो।
- बैटरी रीसाइक्लिंग को कानूनी रूप से मजबूत किया जाए।
- नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार को प्राथमिकता मिले।

## तीसरे साल भी ईपीएफओ की ब्याज दर 8.25% बरकरार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर 8.25 फीसदी ही रखने की सिफारिश की है। यह लगातार तीसरा साल है जब ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह निर्णय ईपीएफओ के सर्वोच्च निर्णयकारी निकाय सीबीटी की 239वीं बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने की।




अब 8.25 फीसदी ब्याज दर के प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा जाएगा। सरकार की औपचारिक अधिसूचना के बाद यह ब्याज सदस्यों के खातों में जमा किया जाएगा। ईपीएफ के 7.8 करोड़ से अधिक अंशदाताओं को इस फैसले से स्थिर रिटर्न मिलता रहेगा। इससे पहले 2023-24 के लिए ब्याज दर 8.15 फीसदी से बढ़ाकर 8.25 फीसदी की गई थी, जिसे 2024-25 में भी बरकरार रखा गया था। एक सीबीटी सदस्य के अनुसार, 8.25 फीसदी दर बनाए रखने से ईपीएफओ को करीब 650 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है, जिसे पिछले वर्ष के 5,300 करोड़ रुपये के अधिशेष से समायोजित किया जाएगा। ईपीएफओ की आय मुख्यतः सरकारी बॉन्ड, प्रतिभूतियों और इक्विटी निवेश से जुड़ी होती है। अधिकारियों के मुताबिक वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और वित्तीय बाजारों में संभावित उतार-चढ़ाव को देखते हुए ब्याज दर स्थिर रखना बेहतर समझा गया।

भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल की हैट्रिक (पेज : 11)



# होलिका दहन के साथ रंगोत्सव में घुली अबीर-गुलाल की महक





जागरण, रीवा

शुभ मुहूर्त पर सोमवार रात होलिका दहन के साथ फिजाओं में रंगों के त्योहार का खुमार छा गया। गली-मोहल्लों से लेकर गांवों तक में बुराई की प्रतीक होलिका का दहन किया गया और भक्त प्रह्लाद का लोगों ने स्वागत किया। होलिका दहन के समय लोगों ने उसके फेरे लगाकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। फिर सबने मिलकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल से तिलक लगाया तथा होली की शुभकामनाएं दीं। कुछ लोगों ने आपस में मिलकर गिले-शिकवे भी दूर किए, तो कइयों के दिल के मलाल भी होलिका दहन के साथ खत्म हो गए। इस तरह रात होलिका दहन के साथ ही धुरेड़ी खेलने का सिलसिला भी शुरू हो गया। पूर्णिमा की रात में रंग-अबीर आसमान पर स्पष्ट उड़ता हुआ नजर आता रहा। कुछ उत्साही युवाओं ने रात में ही लोगों को रंगों से भिगो दिया। तो कई जगह होलिका दहन के साथ ही डीजे की धुन पर युवा देर रात तक थिरकते रहे। होलिका दहन के बाद रात के अंधेरे में भी कई रंग-बिरंगे चेहरे नजर आते रहे। युवाओं की टोली होली की शुभकामना देते रात को ही गली-चौराहों में घूमती रही। इस बीच पुलिस का कड़ा पहरा रहा। हालांकि मंगलवार को चंदग्रहण के कारण धुरेड़ी बुधवार को होने की वजह से कुछ लोगों ने 3 मार्च को ग्रहण के बाद होलिका दहन करेंगे और अगले दिन रंग खेला जायेगा।

## भक्त प्रहलाद का किया पूजन-सत्कार, रात में होरियारों के झुण्ड ने की तफरी

## पुलिस का रहेगा पहरा

जिला व पुलिस प्रशासन ने सभी लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील की है। साथ ही यह भी कहा कि किसी परिवार या व्यक्ति को जबरन होली खेलने के लिए विवश न किया जाये। उल्लेखनीय है कि अक्सर जबरन रंग लगाने के कारण ही विवाद की स्थिति निर्मित होती है। इस स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने सभी गली-चौराहों में तीन व चार मार्च धुरेड़ी की शाम तक पहरा देने की व्यवस्था कर ली है।

## जगन्नाथ मंदिर में वितरित होगा आटिका महाप्रसाद

भगवान जगन्नाथ स्वामी को चार मार्च धुरेड़ी के दिन आटिका का प्रसाद चढ़ेगा। महाप्रसाद के नाम से प्रचलित इस प्रसाद में कढ़ी, चावल, व खीर होता है, जो होली के दिन भगवान जगन्नाथ के मंदिर में चढ़ता है। वर्षों से यह परम्परा आज भी निरंतर निभाई जा रही है। इसी परम्परा के अनुसार शुक्रवार को जगन्नाथ मंदिर में महाप्रसाद चढ़ेगा और फिर विशाल भण्डारे में उसका वितरण होगा। इस प्रसाद का स्वाद लेने बड़ी आस्था, श्रद्धा और विश्वास के साथ गांव-गांव से लोग मंदिर परिसर में पहुंचते हैं।

## त्वचा के लिए हर्बल रंग सुरक्षित

लोग होली खेलने के पहले घर में ही हर्बल रंग तैयार कर सकते हैं, जिनसे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता। पलाश के फूलों को रातभर पानी में भिगोकर पारम्परिक नारंगी रंग तैयार किया जाता है। सूखे लाल चंदन को आप गुलाल की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। यह सुर्ख लाल रंग का पाउडर होता है और त्वचा के लिए अच्छा होता है। इसी तरह जासवंत के फूलों को सूखाकर उसका पाउडर बनाया जा सकता है, जिसकी मात्रा बढ़ाने के लिए उसमें आटा मिला सकते हैं। अनार के छिलकों को पानी में उबालकर भी लाल रंग बनाया जा सकता है। सूखे मेंहदी के पाउडर को हरे रंग की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे बेझिझक किसी के भी बालों पर लगा सकते हैं। गुलमोहर की पत्तियों को भी सूखाकर रंग की तरह उपयोग किया जाता है। चुकंदर को किस लें और रातभर एक लीटर पानी में भिगोकर रखें, जिससे गुलाबी रंग तैयार हो जायेगा।

## होरियारों का हुड़दंग कल

कल धुरेड़ी यानि इस दिन सिर्फ मस्ती। रंग-अबीर में पुते एक जैसे चेहरे। पुराने फगुआ प्रेमी भंग की तरंग में ढोलक थपियाते फाग गाते फिरेंगे तो किशोरों की टोली सड़कों पर डीजे और ढोल-नगाड़ों के संग झूमते-लहराते मिलेगी। होरियारों का कल जगह-जगह हुड़दंग होगा और गांव-गलियों में फाग मंडलियों का रंग जमेगा। सभी लोग पुरानी रंजों-रंजिशें भूलकर आपस में गले मिलेंगे, एक-दूसरे को होली की शुभकामना देंगे और फिर रंगों में भिगो देंगे। रंगों का ये गुबार मुख्य रूप से धुरेड़ी के दिन यानि शुक्रवार को ही रहेगा। इसके बाद भी रंग पंचमी तक सड़कों में रंग-बिरंगे चेहरे नजर आये तो यह कोई विचित्र बात नहीं होगी। क्योंकि हमारे यहां रंग पंचमी अर्थात धुरेड़ी के पांच दिन बाद तक होली खेलने की परम्परा है। लेकिन इस बार चार दिन बाद ही रंग पंचमी होगी।

# जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी भंग अब होंगे नए चुनाव : राजेन्द्र पाण्डेय

## अधिवक्ता सूर्यनाथ पांडे सर्वसम्मति से नियुक्त किए गए मुख्य निर्वाचन अधिकारी



**जागरण रीवा।** जिला अधिवक्ता संघ का कार्यकाल पूर्ण होने पर जिला कार्यकारिणी भंग कर दी गई है और अब नए सिरे से इसी महीने में अधिवक्ता संघ के चुनाव कराए जाएंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्यनाथ पांडे को सर्वसम्मति से मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्री पांडे की देखरेख में अधिवक्ता संघ के चुनाव कराए जाएंगे। यह जानकारी जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पांडे ने संघ कार्यालय में पत्रकारों की चर्चा करते हुए दी। उन्होंने बताया कि संघ द्वारा छह सहायक निर्वाचन अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं जो मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में काम करेंगे। इनमें मो. आबिद खान, राजेंद्र सिंह पटेल, अनिल श्रीवास्तव, मारकंडेय सिंह, रेवा शंकर अवस्थी एवं कमलेंद्र पांडे शामिल हैं। श्री पाण्डेय ने बताया कि 3 मार्च को वर्तमान जिला कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इसीलिए वर्तमान जिला कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है और नए सिरे से संघ की चुनाव कराने के लिए निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। पत्रकार वार्ता के दौरान श्री पांडे ने वर्तमान कार्यकाल के आय व्यय का ब्यौरा भी दिया। उन्होंने बताया कि 2 वर्षों के दौरान संघ को 1934380 रुपए की आय हुई। इसमें से 947400 रु. कर्मचारियों के वेतन में खर्च हुए। इसके अलावा चार लाख 38695 रु. स्टेशनरी आदि में खर्च किया गया। इस दौरान 62 अधिवक्ताओं को 267474 रुपए चिकित्सकीय सहायता में खर्च किया गया। इस तरह कल 1806948 रु. खर्च किया गया और सवा लाख रुपए बचत हुई है जो खाते में जमा है। श्री पांडे ने बताया कि संघ में पूर्व के वर्षों में चार लाख रुपए जमा है। इसके अलावा चार फिक्स्ड डिपॉजिट है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री पांडे ने बताया कि चार एफडी एक-एक लाख रु. की हैं तथा एक एफडी 2 लाख रु.की कराई गई है। इसके अलावा पिछले साल चार लाख की एफडी कराई गई थी। इस तरह कुल मिलाकर 10 लख रुपए की एफडी है और सभी का नवीनीकरण किया जा चुका है।

नए जिला न्यायालय में व्यवस्था की चर्चा करते हुए श्री पांडे ने बताया कि फर्नीचर के लिए 6500 रु. प्रति अधिवक्ता जमा कराए गए थे। इनमें 993 अधिवक्ताओं को एक कुर्सी एक टेबल और एक बेंच उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके अलावा 171 अधिवक्ता वेटिंग लिस्ट में है लेकिन उनके लिए स्थान उपलब्ध नहीं है। हाई कोर्ट द्वारा स्थान का निर्धारण होते ही उनके लिए भी फर्नीचर उपलब्ध करा दिए जाएंगे। अधिवक्ता कक्षा के बारे में बताया कि 71 अधिवक्ताओं से ढाई लाख रुपए जमा कराए गए थे लेकिन हाई कोर्ट के निर्देश पर 53 अधिवक्ताओं को राशि वापस कर दी गई है तथा शेष अधिवक्ताओं की भी राशि बैंक खाते का संचालन शुरू होते ही राशि वापस कर दी जाएगी। अधिवक्ता संघ की मतदाता सूची में वर्तमान में लगभग 3000 मतदाता दर्ज है। निर्वाचन अधिकारियों द्वारा सीघ्र ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

## जगह-जगह हुआ होलिका दहन

होलिका का दहन शहर में जगह-जगह हुआ। आयोजकों ने अपने-अपने ढंग से होलिका दहन स्थल की साज-सज्जा की। मुख्यत: सिंधी चौराहा, फोर्ट रोड, तरहटी, स्टेच्यू चौराहा, प्रकाश चौराहा, निपनिया, उपरहटी में होलिका दहन विधिवत ढंग से किया गया। ऐसे ही बाणसागर कॉलोनी, चिरहुला कॉलोनी, नेहरू नगर में भी लोगों ने होलिका दहन कर पूजा-अर्चना की। शहर की सभी गलियों, अंचलों एवं गांवों में गुरुवार को होलिका दहन कर लोगों ने अपने परिजनों की नजर उतारी लेकिन मंदिरों होलिका दहन नहीं किया गया। कई मुहल्लों में भी कुछ हिस्सों में होलिका दहन नहीं हुआ।

## गुलाल की मदमस्त खुशबू से बढ़ी बाजार की रौनक

सोमवार को बाजार में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। बाजार के लगभग सभी स्टॉल में लोगों की खासी भीड़ रही। हर कोई अपने झोले में होली खेलने के लिए सामग्री खरीदकर भरता रहा। हरा, पीला, नीला, लाल रंग के गुलाल की मदमस्त खुशबू बाजार की रौनक बढ़ाती रही। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं सभी अपनी पसंद के रंग व अन्य होली सामग्री खरीदने में व्यस्त रहे। शहर के मुख्य बाजारों से लेकर अंचलों के बाजार में भी होली का खुमार चरम पर रहा।

## होली के रसरंग

### होली के रंग



बसंती पवन धीरे से बहना कि जब होली में वो आये
खिसक जाए ना आंचल की जब होली में वो आये
ऐसोख कलिया मत चटकना कि जब होली में वो आये
तंग गलियां भी खुशनुमा हो जाएं कि जब होली वो आये
इरादे नेक भी होंगे दीवाने खास कुछ होंगे
शरारत भी किये होंगे कशमकश में रहें होंगे
लबों की लालिमा में पागल ना हो जाना कि जब होली में वो आये
करवटे भी बतलते रहे होगे बेकरारी मे रहे होगे
उनीदी रात में रहे होगे सितारे भी गिने होगे
चंदा चादनी की रात हो जाये की होली में जब वो आये
सपन में गुम न हो जाना क जब होली में वो आये
चंदा चादनी की रात हो जाये की होली में जब वो आये
वफा भी वो सदा करते रहे बेवफा भी होते रहे
गमे दिल मे करिश्मे भी मुहब्बते पैगाम के होते रहे
उन्ही के रंग में रंग जाना की होली में जब वो आये
बादलो प्रेम रंग की बरसात कर देना की होली में जब वो आये
विरान भी गुलसन हो जाये की होली में जब वो आये

डॉ जबाहर सिंह गहरवार, हिनौता

### गोरी तेरे नैना रतनारे



गोरी तेरे नैना रतनारे ,गोरी तेरे नैना रतनारे।
वृंदावन में उड़े अबीरा, राधा के संग श्याम अहीरा।
गोप -गोपि मनहर प्यारे ,गोरी तेरे नैना रतनारे ।
गोरी तेरे......
अबधबिहारी ने रंग डारी,रंगी हैं माता जनकदुलारी।
देख सिया को मन हारे, गोरी तेरे नैना रतनारे।
गोरी तेरे.....
सातरंग जीवन में आए, सबके घर में खुशियाँ लाए।
राधा के संग हैं बनवारे, गोरी तेरे नैना रतनारे।
गोरी तेरे.....
जली होलिका आज नगरिया,रंग रंगीली हुई रे चुनरिया।
तिमिर छटे अब उजियारे,गोरी तेरे नैना रतनारे।
गोरी तेरे...
होली मिलन से भरा है आंगन,भेदभाव मिटकर हुए पावन।
क्लेश कलह मिट गए सारे, गोरी तेरे नैना रतनारे।
गोरी तेरे...

प्रवीणा पाण्डेय, रीवा।

## करहिया के अमवा चौराहे में सड़क पर गिरा मलवा

**रीवा।** सेमरिया मार्ग पर स्थित करहिया में अमवा चौराहे पर मुरुम एवं गिट्टी गिराकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है। जिसके कारण लोगों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मलवे के कारण लोग अनावश्यक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।































## मानस मंडल रीवा का होली मिलन समारोह 7 मार्च को

**रीवा।** सुभाष बाबू पांडे अध्यक्ष मानस मंडल रीवा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पर्व रंगों गुलालों का त्योहार होली को सामूहिक रूप से उत्साह पूर्वक मनाने नगर एवं ग्रामीण आंचल के सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष कलाकारों द्वारा विलुप्त हो रहे होली कीर्तन की मनमोहक प्रस्तुति मानस भवन रीवा में दिनांक 7 3.2026 को दोपहर 2ः00 बजे से रखा गया है । फाग गीत के बाद अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर 10 महिलाओं का सम्मान भी गरिमा पूर्ण रूप से किया जावेगा। सामाजिक समरसता के संवर्धन में आयोजित कार्यक्रम में आम नागरिक एवं सामाजिक संस्थाएं को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी शिव शंकर दीक्षित प्रचार सचिव मानस मंडल रीवा द्वारा दी जायेगी।




## श्री चित्रगुप्त मंदिर तरहटी में यम द्वितीया का पूजन 05 को

**रीवा।** श्री चित्रगुप्त मंदिर तरहटी रीवा में श्री चित्रगुप्त भगवान का यम द्वितीया के इस अवसर पर 12 बजे पूजन किया जायेगा। सभी कायस्थ बन्धू से कायस्थ सभा के प्रतिनिध सभा अध्यक्ष एच.के.खरे, सचिव बिपिन श्रीवास्तव , उपाध्यक्ष संजय निगम, संयोजक अशोक श्रीवास्तव , व्यवस्थापक वीरेन्द्र श्रीवास्तव, मीरा श्रीवास्तव और समस्त कार्यकारणी ने अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा कायस्थ बन्धू पूजन में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद और प्रसाद ग्रहण करें।



# जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर रीवा में मनायी जाती है होली

### विंध्य में 224 वर्ष पुराना है आटिका प्रसाद का इतिहास

जागरण, रीवा

विंध्य क्षेत्र में होली का अनोखा रंग देखने को मिलता है, जहां फगुआ गीतों की धुन और ढोल-मंजीरों की गूंज से माहौल भक्तिमय हो जाता है। ग्रामीण इलाकों में यह परंपरा आज भी जीवंत है। विंध्य क्षेत्र में होली सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि परंपरा और लोकगीतों के उत्सव के साथ-साथ धार्मिक आस्था का विषय भी है। यहां हर घर में भगवान जगन्नाथ का आटिका प्रसाद चढ़ता है। इसका पौराणिक इतिहास रीवा राज घराने द्वारा बिछिया में निर्मित जगन्नाथ मंदिर में मिलता है जहां होली के दिन 224 वर्ष से आटिका महाप्रसाद चढ़ता आ रहा है। आटिका महाप्रसाद के लिए हजारों की संख्या में लोग दूर-दूर से आते हैं। बसंत पंचमी पर्व के बाद से ही पूरे रीवा और आसपास के ग्रामीण इलाकों में फगुआ गीतों की गूंज सुनाई देने लगती है। पारंपरिक वाद्ययंत्रों ढोलक और नगरिया की थाप पर गाए जाने वाले फगुआ गीत यहां की सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा हैं। पहले होली महीनों तक मनाई जाती थी, लेकिन अब यह कुछ दिनों तक ही सीमित रह गई है। ग्रामीण इलाकों में फगुआ गीतों से यह परंपरा जीवंत बनी हुई है। गांवों की चौपालों पर लोग इकट्ठा होते हैं, ढोलक और मंजीरे की ताल पर होली के पारंपरिक गीत गाए जाते हैं। फगुआ सिर्फ संगीत नहीं, बल्कि एक ऐसा अनोखा अनुभव है जो हर उम्र के लोगों को अपनी धुन पर थिरकने पर मजबूर कर देता है. जब फगुआ की टोली सजीव गीतों के साथ घर-घर पहुंचती है, तो हर दरवाजे पर इनका स्वागत होता है। बच्चे, बूढ़े, जवान और महिलाएं सब झूम उठते हैं।

### होली में विंध्य के पारंपरिक पकवान

होली के मौके पर विंध्य क्षेत्र में कई पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं। गुझिया, मउहरी, कढ़ी, दाल बाटी, इंदरहर, चोखा, अमाबट की चटनी, रसाज और पूड़ी यहां के खास व्यंजन हैं। जब फगुआ गाने वाली टोलियां किसी घर में पहुंचती हैं, तो उनका गुझिया और अन्य पकवानों से स्वागत किया जाता है। जाते समय पान-सुपारी और इलायची खिलाने की परंपरा भी निभाई जाती है, जिसे स्थानीय लोग 'व्यवहार' कहते हैं।

### फगुआ के बिना अधूरी है होली

विंध्य में यह मान्यता है कि जब तक फगुआ नहीं गाया जाता तब तक होली का उत्सव अधूरा रहता है। शहरों और गांवों में शाम होते ही लोग टोली बनाकर निकलते हैं और एक-दूसरे के घर जाकर फगुआ गाते हैं। इन सुरों की मस्ती और प्रेम की मिठास के साथ होली का यह पर्व सच्चे आनंद का अनुभव कराता है। रीवा और विंध्य क्षेत्र में होली सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि संस्कृति, लोकगीतों और आपसी प्रेम का उत्सव है। यहां की पारंपरिक धरोहर आज भी जिंदा है और हर साल फगुआ के गीतों के साथ होली का यह अनोखा रंग और भी निखर जाता है।

### होली के दिन विशेष पूजा की परंपरा

शहर के बिछिया मोहल्ले स्थित जगन्नाथ मंदिर का मंदिर का निर्माण रीवा रियासत के तत्कालीन महाराजा रघुराज सिंह ने शुरू किया था, जिसे महाराजा व्यंकट रमण सिंह ने पूरा करवाया था। मंदिर के पुजारी पं. नरेंद्र द्विवेदी के मुताबिक 224 वर्षों पुराने इस मंदिर के निर्माण में उस समय लगभग 3 लाख रुपए की लागत आई थी। भगवान जगन्नाथ मंदिर में होली के दिन विशेष पूजा-अर्चना की यह परंपरा भी रीवा राजघराने के द्वारा ही शुरू की गई थी। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा अंतर्गत भगवान जगन्नाथ को होली वाले दिन आटिका प्रसाद में कढ़ी, चावल और खीर का भोग लगाया जाता है। इस महाप्रसादी को लेने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं और महाप्रसादी को ग्रहण कर स्वयं को धन्य मानते हैं।



### महाराजा भाव सिंह जू देव ने कराया था निर्माण

रीवा राज्य के महाराजा भाव सिंह जू देव ने सन् 1680-85 के मध्य यहां मंदिर का निर्माण करवाया था और जगन्नाथपुरी जाकर वहां से भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा माता एवं बलभद्र की विशाल प्रतिमाएं लाकर स्थापित कराई थी ऐसी भव्य और दिव्य प्रतिमाएं कहीं भी देखने को नहीं मिलती। बता दें कि महाराजा भाव सिंह जू देव का विवाह पुरी में हुआ था। रानी ने भगवान जगन्नाथ मंदिर की इच्छा जताई थी महाराजा पुरी गए थे और वहां से तीन मूर्तियां साथ लाए थे। एक मूर्ति मुकुंदपुर में, दूसरी बिछिया और तीसरी किला में प्राण प्रतिष्ठा की थी।

### भगवान जगन्नाथ को दी जाती थी तोपों की सलामी

भगवान जगन्नाथ स्वामी के मंदिर स्थापित होने के बाद नई परंपरा शुरू हुई। किला परिसर में स्थित जगन्नाथ मंदिर में होली के दिन विशेष पूजा-अर्चना की जाती थी। इसके बाद रियासत के सैनिक भगवान जगन्नाथ को तोपों की सलामी देते थे। फिर भगवान को आटिका प्रसाद यानी कढ़ी और चावल का भोग लगाया जाता था। यही प्रसाद महाराजा भाव सिंह जू देव और राजघराने के अन्य सदस्यों को वितरित किया जाता था। आज भी फाग वाले दिन यह परंपरा जारी है और भक्तों के बीच अटिका प्रसाद बांटा जाता है।

### मृदंग वादन में महारथी थे महाराजा विश्वनाथ सिंह जू देव

समय के साथ रीवा राजघराने में होली का महत्व बढ़ता गया। रीवा बघेल राजवंश के कई राजाओं ने लंबे समय तक शासन किया। महाराजा भाव सिंह जू देव के बाद महाराजा अनुरुद्ध, फिर महाराजा जय सिंह जू देव, और फिर महाराजा विश्वनाथ सिंह जू देव गद्दी पर आए। महाराजा विश्वनाथ सिंह जू देव को मृदंग वादन में महारथ हासिल थी। उन्होंने स्वयं मृदंग का निर्माण किया था। उनके शासनकाल में होली और भी धूमधाम से मनाई जाने लगी। किला परिसर में प्रजा और दूर-दराज से आए लोगों के साथ होली का भव्य आयोजन होता था। पलाश के फूलों से बने रंग और गुलाल से होली खेली जाती थी. आसपास के गांवों से फाग मंडलियां भी रीवा दरबार पहुंचती थीं। महाराजा विश्वनाथ सिंह जू देव स्वयं मृदंग बजाकर बघेली अंदाज में फाग मंडलियों के साथ राग मिलाते थे।

### उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेशवासियों को दी होली की शुभकामनाएँ



मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को होलिका दहन और होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि होलिका दहन अन्याय और अधर्म पर सत्य एवं धर्म की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें नकारात्मक प्रवृत्तियों को त्यागकर सदाचार और कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रंगों का यह पावन उत्सव भारतीय संस्कृति की जीवंत परंपराओं का प्रतीक हैए जो परिवार और समाज को एक सूत्र में बांधता है। यह पर्व आपसी प्रेम और विश्वास को सुदृढ़ करता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सभी नागरिकों से सुरक्षित तरीके से होली मनाने की अपील की है और सभी के सुखए समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### हिन्दू धर्म परिषद की लठ्ठमार होली 07 मार्च को

आगामी 07 मार्च को सायं 05 बजे से स्थानीय सॉई मंदिर कोठी कम्पाउंड के प्रांगण में हिन्दू धर्म परिषद के तत्वाधान में होली को भव्य बनाने ब्रज वरसाना की लठ्ठमार होली मिलन का आयोजन होगा जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल शामिल होंगे। कार्यक्रम के प्रभारी संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू को घोषित कर तैय्यारी प्रारंभ कर दी गई है। कार्यक्रम सहयोगी सॉई संस्थान और रिदम म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों की सहभागिता रहेगी।

### महाराजा रघुराज सिंह ने किया था लोक संस्कृति बचाने का प्रयास

रीवा राजघराने के महाराजा रघुराज सिंह ने भी लोक संस्कृति को बचाने के लिए प्रयास किया था। उन्होंने बड़ी संख्या में बघेली लोकगीत लिखे थे। लोक गायिका सुषमा शुक्ला बताती हैं कि विंध्य में तीन तरह के लोकगीत गाए जाते हैं। पहला संस्कार परख गीत होता है, जो जन्म से लेकर वैवाहिक आयोजन एवं अन्य उत्सव से जुड़े संस्कारों में गाए जाते हैं। इसमें सोहर, बधाई, अंजुरी, बिआह, नहछू, परछन, गारी, कन्यादान, बरुआ सहित अन्य शामिल हैं। दूसरा ऋतुपरख लोकगीत है जो मौसम के अनुसार गाया जाता है। जैसे इन दिनों होली का सीजन है तो फगुआ गाया जाता है। सावन के महीने में कजली और हिन्दुली गाए जाते हैं। नवरात्र के दिनों में भगत गाई जाती है। इसी तरह जाति परख गीत भी हैं। जिसमें आदिवासियों द्वारा शैला, कोलदहका, यादवों के लिए अहिरहाई सहित अन्य गीत शामिल हैं।

# 60 वर्षों बाद दुर्लभ संयोग में आज पड़ेगा चंद्र ग्रहण




**रीवा।** तीन मार्च 2016 को फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर होने वाला यह चंद्र ग्रहण भौगोलिक एवं ऐतिहासिक विशिष्टता लेकर आ रहा है क्योंकि होली पर यह ग्रहण इस शताब्दी की दूसरी घटना है। लगभग 60 वर्षों पूर्व ऐसा संयोग बना था। ऐसा नहीं की पिछले वर्षों में होली पर ग्रहण नहीं हुआ है, लेकिन वह या तो भारत में दृश्य नहीं थे या उनका कोई खगोलीय महत्व नहीं था। रीवा में 3 मार्च की शाम चंद्रमा लालिमा लिए हुए (ब्लड मून) उदय होगा। होली की अग्नि और चंद्रमा पर ग्रहण का यह मेल आध्यात्मिक शुद्धि के लिए श्रेष्ठ माना जाता है।

ज्योतिर्विद राजेश साहनी के अनुसार इस वर्ष का पहला चंद्र ग्रहण जो पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा, जिसे दुनिया के कई हिस्सों में ब्लड मून के रूप में देखा जाएगा। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, भारत और विशेष रूप से रीवा में यह ग्रहण चंद्रोदय के समय खंडग्रास (आंशिक) रूप में दिखाई देगा। होली के पावन पर्व पर ग्रहण का यह संयोग लगभग शताब्दी मे दूसरी बार बन रहा है, जिससे पर्व की परंपराओं और पूजा विधान में बड़े बदलाव होंगे।

### रीवा में ग्रहण का समय और दृश्यता

खगोल शास्त्रियों के अनुसार, ग्रहण की वैश्विक शुरुआत दोपहर में ही हो जाएगी, लेकिन रीवा में चंद्रमा के उदय होने के बाद ग्रहण देखा जा सकेगा,जो अपने अंतिम चरण में होगा।

- सूतक काल प्रारंभ: 3 मार्च, सुबह 09:23 बजे से।
- ग्रहण का वैश्विक आरंभ: दोपहर 03:20 बजे।
- रीवा में चंद्रोदय: शाम लगभग 06:14 बजे।
- ग्रहण की समाप्ति (मोक्ष): शाम 06:47 बजे।
- कुल दृश्यता: रीवा वासियों को ग्रहण का प्रभाव केवल 30 से 35 मिनट के लिए ही दिखाई देगा।

### सिंह राशि और पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र वाले रहें सावधान

यह ग्रहण सिंह राशि और पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में लग रहा है। सिंह राशि के जातकों और इस नक्षत्र में जन्मे लोगों को ग्रहण की अवधि में विशेष सावधान रहने की आवश्यकता है। यह समय मानसिक उथल-पुथल वाला हो सकता है। इन राशि एवं नक्षत्र वालों को पूरे मार्च माह तक सावधानी बरतनी चाहिए।

### क्या करें और क्या न करें?

सूतक काल में मन्दिरों के पट बंद रहेंगे। इस अवधि में मूर्ति स्पर्श और भोजन पकाना वर्जित रहेगा। गर्भवती महिलाएं विशेष सावधानी बरतें और सीधे ग्रहण देखने से बचें। ग्रहण प्रारंभ होने से पूर्व स्नान करने के पश्चात ग्रहण की अवधि में महामृत्युंजय अथवा अपने इष्ट देव के मंत्र का जाप करना चाहिए। ग्रहण समाप्त होने के बाद पूरे घर में गंगाजल छिड़कें, स्नान करें और दान-पुण्य करें। इसके बाद ही होली का उत्सव मनाना शास्त्रसम्मत होगा। चूंकि यह ग्रहण शाम के समय होगा, इसलिए रीवा के लोग ऊंचे स्थानों या खुली छतों से पूर्वी क्षितिज की ओर से इस खगोलीय घटना का आनंद ले सकते हैं।

### राशियों पर प्रभाव:

ग्रहण का प्रभाव सभी 12 राशियों पर इस प्रकार होगा

**शुभ फल (लाभ):** मिथुन, तुला, वृश्चिक और कुंभ राशि वालों के लिए यह समय धन लाभ और कार्य सिद्धि वाला रहेगा।

**मध्यम फल:** मेष, वृषभ, धनु और मीन राशि के जातकों को मिश्रित परिणाम मिलेंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**सावधानी (अशुभ):** सिंह, कर्क, कन्या और मकर राशि वालों को विशेष सतर्कता बरतनी होगी। सिंह राशि में ग्रहण होने के कारण इस राशि के लोगों को मानसिक तनाव और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो सकती है।




## शहर के नए व पुराने बस स्टैंड पर रही यात्रियों की भीड़

### होली पर्व मनाने सुबह से रात तक यात्रियों का लगा रहा आना-जाना



**जागरण, रीवा।** अपने परिवार और घर पर होली मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहा। सुबह से ही शहर के नए व पुराने बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ जुटी रही। लोग अपनी बसों का इंतजार करते रहे। बसों में जाने-आने वालों की खचाखच भीड़ रही। बसों के अलावा ऑटो आदि में भी अच्छी खासी यात्रियों की भीड़ देखी गई। रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों की जमकर भीड़ उमड़ी रही। तीन दिन का अवकाश होने के चलते लोग अपने घर जाकर होली पर्व मनाने की बात करते रहे, मंगलवार को चंद्रग्रहण के चलते सुबह से सूतक लग जाएगा, जिसके चलते सामवार को अधिक से अधिक लोग अपने घर पहुंचना चाहते थे।

## स्कूलों में उड़ा रंग गुलाल, बच्चों ने खेली होली



**जागरण, रीवा।** होली पर्व पर विद्यालयों के आगामी 5 मार्च तक अवकाश घोषित कर दिए गए हैं, विद्यार्थियों ने अवकाश होने के एक दिन पूर्व ही सोमवार को अपने-अपने सहपाठियों के साथ जमकर होली का आनंद उठाया। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को रंग, गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। शहर के शासकीय स्कूलों सहित निजी विद्यालयों में सोमवार को होली की धूम रही। छोटी कक्षाओं से लेकर बड़ी कक्षा तक विद्यार्थियों में होली की रंगत देखने को मिली। कई विद्यार्थी अपने साथ सुबह से रंग गुलाल आदि लेकर स्कूल पहुंच गए थे। परीक्षा संपन्न होने के बाद बच्चों ने एक-दूसरे को रंग लगाया और जमकर हुड़दंग मचाई। सहपाठियों के साथ विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को भी रंग गुलाल लगाकर उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## ट्रंप के मंसूबे छोटे राष्ट्रों की संप्रभुता पर संकट

*समरथ को नहिं दोष गुसाईं' उक्ति की तर्ज पर ईरान पर हुए अमेरिकी-इजराइली हमले को पश्चिमी देशों द्वारा तार्किक बताया जा रहा है। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई तथा उनके परिजनों समेत कई लोगों की मौत को किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता। यह समय वैश्विक कानून-व्यवस्था के भंग होने और अमेरिका के साम्राज्यवादी मंसूबों के सिरे चढ़ने का है। जब से ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, उन्होंने वैश्विक संप्रभुता और संयुक्त राष्ट्र समेत दुनिया की तमाम नियामक संस्थाओं को बेबस बना दिया है। वेनेजुएला में हमला करके राष्ट्रपति निकोलेस मादुरो को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाने के बाद अब खामेनेई की परिवार समेत हत्या ने दर्शा दिया है कि दुनिया फिर जंगल-राज की तरफ बढ़ रही है। शक्ति बंदूक की नोक से निकलती दिख रही है। छोटे राष्ट्रों की संप्रभुता संकट में है।*

*यूक्रेन पर रूसी आक्रमण, वेनेजुएला व ईरान पर अमेरिकी हमला बता रहा है कि आने वाले दिनों में ताइवान जैसे अन्य संकटग्रस्त देशों के सामने अस्तित्व बनाये रखने की चुनौती होगी। पूरी दुनिया में आपूर्ति श्रृंखला में आये व्यवधान तथा ट्रंप के टैरिफ आतंकवाद से दुनिया की अर्थव्यवस्था पहले ही चरमरा रही है। रोजगार के अवसर कम हुए हैं और लोगों को भारी महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले की प्रतिक्रिया मध्यपूर्व के अलावा पश्चिमी देशों में आने वाले समय में दिखाई देगी। जिसकी असली कीमत मानवता को ही चुकानी होगी।*

*ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए ओमान की मध्यस्थता में शांति वार्ता भी चल रही थी। हालांकि ईरान ने युद्ध से बचने की इच्छा जरूर जताई थी, लेकिन उसने यूरेनियम समृद्ध करने का अधिकार रखने की बात दोहराई। अब इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद यह वार्ता फिलहाल बेमानी हो चुकी है। जिस दौर में विकास के नारे के साथ सभी देश बेहतर भविष्य का सफर तय करना चाहते हैं, उसमें संवाद के रास्ते बंद करके युद्ध का रास्ता अख्तियार करने का नतीजा आखिर क्या निकलेगा?*

*निस्संदेह, आने वाले दिनों में भारत को ईरान-अमेरिकी संघर्ष की कीमत चुकानी होगी। इससे भारत की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। भारत के लिये मुश्किल यह भी है कि ईरान पर हमला प्रधानमंत्री की इजराइल यात्रा के तुरंत बाद हुआ है। जिससे भारत के लिये मध्यपूर्व को लेकर विदेश नीति में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। इससे हार्मुज स्ट्रेट रूट से भारत को होने वाली कच्चे तेल की आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होगी।*

*वहीं दूसरी ओर मध्यपूर्व में कार्यरत नब्बे लाख से अधिक भारतीयों पर प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव पड़ेगा और उनके द्वारा भारत भेजी जाने वाली धनराशि भी प्रभावित होगी। भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल की पचास फीसदी आपूर्ति होर्मुज स्ट्रेट रूट से होती है। रूसी तेल खरीदने पर अमेरिकी दबाव के चलते भी इस रूट से भारतीय आपूर्ति बढ़ी है। इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने का सीधा असर भारत में कच्चे तेलों के दामों पर पड़ेगा। भविष्य में भारतीयों को तेल कीमतों में वृद्धि का सामना करना पड़ेगा। वहीं लाल सागर से होने वाली तेल आपूर्ति भी ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों की धमकी से प्रभावित होगी। कूटनीतिक स्तर पर भी भारत को असहज स्थिति का सामना करना पड़ेगा। भारत इस समय ग्लोबल साउथ के नेतृत्व का दावा करता है और फिलहाल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है, ईरान भी पिछले साल ब्रिक्स का सदस्य बन चुका है। ऐसे में क्या भारत इस हमले का विरोध करने की स्थिति में है? भारत ईरान से पुराने संबंधों के चलते क्या अमेरिका से दूरी बना सकता है?*

अंतरराष्ट्रीय तनाव

अमेरिका-इजरायल के ईरान पर हमले का असर अब पूरी दुनिया पर पड़ना तय है

## आर्थिक रूप से बहुत भारी पड़ेगा यह युद्ध

आलोक जोशी



अमेरिका और इजरायल ने आखिरकार ईरान पर कहर बरपा दिया। ऑपरेशन 'एपिक फ्यूरी' का शाब्दिक अनुवाद तो प्रचंड गुस्सा या प्रचंड प्रहार ही हो सकता है, मगर अर्थ कहर बरपाना ही है।

शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत अनगिनत ठिकानों पर हमले की खबर आई। मानवाधिकार संगठनों के मुताबिक, ईरान के 31 में से 24 प्रांत हमले का निशाना बने हैं। सैकड़ों लोगों की मौत और घायल होने की खबरें शुरुआती अनुमान में ही आईं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरानी जनता का आह्वान भी किया कि वे अपनी सरकार को उखाड़ फेंकें और ईरान पर राज करें।

बात इतनी सीधी और आसान भी नहीं है। ईरान ने भी वैसा जवाब दिया, जैसा उसने कहा था। उसने पश्चिम एशिया के अनेक देशों में अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी बमबारी कर दी। कतर, कुवैत, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के अलावा दुबई के आलीशान इलाके पाम में फेयरमोंट होटल पर भी बम बरसाए गए हैं। पता नहीं, कहां-कहां और आग बरस सकती है, लेकिन टीवी या इंटरनेट पर जो लाइव कवरेज हो रही है, उसे देखकर तस्वीर काफी खौफनाक लगती है।

चिंता सिर्फ इन इलाकों या वहां फंसे लोगों तक सीमित नहीं है। इस युद्ध का असर अब पूरी दुनिया पर पड़ना तय है। इसकी सबसे बड़ी वजह है कच्चा तेल। ईरान दुनिया में कच्चे तेल के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। जिन देशों में अमेरिकी ठिकानों पर उसने हमला किया है, वे भी इस बिरादरी में शामिल हैं। साथ ही होर्मुज स्ट्रेट या होर्मुज जलडमरूमध्य पर भी ईरान का नियंत्रण है। यह फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण जलमार्ग है। इसे दुनिया में तेल गैस या ऊर्जा सप्लाई की जीवनरेखा कहा जाता है। दरअसल, समुद्री रास्ते से दुनिया में जितना भी तेल और गैस ढोया जाता है, उसका करीब एक चौथाई हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है।

जाहिर है, इस इलाके में युद्ध की आशंका से ही तेल के दाम उछलने लगते हैं। कारण दो हैं- एक, तेल उत्पादन में रुकावट की आशंका और दूसरा, इस रास्ते से तेल टैंकरों के गुजरने में परेशानी। हालांकि, यह रास्ता बंद होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन दुनिया की बड़ी शिपिंग कंपनियों ने अपने जहाजों व टैंकरों को इस मार्ग से दूर रहने की हिदायतें देनी शुरू कर दी हैं। उधर कच्चे तेल के एक्सचेंज भी शनिवार और रविवार को बंद थे, पर शुक्रवार को ही ब्रेंट क्रूड का दाम उछलकर 72 डॉलर के ऊपर चला गया। अब युद्ध छिड़ने के बाद तो इसके 100 डॉलर तक जाने की आशंका जताई जा रही है।

इतिहास में देखें, तो तेल के बाजार को बड़ा झटका 1973 में उस वक्त लगा था, जब अरब-इजरायल युद्ध हुआ और सऊदी अरब के नेतृत्व में अरब देशों ने उन देशों को तेल निर्यात पर पाबंदी लगा दी, जिन्होंने युद्ध में किसी भी तरह से इजरायल का साथ दिया था। एक रात में ही कच्चे तेल की कीमतें चार गुना हो गई थीं और फिर काफी समय तक तेल का दाम चढ़ा रहा। नतीजा, अमेरिका और यूरोप में मंदी के हालात पैदा हो गए। यह वह समय था, जब पहली बार तेल को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया। यहीं से दुनिया की अर्थनीति और राजनीति में 'ऊर्जा सुरक्षा' नाम का एक नया शब्द-पद जुड़ गया। भारत को भी महंगाई और विदेशी मुद्रा का गंभीर संकट झेलना पड़ा।

इसके बाद सन् 1979 में ईरान की 'इस्लामिक क्रांति' के दौरान जब तेल उत्पादन में तेज गिरावट आई, तब फिर तेल के दाम लगभग दोगुने हो गए और करीब-करीब पूरी दुनिया को मंदी व महंगाई की मार एक साथ झेलनी पड़ी। इसे आर्थिक शब्दावली में 'स्टैगफ्लेशन' कहा जाता है, यानी जब महंगाई की वजह से अर्थव्यवस्था में मंदी के हालात पैदा होते हैं। वर्ष 1990 का खाड़ी युद्ध फिर महंगाई की मार लेकर आया। तभी भारत में वह गंभीर भुगतान संतुलन या विदेशी मुद्रा का संकट पैदा हुआ, जिससे निपटने के लिए नरसिंह राव सरकार को 1991 में आर्थिक सुधारों की राह पकड़नी पड़ी। 2003 के इराक युद्ध ने भी कई देशों को महंगाई का झटका दिया और ताजा उदाहरण यूक्रेन पर रूस का हमला है, जिसने न सिर्फ तेल व गैस का दाम बढ़ाया, बल्कि यूरोप में ऊर्जा संकट पैदा कर दिया।

भारत के लिए राहत की बात यह रही कि उसने सस्ती दर पर रूसी तेल खरीदकर अपनी काफी परेशानियों से राहत पाई। इससे पहले, जब ईरान पर प्रतिबंध लगे हुए थे, तब भारत ने ईरान से भी तेल के बदले अनाज या अन्य सामान देने का सौदा किया था। पिछले दिनों अमेरिका से हुई सौदेबाजी में यही मामला गले की हड्डी भी बना रहा।

दिक्कत यह भी है कि ईरान भारत के लिए सिर्फ तेल का आपूर्तिकर्ता नहीं है। वह मध्य एशिया में भारत का एक अहम सहयोगी रहा है। अभी हाल में चाबहार बंदरगाह के जरिये भारत न सिर्फ इस इलाके, बल्कि यूरोप तक पहुंच का एक बेहतर रास्ता खोल रहा था। दूसरी तरफ, अमेरिका भी हमारे लिए व्यापार और रणनीतिक मोर्चे पर महत्वपूर्ण सहयोगी बनता जा रहा है। ऐसे में, अगर ये दोनों आमने-सामने हों, तो संतुलन बनाना काफी टेढ़ी खीर है। अगर अमेरिका के अरमान पूरे हो गए और ईरान में उसके पक्ष की सरकार बन गई, तब भारत के लिए भी दोनों से रिश्ते रखना आसान होगा। ऐसा नहीं हुआ, तो इस मोर्चे पर स्थिति काफी दुविधाजनक हो सकती है।

हालात कब तक सामान्य होंगे, कहना बहुत मुश्किल है, पर यह साफ है कि भारत के लिए बड़ी मुश्किल सामने है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत तेल और गैस यह बाहर से खरीदता है। इसका भी करीब 40 फीसदी हिस्सा होर्मुज के रास्ते आता है। तेल के महंगा होने का अर्थ सिर्फ पेट्रोल-डीजल महंगा होना नहीं है, यह माल ढुलाई की लागत बढ़ा देता है, जिससे महंगाई का एक पूरा कुचक्र चल पड़ता है। विदेशी मुद्रा की मांग बढ़ने से रुपया कमजोर होता है और सरकार का घाटा बढ़ता है। अनुमान है, कच्चे तेल के दामों में दस डॉलर की बढ़ोतरी से भी भारत का आयात बिल सालाना 15 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है।

खुला मंच

## बुरा मानिये क्योंकि होली है

पूरन सरमा

यही तो बात है बुरा मानने की, कि आज होली है। यह कोई न्यू इयर अथवा वेलेंटाइंस डे थोड़े ही है, जो बुरा न मानें। यह होली है होली, जिसमें रंग के नाम पर कीचड़ पोता जा रहा है और शुभकामनाओं के नाम पर दी जा रही हैं, खुलेआम गाली। बैरभाव और ऊंच-नीच का भेदभाव मिटाने की एवज दोगुना कर देती है होली। इसलिए सामने वाले पर गुस्सा कीजिये ताकि वह अपनी औकात में रहे। मुझे पता है वह बुरा न मानो होली है, का नारा देकर अपने भीतर की तमाम खटास निकालेगा।

होली पर बुरा इसलिए भी मानिये कि वह 'भाई साहब-भाई साहब' कहता हुआ आपके घर में घुसेगा और आपकी पत्नी से होली खेलने लगेगा। इसलिए होली पर बुरा मानिये और अपनी पत्नी की इज्जत बचाइये। बुरा मानने की बात इसलिए भी है कि वह अभी आप द्वारा परोसी गई तमाम मिठाइयों और गुझिया को एक ही पल में चाट जाएगा। बच्चों का हक बचाना है तो होली पर नाराज रहिये ताकि कोई इसके बहाने आपके घर मेहमान बनकर भी न आ सके। उसने होली के बहाने आपके कुर्ता-पाजामा को तार-तार कर दिया है और आप भिखारी की भूमिका में आ गए हैं, तो आप क्या बुरा नहीं मानेंगे? अवश्य बुरा मानिये। उसने पक्का रंग आपके चेहरे पर पोतकर आपको लंगूर बना दिया है और आपकी पत्नी को आपका यह स्वरूप किंचित भी रास नहीं आ रहा है तो आप बुरा न मानकर और करेंगे भी क्या?

यह ढोल पर धमाल गाती हुई मंडली जो आपके घर के बाहर शोर मचा रही है, उस पर ध्यान और कान दीजिये, बहुत ही अश्लील गीत से आपकी खिल्ली उड़ा रही है और आप बुरा भी नहीं मानें। बुरा आप नहीं तो क्या आपका पड़ोसी मानेगा, जो आपसे जला-भुना यह सब कौतुक करवा रहा है। वह आपकी जीवनशैली और वैभव से जला हुआ बैठा है। उसकी प्रसन्नताओं को अंगूठा दिखाने के लिए बुरा अवश्य मानिये।

आप जिन्हें 'हैप्पी होली' कहने जा रहे हैं, वे आपको भांग या शराब मिलाकर पता नहीं कौनसी सीडी बनाकर ब्लैकमेल करना चाहते हैं।

सरकार से इसलिए नाराज होइये, जो उसने होली के आसपास ही आपके बच्चों के एग्जाम रख दिए हैं। बच्चे होली खेलें या परीक्षा की तैयारी करें, यह बुरा मानने की बात नहीं तो और क्या है? आपकी छुट्टी भी मात्र दो दिन की आई है। बंदरों की सी शक्ल लेकर होली के तुरंत बाद आपको अपनी ड्यूटी पर पहुंचना है। रंग उतारने के लिए कम से कम एक सप्ताह का अवकाश तो मिलना ही चाहिए था।

प्रसंगवश

## रक्तदान शिविरों में आया रक्त कितना सुरक्षित?

*सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी अस्पतालों में मरीजों को रक्त चढ़ाने से होने वाले विभिन्न तरह के संक्रमण का पता लगाने के लिए न्यूक्लिक एसिड एंप्लीफिकेशन परीक्षण (एनएटी) की सुविधा के खर्च और उपलब्धता की जानकारी मांगी है। सबसे ज्यादा थैलेसीमिया के मरीज प्रभावित हो रहे हैं, जिन्हें बार-बार रक्त चढ़ाने की जरूरत पड़ती है।*

*रक्तदान को महादान कहा जाता है, क्योंकि इससे लोगों को नया जीवन मिलता है। देश में रक्त की जरूरत के मुकाबले आपूर्ति आज भी काफी कम है। ऐसे में सरकार और सामाजिक संगठनों की ओर से रक्तदान के महत्व को समझाने तथा इसे प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाए जाते हैं। इसके अलावा, देश भर में जगह-जगह शिविर भी लगाए जाते हैं, ताकि लोग आसानी से स्वैच्छिक रक्तदान कर सकें।*

*मगर सवाल है कि दान के माध्यम से जो रक्त एकत्र किया जाता है, वह दूसरे लोगों के लिए कितना सुरक्षित है? यह मसला चिंताजनक और संवेदनशील है, क्योंकि मरीजों को संक्रमित रक्त चढ़ाने और उससे कई तरह की जटिलताएं पैदा होने या जान जाने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। इसी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने बीते सप्ताह देश भर के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को रक्त चढ़ाने से होने वाले विभिन्न तरह के संक्रमण का पता लगाने के लिए न्यूक्लिक एसिड एंप्लीफिकेशन परीक्षण (एनएटी) की सुविधा के खर्च और उपलब्धता की जानकारी मांगी है।*

*द रअसल, शीर्ष अदालत में दायर एक जनहित याचिका में मांग की गई है कि देश के सभी रक्त बैंकों में ट्रांसफ्यूजन ट्रांसमिसिबल इन्फेक्शन (टीटीआई) का पता लगाने के लिए एनएटी को अनिवार्य किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि इस परीक्षण के तहत रक्त में एचआइवी, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, मलेरिया और सिफलिस जैसी बीमारियों के संक्रमण की जांच की जाती है।*

*इसमें दोराय नहीं कि रक्तदान के दौरान अनिवार्य रूप से संक्रमण की जांच के नियम लागू हैं, इसके बावजूद अगर मरीजों को संक्रमित रक्त चढ़ा देने के मामले सामने आ रहे हैं, तो इससे स्वास्थ्य सुविधाओं और सरकारी तंत्र में व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जाहिर है कि रक्त की जांच प्रकिया में लापरवाही बरती जा रही है, जो मरीजों की जान पर भारी पड़ रही है। इससे सबसे ज्यादा थैलेसीमिया के मरीज प्रभावित हो रहे हैं, जिन्हें बार-बार रक्त चढ़ाने की जरूरत पड़ती है।*

*ऐसे में जरूरी है कि रक्त जांच परीक्षण का दायरा बढ़ाया जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि रक्तदान मरीजों के लिए हमेशा जीवनदान बना रहे।*

*अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और यूरोप और एशिया के कुछ देशों जैसे विश्व भर के देशों के रक्त केंद्रों में रक्त की जांच के लिए न्यूक्लिक एसिड परीक्षण (एनएटी) के कार्यान्वयन लागू होने से भारत में एनएटी को अपनाने के लिए दबाव बढ़ा है। हालांकि शहरी क्षेत्र के कई निजी अस्पतालों ने पहले ही एनएटी परीक्षण लागू कर दिया है, जबकि कुछ ट्रस्ट और सरकारी रक्त केंद्र अभी भी एंजाइम-लिंक्ड इम्यूनोसोरबेंट परख (ईएलआईएसए) या रैपिड टेस्ट कर रहे हैं। इसलिए, हमने भारत में रक्त आधान सेवाओं की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर एनएटी परीक्षण को लागू करने की उपयुक्तता का आकलन करने की आवश्यकता महसूस की।*

*भारत में लगभग 2545 लाइसेंस प्राप्त रक्त केंद्र हैं, जिनमें निजी और सरकारी दोनों रक्त केंद्र शामिल हैं। भारत में रक्त आधान सेवाएं खंडित हैं, उनका विनियमन खराब है और गुणवत्ता मानकों का कार्यान्वयन भी ठीक से नहीं होता है और वे केंद्र-दर-केंद्र भिन्न होते हैं। रक्त केंद्र अभी भी प्रतिस्थापन/पारिवारिक दाताओं पर निर्भर हैं, जो देश में एकत्रित कुल 93 लाख यूनिट रक्त का 50फीसदी योगदान करते हैं।*

*भारत को सबसे पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रणनीतियों को पूरी निष्ठा से लागू करने की आवश्यकता है। जिसके तहत रक्त केवल स्वैच्छिक, बिना पारिश्रमिक के और बार-बार रक्तदान करने वाले दाताओं से ही एकत्र किया जाना चाहिए, दाताओं के चयन की प्रक्रिया सख्त होनी चाहिए और दान से पहले परामर्श की व्यवस्था की जानी चाहिए। गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली का कड़ाई से कार्यान्वयन, सुस्पष्ट परीक्षण रणनीतियों का विकास और एक मजबूत रक्त निगरानी प्रणाली हमें सही दिशा में एक कदम आगे ले जा सकती है।*

विश्व वन्य जीव दिवस

मध्यप्रदेश वन्य जीव संरक्षण की दिशा में एक अग्रणी राज्य है

## न्याय-संगत प्रयासों से हो सकेगा वन्य जीव संरक्षण

सत्यम श्रीवास्तव



हिंदुस्तान में वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में वर्ष 1972 से प्रयास शुरू हुए। 1972 में देश की संसद ने वन्य जीव संरक्षण कानून, 1972 पारित किया जो 25 जनवरी 1973 से लागू हुआ। इस कानून का उद्देश्य वन्य जीव और उनके अनुकूल आवासों यानी जीव-जंतुओं और वनस्पतियों को संरक्षित करना है। बाद में सन 2002 में देश में जैव विविधता कानून पारित होने के बाद इन्हें अलग अलग ढंग से देखा जाने लगा। हालांकि जैव विविधतता का दायरा अभी भी केवल वन्य जीव संरक्षण से व्यापक है।

मध्य प्रदेश के संदर्भ में देखें तो इसे वन्य जीव संरक्षण की दिशा में एक अग्रणी राज्य माना जाता है। ब्रिटिश राज के दौरान 1933 में मौजूदा मध्य मध्यप्रदेश के गठन से पहले ही यहाँ कान्हा अभयारण्य की स्थापना की जा चुकी थी। बाद में स्वतंत्रता के पश्चात 1955 में मध्य प्रदेश राष्ट्रीय उद्यान अधिनियम लागू किया गया जिसे आगे चलकर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 ने प्रतिस्थापित कर दिया। यह वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 को लागू करने वाला पहला राज्य है। मध्य प्रदेश ने 25 जनवरी 1973 को यह कानून लागू कर लिया था।

मध्य प्रदेश को 'टाइगर स्टेट' भी कहा जाता है क्योंकि टाइगर के संरक्षण में मध्य प्रदेश अव्वल है। 2022 में भारत सरकार द्वारा बाघों की गणना के अनुसार देश में कुल 3,682 बाघ हैं जिनमें से 785 बाग केवल मध्य प्रदेश में हैं। इसके अलावा कई अन्य संकटग्रस्त प्रजातियों का भी आश्रय स्थल हैं। इनमें गंगा डॉल्फिन, घड़ियाल, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, लेसर फ्लोरिकन और फॉरेस्ट आउलेट शामिल हैं।

वन्य जीवों के संरक्षण के लिए देश में वन संरक्षण कानून, 1972 के तहत वन्य जीव अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान बनाए जाते हैं जो इनके लिए आरक्षित किए जाते हैं। वर्तमान में मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश में 12 राष्ट्रीय उद्यान और 31 से अधिक वन्यजीव अभयारण्य और 6 टाइगर रिजर्व संरक्षित क्षेत्रों के रूप में हैं, जो कुल भौगोलिक क्षेत्र का 3.51फीसदी है।

हालांकि, अब इन आरक्षित इलाकों के दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं क्योंकि वन्य जीवों को जंगल, जैव विविधतता, फ्लोरा और फौना से ठीक उसी तरह पृथक करके नहीं देखा जा सकता जिस तरह इस पूरे ईको-सिस्टम या परारिस्थितिकी तंत्र से इंसानों को अलग करके नहीं देखा सकता। वन्य जीव संरक्षण की दिशा में शुरू हुए प्रयासों में ठीक यही किया गया कि उन्हें बाकी पारिस्थितिकी से अलग करके देखा गया और 1972 में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए ऐसे जंगलों से इंसानों के हस्तक्षेप और अन्य विकास के कार्यों को अलग रखा जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। 27 फरवरी 2026 को मध्य प्रदेश वन विभाग द्वारा जारी 'विजन 2047- रीइमेजीनिंग फॉरेस्ट रिसोरसेस फॉर ए क्लाइमेट रेसिलिएंट फ्यूचर' में भी व्यक्त की गयी है। इसमें एक प्रमुख बात कही गयी है कि- 'अभ्यारण्यों और टाइगर रिजर्व्स से हटेगी इंसानी आबादी और प्रदेश भर में तकरीबन 500 गाँव विस्थापित किए जाएंगे'।

दिलचस्प है कि यह विजन 2026 में जारी हो रहा है जो विकसित भारत की मंशा के अनुरूप है और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए बनाया गया है। इस विजन दस्तावेज में उस एक तथ्य को पूरी तरह नकार दिया गया है जिसे दुनिया अब स्वीकार चुकी है कि 'इंसान, उस पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का उतना ही अभिन्न हिस्सा है और यह सह-अस्तित्व या अन्योन्यश्रित सम्बन्धों के साथ एक-दूसरे के लिए अनुकूल वातावरण बनाते हैं। जहां एक के बिना दूसरे का अस्तित्व संभव नहीं है'।

हिंदुस्तान में यह तथ्य पहली बार वन नीति 1986 में स्वीकार किया जा चुका है। इसके बाद सन 2006 में संसद से पारित हुए वन अधिकार कानून के नाम से प्रचलित 'अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) कानून में भी एक स्थापना और सिद्धान्त के तौर पर स्पष्ट रूप से कही गयी है। बावजूद इसके औपनिवेशिक संरचना और मानसिकता से संचालित वन विभाग अभी भी वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए इंसानी आबादी को खतरा मानते हैं।

यह मानते हुए कि मध्य प्रदेश में देश का सबसे बड़ा वन-क्षेत्र है और आदिवासियों की जनसंख्या भी देश में सबसे ज्यादा है इस तरह के आरक्षित इलाके बनाने से आदिवासियों पर बहुत नकारात्मक और दीर्घलानीन असर हो रहे हैं। वन्य जीव संरक्षण की दिशा में ऐसे चिन्हित इलाकों में बसे गांवों को बेदखल या विस्थापित करना न केवल अपने नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है बल्कि वन अधिकार कानून का भी खुलेआम उल्लंघन है।

दिलचस्प है कि वन्य जीव संरक्षण कानून के आठवें और अद्यतन संशोधन 2022 में वन अधिकार कानून, 2006 और भूमि अधिग्रहण कानून, 2013 को शामिल किया गया है लेकिन जिन क्षेत्रों को वन्य जीवों के लिए आरक्षित अभयारण्य या राष्ट्रीय उद्यान बनाया जा रहा है वहाँ इन कानूनों का पालन नहीं किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वन अधिकार कानून, 2006 जंगलों में सदियों से बसे आदिवासियों और जंगलों के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के बीच अन्योन्याश्रित सम्बन्धों को मान्यता देता है और इस अद्यतन संशोधन में वनाधिकार मान्यता कानून, 2006 की अहमियत को स्वीकार करते हुए अभ्यारण्य क्षेत्रों में केंद्रीय दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रबंधन योजना बनाते समय वन अधिकार मान्यता कानून का सम्मान करते हुए संबंधित ग्राम सभा से परामर्श लिया जाना अनिवार्य बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि वन अधिकार मान्यता कानून की धारा 4 राष्ट्रीय पार्क व अभ्यारण्य की सीमा में निवासरत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत समुदायों के अधिकारों को मान्यता देते हुए धारा 4 (2) (ग) इस तथ्य को स्थापित करता है कि मानव समुदायों व पर्यावरण के बीच 'सह-अस्तित्व जैसे युक्तियुक्त विकल्प उपलब्ध हैं'। वन्य जीवों के संरक्षण के लिए, पुरानी धारणाओं को छोड़ना होगा और एक न्याय-संगत तरीका अपनाना होगा जो वन्य जीव संरक्षण कानून खुद मुहैया कराता है। अगर एक साथ वन अधिकार मान्यता कानून, 2006 और भूमि-अर्जन, और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार कानून, 2013 को अभ्यारण्य और राष्ट्रीय पार्क क्षेत्रों में लागू किया जाता है तब सही मायने में यह वन्य जीव संरक्षण के साथ-साथ परंपरागत रूप से जंगलों में निवासरत आदिवासी व अन्य परंपरागत समुदायों के हित में भी होगा। मध्य प्रदेश इस दिशा में देश का नेतृत्व कर सकता है।

जीवन दर्शन

## अपने भीतर की यात्रा है आध्यात्मिक जीवन




लोगों का अध्यात्म के प्रति रुझान बढ़ा है और कुछ लोग तो कई सालों से आध्यात्मिक जीवनशैली को अपनाए हुए हैं। लेकिन समस्या ये है कि लोगों को ये नहीं पता होता कि वो जो आध्यात्मिक जीवन जी रहे हैं या जिन आध्यात्मिक तरीकों का अभ्यास कर रहें हैं, क्या उससे उन्हें लाभ मिल रहा है या नहीं? वो सही दिशा में जा रहे हैं या नहीं?

आध्यात्मिक जीवन जीने पर आंतरिक शांति और संतोष का भाव बना रहता है, जिससे व्यक्ति बाहरी परिस्थितियों से प्रभावित नहीं होता।

भौतिक इच्छाएँ धीरे-धीरे कम होती हैं और व्यक्ति में अपने पास जो है, उसमें संतोष का भाव विकसित होने लगता है। आध्यात्मिक जीवन जीने का उद्देश्य कोई दिखावा नहीं करना, बल्कि अंदर की यात्रा करना होता है। इस जीवन की मदद से लोग अपनी पहचान को समझने और अपने भीतर की जिज्ञासा को शांत करने का प्रयास करते हैं।

आध्यात्मिक जीवन जीने पर मन में आंतरिक शान्ति बनी रहती है। बाहरी परिस्थितियाँ चाहे जैसी हों, आप भीतर से उतना परेशान नहीं होते। किसी भी परिस्थिति में आपको छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा कम आता है या मन में विचार तो आते हैं लेकिन वे आपको बहुत परेशान नहीं करते, निरंतर एक हल्की शांति महसूस होती है और मन में स्थिरता और शांति का अनुभव होता है।

आध्यात्मिक जीवन जीने का प्रभाव यह होता है कि लोगों में अनावश्यक चीज़ों की चाह कम होने लगती है और अपने पास जो है, उसमें संतोष महसूस होने लगता है। यह दर्शाता है कि आपका चित्त स्थिर हो रहा है। अपने जीवन का अर्थ और दिशा समझ में आने लगता है। वे खोने के भाव से डरना बंद कर देते हैं। उन्हें जीवन में घटने वाली घटनाओं में अर्थ दिखने लगता है। यह बताता है कि आपकी अंतर्दृष्टि जाग रही है। आध्यात्मिक जीवन का अभ्यास आपके हृदय चक्र को जागृत करने लगता है, जिससे दूसरों के प्रति सहानुभूति और करुणा बढ़ने लगती है। आपमें बिना किसी स्वार्थ के प्रेम और मदद करने की इच्छा जाग जाती है। आप प्रकृति के साथ गहरा संबंध महसूस करना शुरू कर देते हैं। आपको छोटे-छोटे अनुभवों में दिव्यता दिखनी शुरू हो जाती है। जो पहले संयोग लगता था, अब संकेत लगता है।

सफल आध्यात्मिक जीवन का संकेत यह भी होता है कि आप अकेले रहकर भी शांति महसूस करने लगते हैं। इसका अर्थ यह होता है कि आपकी ध्यान की ऊर्जा बढ़ रही है, मन बाहरी उत्तेजनाओं पर निर्भर नहीं रहा और आत्म-चिंतन सहज हो रहा है। यह आध्यात्मिक साधना की प्रगति का मजबूत प्रमाण है। आप अपनी चेतना के प्रति जागरूक होने लगते हैं और अपनी मान्यताओं और विचारों पर पुनर्विचार करने लगते हैं।

यदि आपके जीवन में इनमें से कुछ भी अनुभव हो रहा है, तो समझिए कि आपका आध्यात्मिक पथ सही दिशा में है। यदि आपके जीवन में शांति, उद्देश्य, करुणा, प्रकृति से जुड़ाव और आत्म-जागरूकता बढ़ रही है, तो यह स्पष्ट संकेत है कि आप आध्यात्मिक यात्रा में सही मार्ग पर हैं।

**चंदा कुमारी**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**यदृच्छालाभसन्तुष्टो द्वन्द्वातीतो विमत्सरः।**
**समः सिद्धावसिद्धौ च कृत्वापि न निबध्यते॥**

**भावार्थ**

जो व्यक्ति बिना इच्छा के प्राप्त होने वाले फल में संतुष्ट रहता है, जो द्वंद्वों से परे है, जिसमें ईर्ष्या नहीं है, और जो सफलता तथा असफलता में समान भाव रखता है, वह कर्म करने पर भी बंधन में नहीं पड़ता, वह मुझमें एकाकार हो जाता है।

# होली में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करें : कलेक्टर

### सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश

जागरण, रीवा



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक टीएल बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी एसडीएम होली त्योहार को देखते हुए कानून और व्यवस्था सुनिश्चित करें। अपने अनुभाग की प्रमुख बस्तियों में फ्लैग मार्च निकालें। असामाजिक तथा उपद्रवी तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें। होली जलाने के लिए निर्धारित सार्वजनिक स्थलों का दौरा करके कानून व्यवस्था की निगरानी करें। परंपरागत रूप से तय स्थानों पर ही होली जलाने की समझाइश दें। आमजनता को होलिका दहन के लिए गोकाष्ठ के उपयोग के लिए प्रेरित करें। वृक्षों की रक्षा करने के लिए होलिका दहन में गोकाष्ठ का उपयोग किया जाए। त्योहार के दौरान उपद्रव करने वाले असामाजिक तत्वों पर कठोरता से कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम अपने अनुभाग में बैठक लेकर संकल्प से समाधान अभियान में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण की समीक्षा करें। सभी कार्यालय प्रमुख भी उनके विभाग से जुड़े आवेदन जनपद पंचायत से प्राप्त करके उनका निराकरण कराएं। सीएम हेल्पलाइन में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। सभी अधिकारी 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सभी आवेदनों का निराकरण कराएं। एसडीएम और तहसीलदार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग,ग्रामीण विकास विभाग, सहकारिता विभाग, पीएचई, श्रम विभाग तथा शिक्षा विभाग में भी बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनके निराकरण के विशेष प्रयास करें।

कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी विभागीय समितियों का गठन से संबंधित प्रस्ताव आज ही प्रस्तुत कर दें। जिला आपूर्ति अधिकारी उचित मूल्य दुकानों के सत्यापन की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सत्यापन करके रिपोर्ट प्रस्तुत न करने वाले अधिकारियों को एक वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस दें। उप संचालक कृषि तथा जिला प्रबंधक विपणन संघ खाद की आपूर्ति और भण्डारण पर निगरानी रखें। वर्तमान में खाद की मांग बहुत कम हो गई है। शासन के निर्देशों के अनुरूप खाद का अग्रिम भण्डारण कराएं। बैठक में कलेक्टर ने हैण्डपंपों के सुधार, छात्रवृत्ति वितरण, किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने तथा गिरदावरी के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# खनिज मद की कार्ययोजना में कृषि विकास के कार्यों को प्राथमिकता दें : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला खनिज मद की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला खनिज मद की आगामी वार्षिक कार्ययोजना में कृषि विकास के कार्यों को प्राथमिकता दें। वर्तमान वर्ष को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। खनिज मद की कार्ययोजना में जिले के आकांक्षी विकासखण्डों जवा और सिरमौर में कृषि विकास, मछलीपालन तथा उद्यानिकी के विकास के प्रावधानों को शामिल करें। संबंधित अधिकारी विस्तृत कार्ययोजना के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत करें। इसके साथ-साथ छात्राओं के लिए शौचालय निर्माण, आंगनवाड़ी केन्द्र भवन निर्माण के भी प्रस्ताव कार्ययोजना में शामिल करें। गत वर्षों में खनिज मद से स्वीकृत अधूरे कार्यों को प्राथमिकता से पूरे कराएं। मनरेगा योजना तथा सुदूर ग्राम सड़क योजना में भी खनिज मद से कन्वर्जेंस के प्रस्ताव शामिल करें। इन प्रस्तावों में ग्राम पंचायत की सहमति आवश्यक होगी। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार तथा बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार से जुड़े कार्यों को भी कार्ययोजना में शामिल करें। बैठक में परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संजय सिंह ने वार्षिक कार्ययोजना के संबंध में बताया कि प्ले स्कूल की व्यवस्था तथा मुनगा के पौधरोपण के प्रस्ताव भी कार्ययोजना में शामिल किए जाएं। सभी अधिकारी खनिज मद योजना के मापदण्डों के अनुसार कार्ययोजना तैयार करें। कार्ययोजना को स्वीकृति मिलने के बाद राशि जारी की जाएगी। आकांक्षी विकासखण्डों में कुपोषण मिटाने, मुनगा पौधरोपण तथा अन्य कार्यों को प्राथमिकता से कार्ययोजना में शामिल करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### होली और भाईदूज पर रहेगा अवकाश

**रीवा।** रीवा जिले में शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार 3 मार्च और 4 मार्च को दो दिवस होली का अवकाश रहेगा। इस अवधि में सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालय तथा शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। जिले में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने 5 मार्च को भाईदूज पर्व पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इस दिन भी कार्यालय और शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे।

### होली में 4 मार्च को रहेगा शुष्क दिवस

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रीवा प्रतिभा पाल ने 4 मार्च होली के दिन मदिरा की बिक्री, भण्डारण और परिवहन पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। इस दिन जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें तथा गोदाम बंद रहेंगे। यह आदेश मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 : 1 में प्रदत्तशक्तियों का प्रयोग करते हुए होली का त्योहार शांतिपूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से जारी किया गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक तथा सहायक आयुक्त आबकारी को प्रतिबंध का कठोरता से पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

### लाइन सुधारने खोदी सड़क निकलना हुआ मुश्किल



**रीवा।** छोटी पुल के समीप फूटी पाइपलाइन को दुरुस्त करने रविवार रात यहां खनन कर लाइन सुधारने का कार्य किया गया, जिसके लिए छोटी पुल से रेलवे स्टेशन की तरफ जाने वाले मार्ग पर बाईं ओर जाने वाले रास्ते का खनन कर दिया गया। खनन करने के बाद ऊपर से ठीक से मिट्टी का भराव नहीं किया गया, जिससे वाहन तो ठीक लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल है। बड़े वाहनों को अपना रास्ता बदलकर निकलना पड़ रहा है। शहर में जहां-जहां भी पेयजल अथवा सीवरेज लाइन के लिए खनन किया गया है कहीं पर ठीक से भराव नहीं किया गया, जिससे आज तक शहरवासी परेशान हो रहे हैं।

### सरस्वती शिशु मंदिर में क्रीड़ा आचार्य का विदाई समारोह संपन्न



**रीवा।** सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल धाम में सोमवार को क्रीड़ा आचार्य का विदाई कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सलिल कुमार गौतम ने की, अध्यक्षता मधुरिमा गौतम, प्राचार्य संतोष ककुमार पटेल, कामता प्रसाद द्विवेदी, राज ललन त्रिपाठी सहित आचार्य बंधु व दीदी उपस्थित थीं। सलिल कुमार गौतम ने सरस्वती विद्यापीठ उतैली, सरस्वती कृष्णनगर सतना, सरस्वती नेहरू नगर रीवा एवं सरस्वती दीनदयाल धाम में 28 वर्ष की कुशल सेवाएं दीं। सलिल गौतम का व्यवहार सौम्य एवं शांत रहा एवं आरएसएस के स्वयंसेवक थे, वे प्रतिदिन शाखा लगाया करते थे। आपके नेतृत्व में विद्यालय से भैया-बहन एसजीएफआई एवं अखिल भारतीय प्रदर्शन कर जीत हासिल की। आप वर्तमान में एचडी में अध्ययन कर रहे हैं।

### सीधी जिले की समीक्षा बैठक 12 मार्च को

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद आगामी 12 मार्च को सीधी जिले की समीक्षा करेंगे। कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में दोपहर 12 बजे से आयोजित बैठक में केन्द्र एवं राज्य शासन की सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ ही कलेक्टस, कमिश्नर कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं, संकल्प से समाधान अभियान, सीएम हेल्पलाइन, ई-ऑफिस पेंशन प्रकरण किये गये। पीपीओ के विरुद्ध भुगतान आदि की समीक्षा की जायेगी। बैठक में सीधी जिले के विभागीय जिला अधिकारी एवं संभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### कमिश्नर 13 मार्च को करेंगे सिंगरौली जिले की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद 13 मार्च को सिंगरौली जिले में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। सिंगरौली कलेक्ट्रेट में दोपहर 12 बजे से आहूत बैठक में कमिश्नर द्वारा कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं, संकल्प से समाधान अभियान सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ई ऑफिस, पेंशन प्रकरण, जारी पीपीओ के विरुद्ध भुगतान आदि की समीक्षा की जायेगी। बैठक में सिंगरौली जिले के विभाग प्रमुख एवं संभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# टीएपी तकनीक का सफल प्रयोग, होली के दिन चिकित्सकों ने दिया नया जीवन



## सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में हुई एक बार फिर सफल सर्जरी

**जागरण, रीवा।** रंगों के त्योहार होली के अवसर पर जहाँ पूरा प्रदेश उत्सव में डूबा हुआ रहा, वहीं रीवा के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने एक गंभीर मरीज को नया जीवन देकर मानवता की मिसाल पेश की है। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.एसके त्रिपाठी और उनकी टीम ने एक अत्यंत जटिल हार्ट प्रोसीजर को सफलतापूर्वक संपन्न कर मरीज की जान बचाई। मरीज की धमनियों में बाइफरकेशन ब्लॉकेज की समस्या थी, जहाँ नस दो हिस्सों में बंटती है। ऐसी स्थिति में इलाज करना काफी चुनौतीपूर्ण माना जाता है। डॉ.त्रिपाठी ने आधुनिक टीएपी तकनीक का उपयोग कर बंद नसों को खोला। यह सफल ऑपरेशन अस्पताल की हाई-टेक कैथ लैब में पूरी सटीकता के साथ किया गया। इस सफलता में कैथ लैब टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसमें जय नारायण मिश्र, सुधांशु तिवारी, सुमन साहू, अमन मिश्रा, सत्यम, निकित, विजय और सोनाली शामिल थे। डॉ.त्रिपाठी ने इस उपलब्धि का श्रेय उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के विजन और श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.सुनील अग्रवाल व सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डॉ.अक्षय श्रीवास्तव के कुशल प्रशासनिक नेतृत्व को दिया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के प्रयासों से रीवा अब स्वास्थ्य सेवाओं का उत्कृष्ट केंद्र बन चुका है। अब विंध्य क्षेत्र के मरीजों को हृदय रोगों के जटिल उपचार के लिए बड़े महानगरों की ओर नहीं भागना पड़ताए बल्कि उन्हें स्थानीय स्तर पर ही विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

# पोर्टल बंद होने से पहले करें आवेदन

### एमपीटास पोर्टल पर 15 मार्च के बाद आवेदन नहीं होंगे स्वीकार

**रीवा।** शासन द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक तथा प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति दी जाती है। छात्रवृत्ति संबंधी समस्त कार्यवाहियाँ एमपीटास पोर्टल के माध्यम से की जाती हैं। इस संबंध में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग केके पाण्डेय ने बताया है कि पोस्ट मैट्रिक तथा प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के वर्ष 2022-23 वर्ष 2023-24 तथा वर्ष 2024-25 के शेष आवेदन पत्र सभी प्राचार्य तथा नोडल अधिकारी 15 मार्च तक दर्ज करा दें। शासन के निर्देशों के अनुसार 15 मार्च 2026 के बाद एमपीटास पोर्टल पर छात्रवृत्ति के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभी प्राचार्य और छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारी 15 मार्च तक लंबित आवेदन पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज करा दें। निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र दर्ज न कराने पर संबंधित प्राचार्य और संस्था प्रमुख को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी माना जाएगा।

## टाईगर सफारी आज और कल रहेगा बंद

**रीवा।** महाराजा मार्तण्ड सिंह व्हाइट टाईगर सफारी मुकुंदपुर रीवा संभाग का प्रमुख पर्यटन केन्द्र है। इसमें प्रतिदिन हजारों पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं। शासन द्वारा घोषित होली पर्व के अवकाश 3 मार्च तथा 4 मार्च को टाइगर सफारी बंद रहेगा। इस संबंध में टाईगर सफारी के संचालक ने बताया कि अवकाश के दिनों में पर्यटकों के भ्रमण के लिए टाईगर सफारी बंद रहेगा। यह 5 मार्च को निर्धारित समय अनुसार पर्यटकों के भ्रमण के लिए पुनरू खुलेगा।

## श्रमिकों तथा आउटसोर्स कर्मचारियों को अंतर की राशि का भुगतान करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी कार्यालय प्रमुखों को उनके कार्यालय में कार्यरत श्रमिकों तथा आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूयनतम वेतन की अंतर की राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि श्रमायुक्त द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत न्यूनतम वेतन का लाभ देने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके अनुसार राज्य शासन की अधिसूचना 4 मार्च 2024 के द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन और परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते की राशि देय होगी। इसका लाभ केवल टेक्सटाइल एवं मेडअप वूवन निटेड और टेक्नीकल टेक्सटाइल फेब्रिक निर्माण में संलग्न श्रमिकों पर प्रभावशील नहीं होगा। जारी निर्देश के अनुसार एक अक्टूबर 2024 तथा एक अप्रैल 2025 से प्रभावशील न्यूनतम वेतन दरों के मजदूरी एवं मंहगाई भत्ते की अंतर की राशि का भुगतान सुनिश्चित करें।

# कृषि वर्ष 2026: तिलहन क्षेत्र विस्तार के संबंध में कार्यशाला का हुआ आयोजन

### कृषि आदान क्रेता-विक्रेताओं की कार्यशाला संपन्न




**रीवा।** राष्ट्रीय मिशन आन इन्डिबल आयल; आइसोपामद्ध योजनांतर्गत उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास के मार्गदर्शन में गत दिवस कृषि आदानक्रेता-विक्रेताओं की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य मुख्यतः तिलहन क्षेत्र का विस्तार कर इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता लाना है। केन्द्र सरकार द्वारा सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार इस योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु कृषि विभाग एवं अन्य सहयोगी विभाग, स्वयं सेवी संस्थाएँ एवं आदान क्रेता विक्रेताओं की भूमिका निर्धारित की गई है। सामान्य जीवन में तिलहन के उत्पादन एवं तिलहनी फसलों में उपलब्ध पोषकीय महत्व को कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ संदीप शर्मा द्वारा समझाया गया। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने अर्थ व्यवस्था में कृषि कार्यालय के प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र गौतम द्वारा तिलहनी फसलों के क्षेत्र विस्तार में कृषि आदाय क्रेता-विक्रेताओं की महती भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में टीआर त्रिपाठी, जिले के अन्य विकास खंडों से कृषि आदान क्रेता-विक्रेताओं की उपस्थिति रही।

# पेंटियम पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में दो दिवसीय विज्ञान दिवस व फूड फेस्टिवल का हुआ आयोजन



**रीवा।** शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान पेंटियम पॉइंट टेक्निकल कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं फूड फेस्टिवल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक नवाचार, प्रस्तुतीकरण कौशल तथा उद्यमिता क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दो दिवसीय आयोजन के दौरान पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन, पोस्टर प्रेजेंटेशन और मॉडल प्रेजेंटेशन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने विज्ञान एवं तकनीकी विषयों पर आधारित अभिनव मॉडल एवं शोधपरक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि ने विज्ञान के व्यावहारिक उपयोग और अनुसंधान की संभावनाओं पर प्रकाश डाला तथा नवाचार की दिशा में निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दूसरे दिन संस्थान परिसर में फूड फेस्टिवल एवं सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। टेक्निकल कॉलेज, कॉलेज ऑफ फार्मेसी, कॉलेज ऑफ लॉ और कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाकर अपनी पाक-कला एवं प्रबंधन क्षमता का प्रदर्शन किया। पास्ता, मैगी, चाट, गुलाब जामुन एवं शीतल पेयों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। छात्रों और अतिथियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता से परिसर में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत गायन, नृत्य, फैंसी ड्रेस एवं पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शहर के अनेक गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को समापन समारोह में प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन में ऋषिता पाण्डेय ने प्रथम, श्रेया मिश्रा ने द्वितीय तथा तेजभान साकेत एवं सौरभ साहू ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रेजेंटेशन में निधि विश्वकर्मा एवं स्वाति साहू को विशेष सम्मान मिला। मॉडल प्रेजेंटेशन (डिजिटल) में राज सिंह प्रथम, अफ़ज़ल अंसारी द्वितीय रहे, जबकि हैंडमेड मॉडल श्रेणी में कल्पना कुशवाहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल के सहायक प्राध्यापक डॉ. आशुतोष द्विवेदी रहे। इस अवसर पर संस्था के मुख्य प्रबंध संचालक बीएन त्रिपाठी, एडी तथा विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य डॉ. रोहित सिंह (पीपीसीपी), डॉ. केडी द्विवेदी (पीपीसीएल) एवं डॉ. मोना तिवारी (पीपीसीएम) सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# रायपुर कर्चुलियान के किसानों को मिला जवाहर जैव उर्वरक का उपहार




**रीवा।** रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के आत्मा परियोजना के अंतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन के तहत ग्राम सगरा और नवागांव के किसानों के लिए एक विशेष नवाचार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों को जवाहर जैव संघटक प्रदान किया गया, जिसका उद्देश्य खेती में मिट्टी के स्वास्थ्य को सुधारना और फसल अवशेषों का बेहतर प्रबंधन करना है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जैव उर्वरकों के माध्यम से मिट्टी में पोषक तत्वों का प्रबंधन करना और विभिन्न कीट व्याधियों पर नियंत्रण पाना है। कार्यक्रम में बताया गया कि किसान फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनका उपयोग कंपोस्ट खाद बनाने में कर सकते हैं, जिससे पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान 30 चयनित किसानों को जैव उर्वरक किट बांटी गई और उन्हें इसके सटीक उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया गया। किसानों को फसल अवशेषों के माध्यम से 2 माह के भीतर गंधमुक्त और उच्च गुणवत्ता वाली खाद तैयार करने की तकनीक सिखाई गई। इसके लिए 10 फीट लंबे, 4 फीट चौड़े और 3 फीट गहरे गड्ढे में कचरे की परतें बनाकर उन पर बायोडाइजेस्टर, डेयरी स्लरी और जैव उर्वरक के घोल का छिड़काव करने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों ने बताया कि 2 लीटर तरल कल्चर को 10.15 लीटर पानी में घोलकर उसे 50.100 किलो कंपोस्ट या वर्मी कंपोस्ट के साथ रात भर रखकर सक्रिय किया जा सकता है। इस मिश्रण का एक एकड़ खेत में बुआई या रोपाई से पहले छिड़काव करना अत्यंत लाभकारी होता है। इस कार्यक्रम में आत्मा परियोजना के विकासखंड तकनीकी प्रबंधक सपना पाण्डेय, सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रतिक्षा सिंह, प्राची शर्मा एवं सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी बीपी पाण्डेय ने भी किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया।

# किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर

## नरवाई का निदान और बुवाई एक साथ



**रीवा।** खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेहूं, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे सुपर सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है। संभागीय कृषि अभियांत्रिकी विभाग सतना में सुपर सीडर उपलब्ध है। शासन की योजनाओं के तहत किसान को सुपर सीडर खरीदने पर 40 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। सुपर सीडर सामान्य तौर पर एक घण्टे में एक एकड़ क्षेत्र में नरवाई नष्ट करने के साथ बुवाई कर देता है। गेहूं के बाद जिन क्षेत्रों में मूंग की खेती की जाती है वहाँ भी सुपर सीडर बहुत उपयोगी है। हार्वेस्टर से कटाई के बाद गेहूं के शेष बचे डंठल को आसानी से मिट्टी में मिलाकर सुपर सीडर मूंग की बुवाई कर देता है। सुपर सीडर के उपयोग से जुताई का खर्च बच जाता है। नरवाई नष्ट करने, जुताई और बुवाई एक साथ हो जाने से खेती की लागत घटती है। जिन किसानों के पास ट्रैक्टर हैं उनके घर के शिक्षित युवा सुपर सीडर खरीदकर एक सीजन में एक लाख रुपए तक की कमाई कर सकते हैं।

भारतीय विमानपत तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण
Airports Economic Regulatory Authority of India (AERA)
भारत सरकार/Government of India
3rd Floor, Udaan Bhawan, Safdarjung Airport, New Delhi – 110003
Ph.: 011-24695044

PUBLIC NOTICE

STAKEHOLDERS' CONSULTATION MEETING ON DETERMINATION OF TARIFF FOR THE AERONAUTICAL SERVICES FOR TIRUCHIRAPPALLI INTERNATIONAL AIRPORT, TIRUCHIRAPPALLI (TRZ) FOR THE SECOND CONTROL PERIOD (01.04.2025 – 31.03.2030)

Airports Economic Regulatory Authority of India (AERA) has issued Consultation Paper No. 06/2025-26 on 27.02.2026 (which is available on AERA website at URL www.aera.gov.in) w.r.t the Tariff Determination for Aeronautical Services for Tiruchirappalli International Airport, Tiruchirappalli for the Second Control Period Tariff Cycle of five years (01.04.2025 – 31.03.2030).

In accordance with the provision of Section 13(4) of the AERA Act, 2008, the various tariff proposals of the Authority contained in the Consultation Paper, are put forth for Stakeholders' Consultation. A Stakeholders Consultation Meeting in hybrid mode (Physical/Online) in this regard is scheduled on 17th March, 2026 (Tuesday) at 3 :00 PM at:

Stakeholders Room, 3rd Floor, Udaan Bhawan,
Safdarjung Airport, New Delhi – 110003

All stakeholders like Passengers/Passengers' Associations, General Public, Airport Operators, Airlines, Industry Associations/Bodies, Independent Service providers for Cargo, Ground Handing Fuel Farm etc., are requested to join the said meeting and give their valuable suggestions/comments/views on the aforesaid Consultation Paper on tariff proposal of Tiruchirappalli International Airport, Tiruchirappalli.

Participants joining in person may send their confirmation to AERA by 16th March, 2026 (3:00PM) with Name, email address, mobile number, vehicle number by email (to director-ps@aera.gov.in and rajan.gupta1@aera.gov.in). Online link will be shared on AERA website (https://aera.gov.in) before the Stakeholders meeting under Tab "News and Announcements".

CBC 03112/12/0013/2526
Sd/-
Secretary, AERA

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **23/03/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स आन्या एक्वा एसोसिएट्स** प्रोपराइटर- श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह निवासी : एलन टाउन स्कूल के सामने, जेपी टर्न के पास, पडारा, रीवा म.प्र.-486001 **श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह** | 1) भूमि खसरा नं. 3/21, रकवा 0.014 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल- 25*60=1500 वर्गफिट (0.014 हेक्टेयर), मौजा-पाडरा 333, पटवारी हल्का नं. धेखा 26, वार्ड नं. 05, आरआईसी रीवा, तहसील हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.) 486001 (संपत्ति मालिक- श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह) चर्तुसीमाएं- पूर्व- 20 फिट चौड़ी प्रस्तावित रोड, पश्चिम- लालमनी शर्मा की भूमि, उत्तर- श्रीमती नीतू सिंह का प्लाट, दक्षिण- भूतपूर्व वेन्डर का बिका हुआ प्लाट खसरा नं. 3/20/2, रकवा 0.012 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल- 23.5*60=1350 वर्गफिट, (0.012 हेक्टेयर) मौजा-पाडरा 333, पटवारी हल्का नं. धेखा 26, वार्ड नं. 05, आरआईसी रीवा, तहसील हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.) 486001 (संपत्ति मालिक- श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह) चर्तुसीमाएं- पूर्व- वेन्डर द्वारा 20 फिट चौड़ी प्रस्तावित रोड, पश्चिम- श्री रमेश पांडे का प्लाट, उत्तर- सियावती मिश्रा का प्लाट, दक्षिण- श्रीमती प्रीतू सिंह का खरीदा हुआ प्लाट **सांकेतिक कब्जा** BAANKNET PROPERTY ID: AANYAALB COORDINATES: 24.546324, 81.268863 | 04-05-2021 / 20-10-2021 / दि. 27.02.2026 को ₹ 76,98,598.34/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 42,75,000/- / ₹ 4,27,500/- / ₹ 10,000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 22/03/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 23/03/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।

विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)

दिनांक : 02.03.2026, स्थान : भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

# क्लचवायर के फंदे में फंसा तेंदुआ

## वन विभाग ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**जागरण सतना**

उचेहरा वन परिक्षेत्र की खोखर्रा बीट में सोमवार को एक डेढ़ वर्षीय तेंदुआ क्लच वायर के फंदे में फंसा पाया गया। यह तेंदुआ पिछले दो दिनों से राजस्व भूमि क्षेत्र में देखा जा रहा था जिस पर वन विभाग की टीम निगरानी कर रही थी। ग्रामीणों के अनुसार गांव के कुत्तों ने उसे खदेड़ दिया था जिसके बाद वह एक पेड़ पर चढ़ गया। दोपहर में कुत्तों के हटने पर तेंदुआ जंगल की ओर भागा लेकिन इसी दौरान वह बांस के भीरा में लगाए गए क्लच वायर के फंदे में फंस गया। आशंका है कि यह फंदा अज्ञात शिकारियों द्वारा जंगली जानवरों के शिकार के उद्देश्य से लगाया गया था। घटना की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी सचिन नामदेव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पन्ना टाइगर रिजर्व से वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संदीप कुमार गुप्ता भी अपनी रेस्क्यू टीम के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। विशेषज्ञ टीम ने सावधानीपूर्वक तेंदुए को फंदे से आजाद कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे पिंजरे में कैद कर परसमनिया के जंगल क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया गया। वन विभाग ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश में आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इस सफल रेस्क्यू अभियान में वन परिक्षेत्र अधिकारी सचिन नामदेव डिप्टी रेंजर भारत सिंह नागर ब्रजमोहन रावत वन रक्षक शंकर प्रसाद यादव महेश प्रजापति और ध्रुव कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



वन विभाग ने आमजन से वन्यजीवों से संबंधित किसी भी जानकारी या अवैध शिकार की गतिविधियों की सूचना तत्काल विभाग को देने की अपील की है।

# अबोध की हत्या के आरोपी पिता को आजीवन कारावास की सजा

## द्वितीय अपर सत्र न्यायालय सीधी ने सुनाया फैसला



**जागरण, सीधी**

अबोध की हत्या के चिन्हित मामले में आरोपी पिता को द्वितीय अपर सत्र न्यानयालय सीधी के द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। बताया गया दिनांक 29 जनवरी 2024 को सूचनाकर्ता बलजीत सिंह गोड़ पिता स्व. शिवप्रसाद सिंह गोड़ उम्र 65 वर्ष साकिन गिजवार चौकी पथरौला ग्राम गिजवार में अपना खेत देखने गया तो उसे खेत की मेड़ पर लगे पेड़ पर काफी पक्षी इकट्ठे होकर आवाज करते हुए दिखे, तब उसने वहां जाकर देखा तो उसे खेत का पानी निकालने के लिए बनी नाली में मिट्टी और पत्ते से ढका एक बच्चे का हाथ दिखाई दिया, तब बलजीत ने सरपंच एवं आस-पास के लोगों को जानकारी दी और शव मिलने के संबंध में पुलिस चौकी पथरौला में सूचना दी, जिस पर से पुलिस चैकी पथरौला द्वारा मर्ग कायम कर मृत बच्चे के शव का फोटोग्राफ निकालकर शव पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव परीक्षण कराया और मर्ग जांच के दौरान मुखबिर से यह पता लगा कि आरोपी प्रदीप करीब दो साल से एक लड़की को लेकर बिना विवाह किये साथ रह रहा है और कुछ समय पहले उन्हें बच्चा हुआ था, जिस पर विभा, अभियुक्त प्रदीप और उसके परिजनों से पूछताछ की गई। मृत बालक आर्यन सिह का फोटो विभा सिंह को दिखा कर पहचान कराई गई तो विभा ने मृतक को उसका और प्रदीप का पुत्र होना बताया। तब संपूर्ण मर्ग जांच, साक्षियों के कथन एवं पीएम रिपोर्ट से बालक आर्यन की मृत्यु, मृत्यु पूर्व गला दबाकर मारने से होना पाये जाने तथा शव को जमीन में छिपा कर साक्ष्य को विलोपित कर देना पाये जाने पर आरक्षी केन्द्र मझौली द्वारा धारा 302, 201 भादसं का अपराध क्रमांक 72/2024 पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण को पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में चिन्हित कर विवेचना के निर्देश जारी किये गये। मामले की विवेचना उपनिरी प्रीति वर्मा के द्वारा की गई। मामले की संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय मझौली में प्रस्तुत किया गया, जहां से अंतरण पश्चात प्रकरण द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सीधी की न्यायालय में विचारण हेतु प्राप्त हुआ, जिसके न्यायालयीन सत्र प्रकरण क्रमांक एसटी/71/2024 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक रमाशंकर दुबे के द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त प्रदीप सिंह गोड़ तनय राजेन्द्र सिंह गोड़ उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम गिजवार थाना मझौली जिला सीधी मप्र को धारा 302 भादवि के आरोप में आजीवन कारावास एवं 1000 रुपए जुर्माना तथा धारा 201 भादवि के आरोप में 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

## अजय सिंह ने विधानसभा में आवारा पशुओं का उठाया मुद्दा

**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आरोप प्रत्यारोप और पक्ष विपक्ष की असहमति के बीच में एक मुद्दा ऐसा भी आया जिसे विपक्ष के साथ साथ सत्ता पक्ष ने पूरी संजीदगी से लिया द्य आवारा पशुओं से संबंधित यह मामला पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाया था। आम तौर पर ध्यानाकर्षण में मामला उठाने वाले सदस्य के अतिरिक्त किसी अन्य सदस्य को स्पीकर बोलने की इजाजत नहीं देते लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पक्ष विपक्ष के कई सदस्यों को भी अपना मत रखने का अवसर दिया।


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक 16/विशेष विवाह/2026
रीवा, दिनांक 27/01/2026

**इश्तहार**

आवेदक ज्ञानेन्द्र कुमार साकेत पिता श्री शिव बहोर साकेत उम्र-25 वर्ष निवासी-ग्राम रायपुर कर्चुलियान थाना व तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा म.प्र. एवं आवेदिका सुमित साकेत पिता श्री पवन कुमार साकेत उम्र 25 वर्ष निवासी-ग्राम हन्ना चौर शिव नारायण पोस्ट रतनगवां थाना व तहसील-मऊगंज जिला मऊगंज म.प्र. के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रु. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।

अत: उक्त विवाह अनुष्ठान के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

पेशी दिनांक-06.04.2026

विवाह अधिकारी
RN-85319 जिला रीवा ( म.प्र. )


# हनुमान प्रतिमा तोड़ने की घटना पर शिवसेना का उग्र विरोध



**जागरण, सीधी।** मझरेटी समर दहियन स्थित वीर हनुमान स्वामी मंदिर में प्रतिमा तोड़े जाने की घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। घटना की जानकारी मिलते ही शिवसेना पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रशासन से दोषी शेरा खान के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रशासनिक उपस्थिति में नई प्रतिमा स्थापित कर विधिवत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न कराया गया, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था को पुनर्स्थापित किया जा सके। शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने कहा कि यह तीसरी बार है जब आरोपी द्वारा मंदिर को निशाना बनाया गया है, जो धार्मिक भावनाओं को आहत करने का गंभीर प्रयास है। उन्होंने आरोपी पर रासुका राष्ट्रीय सुरक्षा कानून सहित कठोर धाराओं में कार्रवाई, जिला बदर की कार्यवाही तथा उसकी निजी संपत्ति को सीज करने की मांग उठाई। उन्होंने आशंका जताई कि इस घटना के पीछे कोई संगठित साजिश या समूह भी हो सकता है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। साथ ही उन्होंने समाज के सभी वर्गों और धार्मिक नेताओं से अपील की कि वे ऐसी घटनाओं की खुलकर निंदा करें और प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग करें, ताकि भविष्य में कोई भी असामाजिक तत्व धार्मिक स्थलों की गरिमा भंग करने का दुस्साहस न कर सके। शिवसेना ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है और दोषियों को उदाहरणात्मक दंड मिलना चाहिए, जिससे क्षेत्र में शांति और सौहार्द कायम रह सके।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की सांसद ने बचाई जान

**जागरण, सीधी।** आज ग्राम झोंको के समीप एक सड़क दुर्घटना में रायपुर कर्चुलियान निवासी शैलेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी समय सीधी-सिंगरौली के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा सिंगरौली से सीधी की ओर यात्रा कर रहे थे। दुर्घटना स्थल पर घायल अवस्था में पड़े युवक को देखकर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने तत्काल अपनी गाड़ी रुकवाई। उन्होंने बिना समय गंवाए अपने ड्राइवर और सहायक को प्राथमिक उपचार सामग्री पट्टी, औषधि आदि लाने के निर्देश दिए और स्वयं घायल को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। इसके पश्चात नजदीकी अस्पताल से एंबुलेंस बुलवाकर घायल शैलेन्द्र सिंह को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सीधी भेजा गया। सांसद के इस संवेदनशील एवं मानवीय व्यवहार की स्थानीय नागरिकों ने सराहना करते हुए इसे जनप्रतिनिधि के दायित्व और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।



# पुलिस ने सतना से सकुशल दस्तयाब की नाबालिग बालिका

**जागरण, सीधी।** थाना मडवास पुलिस ने गुमशुदगी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए लापता नाबालिग बालिका को सफलतापूर्वक ढूंढ निकाला है। पुलिस की सक्रिय जांच के फलस्वरूप अपहृता को जिला सतना के ग्राम खुरधरा से सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 16 फरवरी 2026 को मडवास थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका के घर से बिना बताए कहीं चले जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। परिजनों की शिकायत पर मडवास पुलिस ने तत्काल गंभीरता दिखाते हुए बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की।


**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, सीहोर, जिला सीहोर (म.प्र.)**

क्रमांक/मण्डी/स्टोर/2025-26/3566 सीहोर दिनांक 27.02.2026

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति, सीहोर के अंतर्गत शासकीय संस्थाओं हेतु निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। ऑनलाइन निविदा में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 27.02.2026 प्रातः 11 बजे से अंतिम दिनांक 09.03.2026 समय दोपहर 2 बजे तक जेम पोर्टल के माध्यम से लिया जा सकता है। विस्तृत जानकारी/शर्तें पोर्टल पर उपलब्ध है।

निविदा क्रमांक GEM/2026/B/7300312

सचिव कृषि उपज मंडी समिति, सीहोर के पास उक्त निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति, सीहोर
जिला सीहोर म.प्र.



**M.P. POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN Co. Ltd.**

Regd. Office - Block No. 8, 3rd Floor, Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur-482 008 (M.P.)
CIN: U40109MP2002SGC015120Tel-0761-2666040, Extn. 270-2473/2425, Fax 0761-2660048
Website: www.mpez.co.in, emasil: cepurez@yahoo.in

विद्युत ज्योति

No. 142 **NOTICE INVITING TENDER** Dtd: 02.03.2026

Tender are invited as following -

| Sr. No | TS No. (For e-Tendering) Discom-EZ/Pur | Particular of work |
|---|---|---|
| 1 | 142 (e-Tender No. 486823) | Installation, testing and commissioning of 11 KV Line, Distribution Transformer, LT line & providing Household Connection with House Wiring to Dharti AabaJanjatiya(DA-JGUA) households in the O&M Circle Shahdol. |

Note:-
1. Tender Details can be seen in the complete tender documents available on e-portal https://mptenders.gov.in.
2. The under signed reserves the right to accept/reject all/any offer without assigning any reason what so ever.

- SAVE ELECTRICITY

Superintending Engineer
(O&M) MPPKVVCL, Shahdol



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)**

सुभाष साहू पिता श्री रामनारायण साहू सा. हर्दी पोस्ट खैरा कनकेसरा तहसील मऊगंज जिला मऊगंज म.प्र. **...अपीलार्थी**

1. श्री कौशल प्रसाद साहू पिता स्व. रामावतार साहू सा. हर्दी पो. खैरा कनकेसरा तहसील मऊगंज 2. श्री रामनारायण साहू पिता स्व. रामावतार साहू सा. हर्दी पो. खैरा कनकेसरा तहसील मऊगंज 3. श्रीमती सकुन्तला साहू पिता स्व. रामावतार साहू पिता श्री रामरहीस साहू सा. सिघौल पो. सिघौल तह. ताला जिला सतना म.प्र. 4. श्रीमती मुन्नी साहू पिता स्व. रामावतार साहू पति श्री राजरूप साहू ग्राम बरेही पो. रायपुर कर्चुलियान तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा म.प्र. 5. श्रीमती सत्यवती साहू पिता स्व. रामावतार साहू पत्नी शतुधन प्रसाद साहू ग्राम लोही पोस्ट लोही तहसील हुजूर जिला रीवा 6. श्रीमती अन्नू देवी साहू पिता स्व. रामावतार साहू पति श्री मोहनलाल साहू ग्राम पो. सिघौल तहसील ताला जिला सतना म.प्र. 7. श्री धमेन्द्र साहू पिता स्व. छोटकी साहू पिता बद्री प्रसाद साहू सा. सिघौल तहसील ताला जिला सतना म.प्र. 8. श्रीमती लकी साहू माता स्व. छोटकी साहू पति श्री प्रदीप कुमार साहू ग्राम झाझर तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा म.प्र. **...उत्तरवादीगण**

समाचार पत्र के माध्यम से एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी मऊगंज के न्यायालय में अपीलार्थीपक्ष के द्वारा नायब तहसीलदार देवतालाब तहसील मऊगंज के राजस्व प्रकरण क्रमांक 314/अ6/2024-25 में पारित आदेश दिनांक 09/09/2024 के विरुद्ध अंन्तर्गत धारा 44(1) म.प्र. भू.रा.संहिता 1959 ई के तहत यह अपील पेश की गई। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। जो दिनांक 10/3/2026 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उत्तरवादीगण या अन्य हितबद्ध पक्षकार को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में नियत दिनांक 10/3/2026 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत तिथि पर उपस्थित न होने पर उनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग मऊगंज
RN-85320 जिला मऊगंज म.प्र.



**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**

State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal – 462011 (M.P.)
Website : www.mpsedc.mp.gov.in, Ph. : 0755-2518300
E-mail : marketing@mpsedc.com

**NOTICE INVITING TENDERS (NIT)**

MPSEDC invites online proposals for following bids on MP Tender :

| S. No. | Tender No. | NIT |
|---|---|---|
| 1. | MPSEDC/ P&A/2026/678 | RFP for Supply and installation of Air Conditioners at State IT Centre, Arera Hills, Bhopal, Madhya Pradesh |

For detailed scope of work, terms and conditions, please refer to the respective bid document available on MP Tender Portal **www.mptenders.gov.in**.

M.P. Madhyam/124720/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER**



**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना सं. झांसी/उमुसाप्र/2026/21 **दिनांकः 01.03.2026**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, कार्यालय उत्तर मध्य रेलवे, झांसी, निम्नलिखित ई-खरीद निविदाएं आमंत्रित करते है।

**क्र.सं.: 1** **निविदा सं.:** 51256329 **बयाना राशिः** ₹ 9,52,300/-

**संक्षिप्त विवरणः** कोच सेट में एलएचबी ई.ओ.जी कोचों के लिए रूफ माउटेड एसी पैकेट यूनिट (आरएमपीयू) टाइप 1 की आपूर्ति जिसमें आरडीएसओ विशिष्टता संख्या आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0061-2005 रेव 2 के अनुसार आर407सी रेफ्रिजरेंट 02 संख्या के साथ आरएमपीयू शामिल है, साथ में डीआरजी संख्या आरडीएसओ/पीई/एसके/एसी/0069-2004 रेव-3 और माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर यूनिट 01 संख्या आरडीएसओ विशिष्टता संख्या के अनुसार है। आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0139-2009 संशोधन 1 या नवीनतम टाइप-1 आरडीएसओ विनिर्देश में परिकल्पित आपूर्ति के दायरे के अनुसार सहायक उपकरण के साथ पूर्ण जिसमें 01 आपूर्ति वायु बेलो, 02 ताजा वायु बेलो और 02 वापसी वायु बेलो नलिकाओं से युक्त बेलो सेट की आपूर्ति है जो आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0197-2020 के अनुसार एलएचबी ईओजी/एचओजी प्रकार के एसी कोचों के लिए दोनों तरफ सिलिकॉन रबर कोटिंग के साथ मेटा अरामिड/पैरा अरामिड कपड़े से बने हैं। (संशोधन-0) या नवीनतम। उपरोक्त विनिर्देश के खंड संख्या 2 के अनुसार आपूर्ति का दायरा। एक कोच सेट में 02 छत पर लगे एसी पैकेज इकाइयाँ हैं।

**मात्रा :** 10 सेट **निविदा खुलने की तिथि :** 18.03.2026

**संक्षिप्त विवरणः** कोच सेट में एलएचबी ईओजी कोचों के लिए रूफ माउंटेड एसी पैकेज यूनिट (आरएमपीयू) टाइप-1 की आपूर्ति, जिसमें आरडीएसओ विशिष्टता संख्या आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0061-2005 रेव 2 के अनुसार आर407सी रेफ्रिजरेंट-02 संख्या के साथ आरएमपीयू शामिल है, साथ में डीआरजी संख्या आरडीएसओ/पीई/एसके/एसी/0069-2004, रेव-3 और माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर यूनिट-01 संख्या आरडीएसओ विशिष्टता संख्या के अनुसार है। आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0139-2009 संशोधन 1 या नवीनतम, टाइप-1 आरडीएसओ विनिर्देश में परिकल्पित आपूर्ति के दायरे के अनुसार सहायक उपकरण के साथ पूर्ण, जिसमें 01 आपूर्ति वायु बेलो, 02 ताजा वायु बेलो और 02 वापसी वायु बेलो नलिकाओं से युक्त बेलो सेट की आपूर्ति है जो आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0197-2020 के अनुसार एलएचबी ईओजी/एचओजी प्रकार के एसी कोचों के लिए दोनो तरफ सिलिकॉन रबर कोटिंग के साथ मेटा अरामिड/पैरा अरामिड कपड़े से बने हैं। (संशोधन-0) या नवीनतम। उपरोक्त विनिर्देश के खंड संख्या 2 के अनुसार आपूर्ति का दायरा। एक कोच सेट में 02 नग है।

**मात्रा :** 10 सेट **निविदा खुलने की तिथि :** 18.03.2026

**क्र.सं.: 2** **निविदा सं.:** 512651296 **बयाना राशिः** ₹ 1,90,450/-

**संक्षिप्त विवरणः** 500KVA (336kW),750V,3PH डीजल अल्टरनेटर सेट LHB पावर कार के लिए बिना पावर और कंट्रोल पैनल के और नवीनतम CPCB उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप, ध्वनिक पैनलों के बिना शोर कम करने की विशेषताओं के साथ।, चित्र के अनुसारः RDSO/PE/SPEC/AC/0084-2008,REV-1,RCF अनुलग्नक-A के साथ RDSO संशोधन पत्रक संख्या के अनुसार शोर कम करने की विशेषताओं के साथ। RDSO/PE/MS/AC/0045-2008,REV-0,AM-1 RCF ANNEXURE-C के साथ रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम के साथ MCF/RBL MEDTS-0006 REV 0 के अनुसार, पैकिंग निर्देशः स्टैंडर्ड पैकिंग के अनुसार। यह पक्का करें कि ट्रांसपोर्टेशन के दौरान आइटम रगड़े नहीं। आइटम को सही मज़बूती से पैक किया जाना चाहिए। अगर कोई ट्रांज़िट डैमेज होता है, तो उसका खर्च सप्लायर उठाएगा।

**मात्रा :** 02 नग **निविदा खुलने की तिथि :** 09.03.2026

**नोटः** (1) उपरोक्त निविदाओं की पूरी जानकारी IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in से देखी और डाउनलोड की जा सकती है। निविदा में किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र के लिए, कृपया नियमित रूप से इस वेबसाइट का अवलोकन करें। समाचार पत्रों में अलग से कोई शुद्धिपत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। **486/26 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



# कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

N.I.T क्र 33 (E.T)/ निर्माण/ न.पा.नि/2025-26 सतना दिनांक 27.02.2026

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

नगर पालिक निगम सतना द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र व जारी दिनांक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | वार्ड क्र | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/01 27.02.2026 | 2026_UAD _486222_1 | मरम्मत कार्य निकाय अंतर्गत समस्त पार्क में | 01 to 45 | 29,57,352/- | 50,000/- | 5000/- | 04 माह |
| 2 | 33/02 27.02.2026 | 2026_UAD _486224_1 | आर.सी.सी. कवर्ड नाली निर्माण अमृत कॉलोनी | 09 | 34,32,485/- | 50,000/- | 5000/- | 05 माह |
| 3 | 33/03 27.02.2026 | 2026_UAD _486225_1 | नाली निर्माण विभिन्न स्थानों में (नई बस्ती) | 01 | 21,99,663/- | 44,000/- | 5000/- | 04 माह |
| 4 | 33/04 27.02.2026 | 2026_UAD _486276_1 | सी.सी.सडक गली नं 07, 09 एवं 10 (पार्षद निधि ) | 38 | 21,14,479/- | 42,300/- | 5000/- | 04 माह |
| 5 | 33/05 27.02.2026 | 2026_UAD _486278_1 | सी.सी.रोड निर्माण विजडम स्कूल रोड (पार्षद निधि ) | 35 | 21,14,479/- | 42,300/- | 5000/- | 04 माह |
| 6 | 33/06 27.02.2026 | 2026_UAD _486282_1 | सी.सी. रोड निर्माण जेपी रोड विभिन्न स्थानो में (पार्षद निधि ) | 04 | 21,01,638/- | 42,100/- | 5000/- | 04 माह |
| 7 | 33/07 27.02.2026 | 2026_UAD _486284_1 | नाली कव्हर विभिन्न स्थानो में | 24 | 18,78,824/- | 37,600/- | 2000/- | 04 माह |
| 8 | 33/08 27.02.2026 | 2026_UAD _486286_1 | आर.सी.सी नाली कव्हर कार्य गली 01 से 03 कश्यप नगर | 45 | 19,74,627/- | 39,500/- | 2000/- | 04 माह |
| 9 | 33/09 27.02.2026 | 2026_UAD _486296_1 | सी.सी. रोड निर्माण सिंधी कैम्प (पार्षद निधि ) | 21 | 21,12,280/- | 42,300/- | 5000/- | 04 माह |
| 10 | 33/10 27.02.2026 | 2026_UAD _486297_1 | सी.सी.रोड निर्माण विभिन्न स्थानो में पौराणिक टोला | 04 | 29,26,800/- | 50000/- | 5000/- | 04 माह |
| 11 | 33/11 27.02.2026 | 2026_UAD _486298_1 | पेवर्स रोड कार्य रामटेकरी एवं हनुमान नगर नई बस्ती (पार्षद निधि ) | 17 | 18,34,460/- | 36,700/- | 2000/- | 04 माह |
| 12 | 33/12 27.02.2026 | 2026_UAD _486299_1 | नाली व रोड मरम्मत कार्य विभिन्न स्थानो में (पार्षद निधि ) | 14 | 21,16,646/- | 42,400/- | 5000/- | 04 माह |
| 13 | 33/13 27.02.2026 | 2026_UAD _486300_1 | पीसीसी रोड निर्माण मजनू का बाडा शिब्बू नेपाली एवं विभिन्न गलियो में (पार्षद निधि ) | 28 | 17,68,719/- | 35,400/- | 2000/- | 04 माह |
| 14 | 33/14 27.02.2026 | 2026_UAD _486301_1 | पेवर्स रोड कार्य बब्बू पाण्डेय से बरदाडीह चौराहे तक (पार्षद निधि ) | 05 | 13,18,927/- | 26,400/- | 2000/- | 02 माह |
| 15 | 33/15 27.02.2026 | 2026_UAD _486302_1 | सीसी सडक निर्माण शुलभ कॉम्पलेक्स के सामने गुरुमुक्त सिंह से विमल मुरारका तक | 40 | 10,68,835/- | 21,400/- | 2000/- | 02 माह |
| 16 | 33/16 27.02.2026 | 2026_UAD _486303_1 | शौचालय निर्माण एवं मरम्मत कार्य | 25 | 18,43,111/- | 36,900/- | 2000/- | 05 माह |
| 17 | 33/17 27.02.2026 | 2026_UAD _486305_1 | नाली निर्माण हर्ष तिवारी एडवोकेट के घर से ज्ञानाश्रम कोचिंग के पास एवं प्रभात गौतम के घर तक | 31 | 11,60,370/- | 23,300/- | 2000/- | 03 माह |
| 18 | 33/18 27.02.2026 | 2026_UAD _486306_1 | सीसी सडक निर्माण गली 10 में पार्क पास राजेन्द्र नगर (पार्षद निधि ) | 26 | 12,19,500/- | 24,400/- | 2000/- | 03 माह |
| 19 | 33/19 27.02.2026 | 2026_UAD _486307_1 | नाली निर्माण रीवा रोड से हैप्पी नर्सरी स्कूल खेरमाई रोड तक | 25 | 10,81,495/- | 21,700/- | 2000/- | 03 माह |
| 20 | 33/20 27.02.2026 | 2026_UAD _486308_1 | पार्क निर्माण कार्य | 31 | 11,15,800/- | 22,400/- | 2000/- | 03 माह |
| 21 | 33/21 27.02.2026 | 2026_UAD _486318_1 | नाली निर्माण पाण्डेय जी से विकास गर्ग एवं सुधीर निगम से प्रेम पयासी तक | 33 | 12,80,000/- | 25,600/- | 2000/- | 03 माह |

शर्ते :- 1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 02.03.2026 समय 15:30 से दिनांक 02.04.2026 समय 17:30 बजे तक आनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा। 2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम सतना म.प्र.


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - **8962086944**

**आवश्यकता है**

प्रगतिशील बायोटेक भारत की एक कृषि प्रधान कम्पनी है, जिसमें कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। आयु-18-45 वर्ष, योग्यता-10वीं, स्नातक, वेतनमान-12000-18000+CTC, Room फ्री, संपर्क-9111000096, 6262959512 जॉब लोकेशन-रीवा, जबलपुर

RN-83376(7/3)

## संक्षिप्त खबरें

### भोज विवि ने बीस दिन में जारी किया रिजल्ट



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भोज मुक्त विश्वविद्यालय ने दिसंबर जनवरी सत्र की परीक्षाओं के रिजल्ट सोमवार को जारी कर दिए हैं। विवि ने बीस दिनों में मूल्यांकन कराकर रिजल्ट अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। रजिस्ट्रार प्रो सुशील मंडेरिया ने मूल्यांकन कार्य में सख्ती दिखाई है। इसके चलते प्रोफेसरों ने समय रहते मूल्यांकन कार्य को 15 दिनों में पूर्ण कर दिया है। रिजल्ट प्रक्रिया में पांच दिन पूरे होने पर बीसवें दिन रिजल्ट जारी किया गया है। इसमें एमए भूगोल अंतिम वर्ष में 94 फीसदी, एमए इतिहास अंतिम वर्ष में 96 फीसदी, एमए राजनीति में 95 फीसदी और एमएसडब्ल्यू में 95 फीसदी विद्यार्थी पास हुए हैं। रजिस्ट्रार मंडेरिया का कहना है कि शेष रिजल्ट तैयार कराए जा रहे हैं, जो जल्द ही उनकी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। विद्यार्थी को अपने रिजल्ट में संतुष्टि नहीं है, तो वह अपने रीजनल केंद्रों पर जाकर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

# खाट पर बैठकर सीएम ने लगाई चौपाल, किसानों से लिए सुझाव

## महिला किसानों ने सीएम से अपने अनुभव साझा किए, बड़वानी जिले के 25 किसानों को बनाया जाएगा मास्टर ट्रेनर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को बड़वानी के भीलट बाबा देवस्थल पर चौपाल लगाकर किसानों से संवाद किया और खेती किसानी व किसानों को कैसे मजबूत किया जाए, इस पर भी उनकी राय ली। चौपाल में महिला किसानों ने सीएम से अपने अनुभव साझा किए, तो सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया किसान और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार कभी भी कदम पीछे नहीं रखेगी। तकरीबन डेढ़ घंटे चली इस चौपाल के दौरान मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश ऐसा राज्य है, जो प्राकृतिक खेती के लिए पूरे देश में अपनी पहचान बनाए हुए है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिले, इसके लिए बड़वानी जिले के 25 किसानों को मास्टर ट्रेनर बनाने के लिए उन्हें दूसरे राज्यों में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा, जो प्रदेश में अन्य किसानों को प्रशिक्षित करेंगे। सीएम ने कहा कि किसानों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। अपने किसान भाइयों को समृद्ध बनाकर उन्हें राज्य की प्रगति के पथ पर ले जाएंगे। इस मौके पर सीएम ने एनआरएलएम की लखपति दीदियों, बड़वानी जिले के नेशनल खिलाड़ियोंऔर उन्नत किसानों के अनुभव सुने और उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रबुद्धजनों से भेंटकर कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं, ग्रामीणों, किसानों, खिलाड़ियों सहित समाज के सभी वर्गों की प्रगति के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से मदद उपलब्ध करा रही है।





### इन से लिए सुझाव और मांग भी की पूरी

चौपाल के सीएम ने हॉकी की नेशनल खिलाड़ी सुश्री स्नेहा मोहनिया से उनके खेल के बारे में पूछा। स्नेहा ने मुख्यमंत्री से बड़वानी में एस्ट्रो-टर्फ की सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया। इसी तरह एयर राइफल शूटिंग की नेशनल खिलाड़ी वैष्णवी महुले से भी चर्चा की और उन्हें राच्य स्तर की शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण दिलाने के लिए निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। शूटिंग क्लब प्रशिक्षण केंद्र संचालन कर रहे प्रशिक्षक नीरज को 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि बालिकाओं की ट्रेनिंग के सराहनीय कार्य के लिए देने की घोषणा भी की। उन्नत कृषक महेश पाटीदार ने अपने उत्पाद गुड़ की चाय के बारे में बताया। पाटीदार ने बताया कि उनकी गुड़ की चाय के पैकेट विक्रय के लिए अमेजॉन एवं अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है।

### खेतिया बनेगी आदर्श

मंडी सीएम ने चौपाल में किसानों को बताया कि यहां के किसानों की मांग थी कि खेतिया कृषि उपज मंडी को आदर्श उपज मंडी बनाया जाए। इसके लिए सरकार 10 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

### भीलट देव के दर्शन

सीएम और मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने पहली बार भीलट देव के दर्शन किए। इस मौके पर सीएम ने कहा कि दर्शन से मन प्रफुल्लित हो गया। निमाड़ महान संत सिंगाजी, दादा धूनिवाले जैसी विभूतियों की पावन भूमि है, जिन्होंने समरसता और सद्भाव का संदेश दिया। आपसी द्वेष और मतभेद भुलाकर प्रेम और भाईचारे के साथ होली का त्यौहार मनाने का संदेश देते हुए अग्रिम शुभकामनाएं दी गईं।

### हाट में ये हुए शामिल

सीएम की उपस्थिति ने भगोरिया हाट के उल्लास को और भी विशेष बना दिया। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अन्तर सिंह आर्य, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, जिले के प्रभारी मंत्री एवं कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद गजेन्द्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

### जुलवानिया भगोरिया हाट में शामिल हुए मुख्यमंत्री यादव

नागलवाड़ी कैबिनेट के बाद जुलवानिया पहुंचे और वहां उन्होंने भगोरिया उत्सव में भाग लिया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि भगोरिया केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ आनंद में झूमने का पर्व है। पर्व में महिला और पुरुष समान रूप से कदम से कदम मिलाकर नृत्य करते हैं और पारंपरिक वेशभूषा में लोक संस्कृति की अद्भुत छटा बिखेरते हैं। ताड़ी जैसे पारंपरिक पेय का आनंद भी इस उत्सव का हिस्सा है। जनजातीय संस्कृति की अपनी विशिष्ट पहचान और महत्व है। इसी परंपरा को संरक्षित करने के लिये राज्य सरकार ने इस पर्व को राजकीय पर्व का दर्जा देकर इसकी गरिमा को और बढ़ाया गया है। बड़वानी के जुलवानिया में भगोरिया हाट में उस समय उल्लास और उमंग का अनूठा दृश्य देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय बंधुओं के भगोरिया उत्सव में शामिल हुए। जनजातीय संस्कृति की जीवंत छटा से सजे इस पारंपरिक पर्व में मांदल की गूंजती थाप, पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित नर्तक-नर्तकियों की मनमोहक प्रस्तुतियां तथा गुलाल से रंगीन वातावरण ने भगोरिया को और भी आकर्षक बना दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय कलाकारों के साथ मांदल की थाप पर कदम मिलाकर उनकी कला और परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बेहतर प्रबंधन एवं सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से सूखे खेतों तक पानी पहुंचा है और फसलें लहलहा रही हैं। यहां विविध प्रकार के फसलें, फल और सब्जियों का उत्पादन हो रहा है। प्राकृतिक खेती को भी किसान उत्साहपूर्वक अपना रहे हैं, जिसके कारण बड़वानी जिले के फल एवं सब्जियों की मांग देश-विदेश में बनी हुई है। अब लक्ष्य है कि फसल को खेत से कारखाने तक पहुंचाया जाए और फूड प्रोसेसिंग के माध्यम से किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाया जाए।

### दस को मंत्रालय पर प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ एवं महासंघ से जुड़े समस्त स्वास्थ्य संगठनों के आह्वान पर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन जारी है। समस्याओं का निराकरण कर आदेश निर्देश समय रहते जारी नहीं किए गए तो, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित हजारों की संख्या में एकत्रित होकर कर्मचारी 10 मार्च को मंत्रालय पर प्रदर्शन करेंगे, इसके बाद हड़ताल पर जाने की तैयारी की जाएगी। आंदोलन के चतुर्थ चरण में 25 फरवरी को स्वास्थ्य संचालनालय जय प्रकाश चिकित्सालय परिसर पर प्रदेश के हजारों की संख्या में स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों ने जंगी प्रदर्शन किया और अपनी मांगों के समर्थन में निराकरण के लिए न्याय यात्रा के माध्यम से रैली निकालकर मुख्यमंत्री निवास पर ज्ञापन दिया और विभाग की वस्तुस्थिति से अवगत करवाया। महासंघ प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह कौरव ने जानकारी देते हुए बताया कि महासंघ पदाधिकारियो की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आंदोलन उग्र होगा, जब तक हमारी मांगो का निराकरण नहीं किया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। स्वास्थ्य विभाग मस्त है, विभाग के अधिकारी कर्मचारी त्रस्त हैं, जिससे प्रदेश के स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### जयपुर-इंदौर इंडिगो फ्लाइट कैंसिल होने से यात्री हुए परेशान

**जागरण, इंदौर।** इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर जयपुर आने-जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी हुई। इंडिगो एयरलाइंस की जयपुर-इंदौर-जयपुर फ्लाइट निरस्त कर दी गई, जिससे रात को आने और सुबह जाने वाले यात्री फंस गए। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार इंडिगो की फ्लाइट (6ई-7148/7274) रात 10.05 बजे जयपुर से इंदौर पहुंचती है और सुबह 6.35 बजे जयपुर के लिए रवाना होती है। लेकिन फ्लाइट के जयपुर से देरी से रवाना होने और इंदौर एयरपोर्ट के रनवे मरम्मत के कारण रात 10.30 बजे बंद हो जाने से विमान इंदौर नहीं आ सका। इसके चलते कंपनी को फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी। रात की फ्लाइट रद्द होने के कारण सुबह जयपुर जाने वाली फ्लाइट भी निरस्त करनी पड़ी। इससे जयपुर से इंदौर आने वाले यात्री जयपुर एयरपोर्ट पर ही अटक गए, जबकि सुबह जयपुर जाने वाले यात्री इंदौर में ही फंस गए।

# व्याख्याताओं को एरियर और 120 गेस्ट फैकल्टी को दो माह से नहीं मिला वेतन

### बेरंग होगी आरजीपीवी के कर्मचारियों की होली

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि के तीन दर्जन संविदा व्याख्याताओं को पचास-पचास हजार रुपये की एरियर की राशि अभी तक नहीं मिल पायी है। इसकी फाइल जनवरी से दौड़ रही है। हालांकि आरजीपीवी ने यूआईटी (यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी) भोपाल, शिवपुरी, शहडोल और झाबुआ के संविदा व्याखाताओं को उक्त एरियर की राशि के पचास-पचास हजार रुपये आवंटित कर दिए गए हैं। आरजीपीवी प्रबंधन सिर्फ यूटीडी और पालीटेक्निक के व्याख्याताओं के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। इस संबंध में वे कई बार आरजीपीवी प्रबंधन से गुहार तक लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक एरियर नहीं मिला है। यूटीडी में कार्यरत करीब




120 गेस्ट फैकल्टी को जनवरी और फरवरी माह का वेतन भी नहीं दिय गया है। इससे त्योहार के समय आर्थिक स्थिति लड़खड़ा गही है। वेतन नहीं मिलने से आरजीपीवी के कर्मचारियों की होली भी बेरंग होगी। इधर उनकी ईएमआई और लोन की किस्त पर पैनाल्टी लगना शुरू हो गई है।

### कार्यपरिषद ने दिया था निर्णय

आरजीपीवी में पढ़ा रहे 37 संविदा व्याख्याताओं का मानदेय 37 हजार रुपए प्रतिमाह था। गत वर्ष कार्यपरिषद ने एआईसीटीई के नियमों को देखते हुए उनके मानदेय में 13 हजार रुपए की बढ़ोतरी कर 50 हजार कर दिया था। व्याख्याताओं को नये मानदेय से भुगतान होने लगा है, लेकिन चार माह के एरियर की राशि का भुगतान नहीं किया गया। उक्त फाइल कुलसचिव कार्यालय पहुंच गई है। कुलसचिव अवधेश शर्मा की स्वीकृति मिलते ही एरियर की राशि व्याख्याताओं के खाते में पहुंच जाएगी। इधर, आरजीपीवी के प्रोफेसरों का कैरियर एडवांस स्कीम (केस) भी करीब दो साल से अटका है। इसकी फाइल भी तैयार होकर कुलगुरु एससी चौबे के पास पहुंच गई है।

> सभी कर्मचारियों के वेतन जारी कर दिए गए हैं, जो उन्हें जल्द मिल जाएगा। व्याख्याताओं की एरियर की समस्या का निराकरण कर दिया गया है, जो अगले सप्ताह तक जारी कर दिया जाएगा।
> ■ **प्रो एससी चौबे**, कुलगुरु, आरजीपीवी

### रोके गये वेतन के दावे पर लो उचित निर्णय

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जिला पंचायत मंडला के सीईओं को निर्देशित किया है कि याचिकाकर्ता का रोका गया वेतन ब्याज सहित भुगतान करें। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने इसके लिए 60 दिन की मोहलत दी है। एकलपीठ ने कहा है कि यदि आवेदक पात्र है तो उसके अभ्यावेदन पर उचित निर्णय ले। मंडला निवासी ज्ञानी विजय पाल की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता सुशील मिश्रा एवं कंचन मिश्रा पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि बिना कोई कारण बताए याचिकाकर्ता पंचायत सचिव का वेतन रोक दिया गया है। याचिकाकर्ता ने सीईओं को अभ्यावेदन देकर मांग की थी कि वेतन सहित अन्य लाभ ब्याज सहित अदा करें। कोई कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि यदि याचिकाकर्ता पात्र है तो उसके अभ्यावेदन का निराकरण करें।

# अवैध उत्खनन से 30 हजार करोड़ का नुकसान : सपा

## छतरपुर जिले में अवैध तौर ग्रेनाइट खनन का मामला

**विसं, भोपाल।** समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया है कि छतरपुर जिले में अवैध तौर ग्रेनाइट खनन किया गया है, जिससे सरकार को 30 हजार करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ है। पार्टी ने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई या न्यायिक निगरानी में कराने की मांग की है। सोमवार को पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.मनोज यादव ने इस संबंध में पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका का हवाला देते हुए कहा कि इस संबंध में छतरपुर जिले के ग्राम पंचायत भेरा के सरपंच द्वारा याचिका दायर की गई है। जिसमें आरोप है कि वर्ष 1997 से किसान मिनरल्स प्रालि. ने मड़वा,सितलतपुरा समेत अन्य क्षेत्रों में अवैध खनन किया गया। उन्होंने बताया कि याचिका के अनुसार 1997 के जॉइंट वेंचर एग्रीमेंट में 200 प्रतिशत लोकल डेवलपमेंट फीस (रॉयल्टी) देने का प्रावधान था, किन्तु कंपनी द्वारा न तो निर्धारित फीस जमा की, न बैंक गारंटी जमा की गई और न ही प्रस्तावित प्लांट स्थापित किया गया। इसके बावजूद छतरपुर जिले में खनन कार्य जारी रहा। यादव ने आरोप लगाया कि इस मामले में 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की संभावित राजस्व हानि का हुई है। 2005 के बाद रॉयल्टी दरों में वृद्धि होने के बावजूद कंपनी को नियमों के विरुद्ध मात्र 800 रुपये प्रति घन मीटर की दर पर लाभ दिए जाने का भी आरोप है। यादव ने कहा कि उनका दल चाहता है कि प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजा एवं पर्यावरणीय पुनर्स्थापन की व्यवस्था की जाए और जांच पूरी होने तक संबंधित खनन गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# एमपीपीएससी पहुंची गड़बड़ी की रिपोर्ट, होली बाद कार्रवाई

## कमला नेहरू स्कूल में गलत बुकलेट बांटने का मामला

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की रविवार को सेट-2025 (राज्य पात्रता परीक्षा) में रविवार को हुई गड़बड़ी की रिपोर्ट तैयार कर पर्यवेक्षक ने भेज दी है। अभी एमपीपीएससी के पास परीक्षा सामग्री पहुंच रही है। दो दिन का अवकाश होने के कारण कार्रवाई टल गई है। अब एमपीपीएससी होली बाद पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट खोलकर परीक्षण करेगा। वहीं उज्जैन की स्मार्ट वॉच से नकल करने वाले उम्मीदवारों की रिपोर्ट और यूएफएम प्रकरण भेज दिए गए हैं। उक्त सभी प्रकरणों में होली बाद ही कार्रवाई ही कार्रवाई की जाएगी। एमपीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक ने विज्ञाप्ति जारी करते हुए कहाकि भोपाल के कमला नेहरू हायर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को दूसरे विषयों की बुकलेट त्रुटिबस आवंटित कर दी गई थीं। उन्हें आधा घंटा बाद वापस लेकर सील बंद पेपर देकर परीक्षा कराई गई है। उक्त घटनाक्रम में जितना समय खराब हुआ था उतना अतिरिक्त समय देकर परीक्षा कराई गई है। सोशल मीडिया पर पेपर लीक होने की सूचना प्रेषित की गई है। वह पूर्णतः गलत है।

### 43 हजार परीक्षा देने से चूके

एमपीपीएससी ने प्रदेश के 12 संभागीय मुख्यालयों पर सेट का आयोजन किया है। परीक्षा में शामिल करने के लिए प्रदेशभर में 390 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसमें एक लाख 46 हजार परीक्षर्थियों को शामिल करने प्रवेश पत्र जारी किए गए थे। परीक्षा में एक लाख तीन हजार परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। करीब 43 हजार उम्मीदवार परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्रों तक नहीं पहुंचे हैं।

> कमला नेहरू हायर सेकंडरी स्कूल में हुई गड़बड़ी की परीक्षा सामग्री और रिपोर्ट आ चुकी है। आगामी कार्यालयीन दिवस पर कार्रवाई तय की जाएगी। पेपर लीक की सूचना पूणतः गलत है।
> ■ **आर पंचभाई**, ओएसडी एमपीपीएससी

### मप्र चुनाव प्रक्रिया समाप्त हो चुकी इसलिए नहीं दी जा सकती राहत

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने जनपद पंचायत अध्यक्ष के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका निरस्त कर दी है। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को नियमानुसार उचित फोरम में आगे की कार्रवाई को चुनौती देने की स्वतंत्रता दी है। दरअसल डिंडोरी निवासी पूर्व जनपद पंचायत करंजिया के अध्यक्ष चरण सिंह धुर्वे ने याचिका दायर कर कलेक्टर के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसके तहत जनपद पंचायत करंजिया के रिक्त पद पर 27 फरवरी 2026 को चुनाव कराने की व्यवस्था की थी। शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता प्रभांशु शुक्ला ने बताया कि यह पद 9 फरवरी को खाली हो गया था। याचिकाकर्ता ने कमिश्नर के समक्ष अपील की थी। अपील पर निर्णय नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। सुनवाई के बाद न्यायालय ने कहा कि चूंकि चुनाव प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है और 27 फरवरी 2026 का प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है, इसलिए याचिकाकर्ता को कोई राहत नहीं दी जा सकती।

**जपं अध्यक्ष के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज**

# पार्टी गाइडलाइन ने भोपाल भाजपा की सूची से कइयों को किया बाहर

## सूची में सिर्फ 25 कार्यकर्ताओं को ही सौंपे गए हैं अलग-अलग दायित्व

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा की गाइडलाइन ने भोपाल की जिला टीम में शामिल होने का सपना देखने वाले कार्यकर्ताओं को निराश किया है। आलम यह है कि जिले की होल्ड सूची में से सिर्फ 7 कार्यकर्ताओं को ही फिर से पदों पर बैठाया गया है। इतना ही पहले के मुकाबले सूची भी छोटी कर दी गई है। गौरतलब है कि 10 फरवरी को भोपाल जिले की 37 सदस्यीय जिला टीम की घोषणा की गई थी। लेकिन स्थानीय विधायकों व अन्य नेताओं की आपत्ति के उपरांत महज 15 मिनट में ही सूची को होल्ड कर दिया गया था। 19 दिन बाद रविवार को नई सूची जारी हुई तो पहली सूची में शामिल कई नाम नदारत मिले। पहली सूची में शामिल 7 कार्यकर्ताओं को ही पदों की जिम्मेदारी दी गई है। इतना ही नहीं सूची में 25 कार्यकर्ताओं को ही अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं, जबकि होल्ड सूची में 37 कार्यकर्ताओं को पद बांटे गए थे। भाजपा से जुड़े सूत्रों की मानें तो वरिष्ठ नेतृत्व के निर्देश पर सूची को छोटा किया गया है। जिसमें विधायकों के दो-




दो समर्थकों के अलावा दूसरे वरिष्ठ नेताओं की भी सिफारिश मानी गई है। बताया जा रहा है कि पार्टी ने नए सिरे से सूची तैयार करने के निर्देश देते वक्त जिलाध्यक्ष और स्थानीय विधायकों व नेताओं को गाइडलाइन से अवगत करा दिया था। जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि एक व्यक्ति एक पद के निर्देश का पालन किया जाए। कहा जा रहा है कि इस गाइडलाइन की वजह से होल्ड सूची में पद पाने वाले कई एमआईसी सदस्यों और पार्षद को बाहर किया गया है। इसी तरह उन कार्यकर्ताओं को भी जिले की टीम में नहीं रखा गया,जिनके द्वारा पूर्व में पार्टी के खिलाफ जाकर काम किया है।

### कुछ पद रखे गए खाली

पिछली भोपाल जिला टीम में 9 उपाध्यक्ष,तीन महामंत्री,9 मंत्री व एक मीडिया प्रभारी के पदों पर कार्यकर्ताओं को बैठाया गया था। लेकिन इस नई सूची में 8 उपाध्यक्ष,7 मंत्री पदों पर घोषणा हुई है,जबकि जिला मीडिया पद पर कोई नियुक्ति नहीं की गई है। यानि कि भविष्य में जिला अध्यक्ष एक उपाध्यक्ष,दो मंत्री और एक जिला मीडिया प्रभारी पद पर नियुक्ति कर सकते है।

### पहली बार हुआ ऐसा

जानकारों की मानें तो भोपाल जिले में पहली बार घोषित सूची को होल्ड किया गया और पहले की तुलना में जारी छोटी सूची में अधिकांश नए चेहरों को जगह दी गई। ऐसे में जिन कार्यकर्ताओं को पहले पद सौंपे गए थे,वे अब अपने राजनैतिक भविष्य को लेकर चिंतित बताए जा रहे है। कहा जा रहा है कि पार्टी की गाइडलाइन की वजह से चाह कर भी जिलाध्यक्ष पहले बनाए गए कार्यकर्ताओं को पद नहीं दिला सके।

# महापौर चुनाव रिकाउंटिंग विवाद में मेयर की आपत्तियां खारिज

## न्यायालय ने चुनाव याचिका को सुनवाई योग्य माना



**जागरण, उज्जैन।** नगर निगम के महापौर चुनाव 2022 के मामले में कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। प्रधान जिला न्यायाधीश पीसी गुप्ता की कोर्ट ने चुनाव याचिका को सुनवाई योग्य मानते हुए प्रत्यर्थी क्रमांक-1 (महापौर), प्रत्यर्थी क्रमांक-4 (निर्दलीय प्रत्याशी बाबूलाल चौहान) और प्रत्यर्थी क्रमांक-5 (जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर) की ओर से लगाए आवेदनों को खारिज कर दिया है। अब इस चुनाव याचिका पर अदालत में आगे की सुनवाई होगी। दरअसल ये फैसला उज्जैन नगर निगम महापौर चुनाव 2022 से जुड़े विवाद को लेकर आया है। चुनाव याचिका पर सुनवाई का रास्ता साफ होने से सियासी हलचल बढ़ गई है। दरअसल ये सारा विवाद 60 वैध मतों को लेकर है जो अनुचित रूप से अस्वीकृत कर दिए गए थे। याचिका के अनुसार रिटर्निंग ऑफिसर ने पहले तो आश्वासन दिया कि यदि आंकड़े गलत पाए गए तो दोबारा से गिनती होगी। लेकिन बाद में मांग नहीं मानी गई और कोई गिनती नहीं कराई गई। सबसे गंभीर और बड़े आरोप मतदान केंद्र क्रमांक 274 को लेकर है। दावा किया गया है कि वहां परमार को 277 मत मिले थे, लेकिन रिकॉर्ड में 217 मत दर्शाए गए, जिसे लेकर काफी विवाद हुआ था। महापौर चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार ने परिणाम को चुनौती दी है। कांग्रेस प्रत्याशी परमार ने आरोप लगाया कि मतगणना के बाद घोषित आंकड़े असत्य थे और उन्होंने लिखित रूप से पुनर्मतगणना की मांग की थी। महापौर मुकेश टटवाल, निर्दलीय प्रत्याशी बाबूलाल चौहान के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर ने आवेदन देकर याचिका को प्रारंभिक स्तर पर खारिज करने की मांग की थी। अदालत ने इन दलीलों को अस्वीकार कर दिया है और कहा है कि साक्ष्यों के आधार पर ही असलियत का पता लगेगा। अदालत ने साफ किया कि बिना साक्ष्य के यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि याचिका झूठी है या निराधार है। लिहाजा इस फैसले के बाद महापौर की कुर्सी को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है।

### रिकवरी निकालने वाला सीएमएचओं का आदेश कोर्ट ने किया निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सीएमएचओं सिवनी के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसके तहत मलेरिया कर्मी के खिलाफ रिकवरी निकाली गई थी। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने सरकार को छह फीसदी ब्याज के साथ याचिकाकर्ता को राशि लौटाने के निर्देश दिए हैं।यह मामला सिवनी निवासी चंदुलाल निखारे की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि सीएमएचओं द्वारा यह कहते हुए रिकवरी निकाली गई कि याचिकाकर्ता दैनिक वेतनभोगी है, इसलिए उसे दी गई क्रमोन्नति वापस ली जाएगी। याचिकाकर्ता की ओर से दस्तावेज प्रस्तुत कर बताया गया कि उसे 18 मार्च 2011 को नियमित कर दिया गया है। नियमित कर्मचारी से क्रमोन्नति की राशि वापस नहीं ली जा सकती। जिसके बाद न्यायालय ने रिकवरी को अनुचित करार देते हुए उसे निरस्त कर दिया।

### वीआईटी में खुला अस्पताल अवैध संचालन का आरोप

**नगर संवाददाता, भोपाल।** सीहोर जिले में स्थित वैल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) में डेनेशिया अपोलो डेंटल अस्पताल खोला गया है। इसका शुभारंभ विश्वविद्यालय की ट्रस्टी रामानी बाल सुंदरम द्वारा किया गया है। इस अस्पताल को खुले अभी एक दिन ही हुआ है और इस पर आरोप लगना शुरू हो गए हैं। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने आरोप लगाया है कि अस्पताल का संचालन बिना शासकीय अनुमतियों के किया जा रहा है। परमार ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में लगभग 18,000 विद्यार्थी अध्ययनरत एवं निवासरत हैं। ऐसे में बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति, पंजीयन एवं आवश्यक लाइसेंस के अस्पताल/क्लिनिक का संचालन किया जाना न केवल मध्यप्रदेश नर्सिंग होम स्थापना अधिनियम, 1973 एवं अन्य लागू स्वास्थ्य कानूनों का उल्लंघन है, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन एवं स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है। वीआईटी कुछ महीने में पहले सुर्खियों में आया था। जब यहां एक साथ कई छात्र बीमार पड़ गए थे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### तेहरान में इजराइल ने मचाई...


के 1,000 से अधिक ठिकानों पर हमले किए गए और तीन दिनों में ३,000 से ज्यादा बम गिराए गए। इस बीच, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि बी-1 लंबी दूरी के बॉम्बर से ईरान की मिसाइल क्षमताओं को निशाना बनाया गया। इजराइली सेना ने तेहरान में रक्षा मुख्यालय और अन्य सरकारी इमारतों पर हमलों का फुटेज जारी किया है। लेबनान में इजराइली हमलों में मरने वालों की संख्या 52 बताई जा रही है। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन ने सीजफायर पर जोर दिया है और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने परमाणु वॉरहेड की संख्या बढ़ाने की घोषणा की है। इसके अलावा, कतर ने दावा किया है कि उसने दो ईरानी लड़ाकू विमान मार गिराए और कई मिसाइलें इंटरसेप्ट कीं।

वहीं स्पेन ने अमेरिका को अपने सैन्य अड्डों के इस्तेमाल से इनकार कर दिया है। कुवैत में लड़ाकू मिशन के दौरान तीन अमेरिकी एफ-15 ई स्ट्राइक ईगल गिराए जाने की खबर है। हालांकि सभी पायलट सुरक्षित बताए गए। बहरीन के बंदरगाह में अमेरिकी ध्वज वाले टैंकर स्टेना इम्पीरेटिव पर दो अज्ञात प्रोजेक्टाइल लगे, जिससे आग लगी, जिसे बाद में बुझा लिया गया।

इधर भारत में खामेनेई की मौत के बाद कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। श्रीनगर के बेमिना इलाके में सुरक्षा बलों ने आंसू गैस और लाठीचार्ज किया गया और कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। पाकिस्तान के कराची, लाहौर और इस्लामाबाद में भी अमेरिकी ठिकानों के बाहर प्रदर्शन हुए। कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर हिंसा में 35 लोगों की मौत की खबर है। गिलगित-बाल्टिस्तान में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और सरकारी इमारतों को नुकसान पहुंचाया गया; फायरिंग में सात प्रदर्शनकारियों की मौत बताई गई।

अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीधे आदेश पर 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' शुरू किया गया। यह इतिहास का सबसे घातक, जटिल और सटीक हवाई अभियान है।' उनका कहना था कि '47 वर्षों से तेहरान का विस्तारवादी इस्लामी शासन अमेरिका के खिलाफ परोक्ष युद्ध छेड़े हुए था- अब हमने रेखा खींच दी है।' हेगसेथ ने कहा है कि हमने यह युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में इसे समाप्त करेंगे।' वहीं, ट्रंप ने संकेत दिया कि यह 'कभी न खत्म होने वाला युद्ध' नहीं होगा, हालांकि उन्होंने चेतावनी दी-'अगर आप कहीं भी अमेरिकियों को मारेंगे या धमकी देंगे, तो हम बिना हिचक जवाब देंगे।'

## बाजार पर नजर




शेयर बाजार में आज

-1048

80,239

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Bharat Elec | 456.70 | 2.08% |
| Hindalco | 945.40 | 1.65% |
| ONGC | 293.00 | 0.89% |
| Sun Pharma | 1759 | 0.89% |
| Dr Reddys Labs | 13000 | 0.63% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Interglobe Avi | 4,500.00 | 6.36% |
| Larsen | 3,975.40 | 4.95% |
| Adani Ports | 1,430.00 | -3.33% |
| Maruti Suzuki | 14,204.00 | -3.16% |
| TMPV | 355.50 | -3.15% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 91.4700 |
| € यूरो | 107.33 |
| ¥ येन | 0.5828 |
| £ पौंड | 122.32 |

# युद्ध के कारण बासमती का व्यापार हिला, नुकसान का डर

**चंडीगढ़, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद बढ़े तनाव का असर भारत के बासमती चावल निर्यात पर साफ दिखाई देने लगा है। पंजाब और हरियाणा, जो देश के लगभग 75 फीसदी प्रीमियम बासमती निर्यात के लिए जिम्मेदार हैं, वहां के निर्यातकों को भारी नुकसान की आशंका है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा बासमती निर्यातक है और वैश्विक उत्पादन में उसकी हिस्सेदारी 70 फीसदी से अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने करीब 60 लाख टन बासमती चावल का निर्यात किया, जिसकी कुल कीमत लगभग 50,000 करोड़ रुपये रही। इसमें से करीब आधा निर्यात पश्चिम एशियाई देशों को गया। इंडियन राइस एक्सपोर्ट्र्स फेडरेशन (आईआरईएफ) ने हालात को देखते हुए अपने सदस्यों को ईरान और खाड़ी देशों के साथ नए 'कॉस्ट, इंश्योरेंस एंड फ्रेट' (सीआईएफ) अनुबंध न करने की सलाह दी है। निर्यातकों को 'फ्री ऑन बोर्ड' (एफओबी) आधार पर सौदे करने को कहा गया है, ताकि भाड़ा और बीमा जोखिम विदेशी खरीदार वहन करें। आईआरईएफ के अनुसार, सऊदी अरब, ईरान, इराक, संयुक्त अरब अमीरात और यमन ये पांच देश मिलकर भारत के कुल बासमती निर्यात का लगभग 50 फीसदी हिस्सा लेते हैं।



पंजाब बासमती एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह जोसन ने कहा कि यदि युद्ध लंबा चला तो भारत-ईरान के बीच दशकों पुराना व्यापार ठप हो सकता है। इससे निर्यातकों को नुकसान होगा और घरेलू बाजार में बासमती के दाम गिर सकते हैं, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक, कुछ शिपिंग कंपनियों ने बीच रास्ते में कार्गो जहाज रोक दिए हैं। हाल के महीनों में भारत से ईरान को सीधी खेप कम हो गई थी और लगभग तीन लाख टन बासमती जेबेल अली बंदरगाह के जरिए ईरान भेजा गया। अब रेड सी और होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते जोखिम से शिपमेंट और महंगा व अनिश्चित हो गया है। निर्यातकों को भुगतान में देरी और बैंकिंग प्रतिबंधों की भी आशंका है। कुछ जहाजों द्वारा अतिरिक्त शुल्क की मांग की खबरें भी सामने आई हैं। ईरान के गवर्नमेंट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ने हाल ही में 1.6 लाख टन भारतीय बासमती का ऑर्डर जारी किया था, लेकिन मौजूदा हालात में इसकी डिलीवरी पर सवाल खड़े हो गए हैं। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच पश्चिम एशियाई देशों को 27,197 करोड़ रुपये का बासमती निर्यात हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि तनाव जारी रहा तो न केवल निर्यात, बल्कि घरेलू कीमतों और किसानों की आय पर भी गहरा असर पड़ सकता है।

### पश्चिम एशिया तनाव का असर

# बाजारों में भारी गिरावट रुपया 91.26 प्रति डॉलर

**मुंबई, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव का सीधा असर भारतीय शेयर बाजार और रुपये पर पड़ा है। सोमवार को शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स में 2,700 अंकों से अधिक की गिरावट दर्ज की गई, जबकि निफ्टी करीब 520 अंक टूट गया। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि पश्चिम एशिया में हालात कई हफ्तों तक तनावपूर्ण बने रहते हैं और कच्चे तेल की कीमतें 90 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाती हैं, तो सेंसेक्स 75,000 के नीचे फिसल सकता है।

### रुपया भी दबाव में

विदेशी मुद्रा बाजार में भारतीय रुपया भी कमजोर हुआ और डॉलर के मुकाबले 91.26 के स्तर तक गिर गया। कच्चे तेल की कीमतों में संभावित उछाल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने रुपये पर दबाव बढ़ाया है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा तेल आयात करता है, इसलिए वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी का असर सीधे चालू खाते और मुद्रा पर पड़ता है।



### इन सेक्टरों पर ज्यादा असर

बैंकिंग, ऑटो और एविएशन शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई। ऊंची तेल कीमतों से इन सेक्टरों की लागत बढ़ने की आशंका है। वहीं, आईटी और फार्मा जैसे निर्यात-आधारित सेक्टरों को रुपये की कमजोरी से कुछ राहत मिल सकती है।

**निवेशकों के लिए संकेत:** बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा गिरावट वैश्विक अनिश्चितता से जुड़ी है। यदि तनाव कम होता है तो बाजार में रिकवरी संभव है, लेकिन लंबे समय तक अस्थिरता बनी रही तो निवेशकों को सतर्क रहने की जरूरत होगी।

## गिरफ्तारी का जीएसटी चोरी से संबंध नहीं : फिनो बैंक

**मुंबई, जेएनएन।** फिनो पेमेंट्स बैंक ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उसके प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ऋषि गुप्ता की गिरफ्तारी का बैंक की जीएसटी अनुपालन से कोई संबंध नहीं है। बैंक ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी (एक्सचेंज फाइलिंग) में कहा कि जांच कुछ प्रोग्राम मैनेजरों से जुड़ी है, जो कई बैंकों के साथ संबद्ध थे, और बैंक पूरी तरह से जीएसटी नियमों का पालन कर रहा है। गौरतलब है कि तीन दिन पहले जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीई) ने कथित जीएसटी उल्लंघन के मामले में ऋषि गुप्ता को गिरफ्तार किया था। जीएसटी विभाग का आरोप है कि करीब 3,000 करोड़ रुपये के जीएसटी बकाये का मामला है। हालांकि बैंक ने इन आरोपों से इनकार किया है। इस घटनाक्रम के बाद बैंक के शेयरों में सोमवार सुबह भारी गिरावट देखी गई। कारोबार के शुरुआती घंटों में शेयर करीब 14 फीसदी तक टूट गया। हालांकि दोपहर तक इसमें सुधार हुआ, फिर भी शेयर लगभग 2 फीसदी गिरकर 188.50 रुपये पर बंद हुआ।




## होली पर 3 मार्च को शेयर बाजार बंद रहेगा

**मुंबई, जेएनएन।** देशभर में होली की तारीख को लेकर जारी कन्फ्यूजन के बीच नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने अपनी छुट्टियों का कैलेंडर साफ कर दिया है। शेयर बाजार आज होली के अवसर पर बंद रहेंगे। इस दौरान इक्विटी, डेरिवेटिव और एसएलबी सेगमेंट में कोई कामकाज नहीं होगा। हालांकि, कमोडिटी मार्केट के समय में थोड़ा बदलाव किया गया है। मंगलवार को शेयर बाजार पूरी तरह बंद रहने के साथ ही मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज भी सुबह के सेशन में बंद रहेगा। हालांकि, निवेशकों के लिए शाम का सेशन खुला रहेगा।

# ईरान संकटः परिधान निर्यातकों की कार्गो जुर्माना माफ करने की मांग

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** परिधान निर्यातकों के संगठन एईपीसी ने सोमवार को कहा कि उसने नागर विमानन मंत्रालय को पत्र लिखकर पश्चिम एशिया संकट की वजह से उड़ान में व्यवधान के कारण निर्यात कार्गो पर विलंब शुल्क माफ करने की मांग की है। कार्गो टर्मिनल ऑपरेटर्स की मौजूदा शुल्क संरचना के तहत, विलंब शुल्क तब लागू होता है जब कार्गो निर्धारित मुक्त अवधि के बाद टर्मिनल सुविधाओं में रहता है। हालांकि, एईपीसी ने तर्क दिया कि वर्तमान परिस्थितियां वैश्विक हवाई लॉजिस्टिक्स श्रृंखला में एक असाधारण और अपरिहार्य व्यवधान पैदा करती हैं। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद के चेयरमैन ए शक्तिवेल ने कहा, ऐसे मामलों में विलंब शुल्क लगाने से उन निर्यातकों पर अनुचित वित्तीय बोझ पड़ेगा जो पहले से ही निर्यात खेप में देरी, अनुबंध संबंधी अनिश्चितताओं और बाजार से संबंधित चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।' शक्तिवेल ने यह भी सुझाव दिया कि नागर विमानन महानिदेशालय निर्यात खेपों पर विलंब शुल्क की छूट देने के लिए सीटीओ को उपयुक्त निर्देश जारी करने पर विचार करे, जिन्हें उड़ान व्यवधान, हवाई क्षेत्र प्रतिबंध, या जारी अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों से उत्पन्न संबंधित परिचालन बाधाओं के कारण उठाया नहीं जा सका है। इस तरह के हस्तक्षेप से निर्यातक समुदाय को बहुत जरूरी राहत मिलेगी और इस चुनौतीपूर्ण चरण के दौरान भारत के एयर कार्गो व्यापार में विश्वास और निरंतरता बनाए रखने में मदद मिलेगी। शक्तिवेल ने कहा कि अप्रत्याशित घटनाक्रम ने भारतीय हवाई अड्डों से विभिन्न अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक निर्यात कार्गो की समय पर आवाजाही को सीधे प्रभावित किया है। उन्होंने पत्र में कहा, ''परिणामस्वरूप, निर्यात खेप वर्तमान में भारत भर में कई हवाई अड्डों के कार्गो टर्मिनल पर फंसी हुई है।



# बफे की विरासत संभालना सबसे कठिनः एबेल

## निवेशक बफे के उत्तराधिकारी का पहला रिजल्ट; कमाई 29 प्रतिशत घटी

**न्यूयार्क, जेएनएन।** निवेश की दुनिया के 'ओरेकल' वॉरेन बफे की कुर्सी संभालना कांटों भरे ताज से कम नहीं है। बर्कशायर हैथवे की चौथी तिमाही के नतीजे निराशाजनक रहे। ऑपरेटिंग अर्निंग्स 14.56 अरब डॉलर से गिरकर 10.2 अरब डॉलर पर आ गई। यानी करीब 29 प्रतिशत की गिरावट। इंश्योरेंस कारोबार सबसे बड़ा दर्द बना। अंडरराइटिंग प्रॉफिट 54 प्रतिशत गिरकर 1.56 अरब डॉलर रह गया, जो एक साल पहले 3.41 अरब डॉलर था। इंश्योरेंस इन्वेस्टमेंट इनकम भी 25 प्रतिशत घटकर 3.1 अरब डॉलर पर आ गई। पूरे साल 2025 की बात करें तो ऑपरेटिंग अर्निंग्स 47.44 अरब डॉलर से घटकर 44.49 अरब डॉलर रही। कुल मिलाकर, यह बफे के आखिरी दौर में कमजोर पड़ती कमाई की तस्वीर है और नए सीईओ ग्रेग एबेल को यही विरासत मिली है। निवेशकों को लिखे अपने पहले पत्र में एबेल ने कहा कि बफे की विरासत संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है।

नए सीईओ ने एपल जैसे बड़े निवेश में बने रहने के संकेत दिए। एबेल ने कई अहम सवालों के जवाब दिए, जो निवेशकों के मन में बफे की विदाई के बाद से घर कर गए थे। एबेल ने इसे ड्राई पाउडर कहा। यानी वह पूंजी जो सही मौका आने पर लगाई जाएगी। स्पष्ट किया कि बर्कशायर ट्रेजरी बॉन्ड पकड़े रहने से ज्यादा उत्पादक कारोबार में निवेश को तरजीह देता है। डिविडेंड मिलेगा या नहीं पर उनका जवाब साफ था-नहीं। जब तक एक डॉलर रोककर उससे एक से ज्यादा का मूल्य बनाया जा सकता है, डिविडेंड नहीं दिया जाएगा। क्या कंपनी का शेयर बायबैक का इरादा है इस पर एबेल ने कहा कि बायबैक तभी होगा जब शेयर अपनी वास्तविक कीमत से नीचे ट्रेड करें।

### जापानी कंपनियों में दोगुना मुनाफा हुआ

एबेल ने बताया कि पांच जापानी ट्रेडिंग हाउसेज में बर्कशायर का निवेश कागज पर दोगुने से भी ज्यादा हो गया है। यह बफेट की उस रणनीति की जीत है जो एबेल को विरासत में मिली और जिसे वे आगे बढ़ाने का इरादा रखते हैं।

**एक्सपर्ट व्यू** - वैश्विक फर्म सीएफआरए रिसर्च की विश्लेषक कैथी सेफर्ट ने पत्र को ए ग्रेड दिया। उनके अनुसार एबेल ने वह किया जो जरूरी था। यह संदेश दिया कि बर्कशायर वही रहेगी जो बफेट ने बनाई। ग्लेनव्यू ट्रस्ट के सीआईओ बिल स्टोन ने इसे असाधारण बताया।

# सेबी ने कॉफी डे एंटरप्राइजेज पर 38 लाख का जुर्माना ठोका

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड और उसके कई अधिकारियों पर वित्तीय विवरण तैयार करते समय जरूरी वित्तीय लेखाजोखा (अकाउंटिंग) और खुलासा जरूरतों का अनुपालन न करने के लिए कुल 38 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अपने आदेश में, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पाया कि कंपनी ने अपने एकल और एकीकृत वित्तीय विवरण, साथ ही तिमाही वित्तीय परिणाम तैयार करने और पेश करने में भारतीय वित्तीय लेखाजोखा मानकों का पालन नहीं किया। नियामक ने यह भी पाया कि कंपनी ने कंपनी कानून, 2013 के तहत तय वित्तीय लेखाजोखा मानकों से अलग होने के कारणों का खुलासा नहीं किया। वर्ष- वित्त वर्ष 2020-21, वित्त वर्ष 2021-22, वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एकल और एकीकृत वित्तीय विवरण दोनों में उधार पर ब्याज लागत को न पहचानने से संबंधित था। यह चूक 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुई तिमाही से लेकर 30 सितंबर, 2024 तक के तिमाही नतीजों तक भी फैली हुई है, जिसमें 15 तिमाहियां शामिल हैं। आॅदेश के मुताबिक, सेबी ने कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।




### अधिकारियों पर लगाया अर्थ दंड

इसके अलावा, अधिकारियों पर उन वित्तीय विवरण को मंजूरी देने और उनकी देखरेख करने में उनकी भूमिका के लिए जुर्माना लगाया गया है, जो भारतीय वित्तीय लेखाजोखा मानकों (इंड ए एस) और ज़रूरी खुलासा की जरूरतों का पालन नहीं करते थे। आदेश में कहा गया है कि अधिकारियों में, मालविका हेगड़े, एस वी रंगनाथ और के आर मोहन, स्वतंत्र निदेशक पर 5-5 लाख रुपये, सी एच वसुंधरा देवी, गिरी देवनूर और आई आर रवीश पर 3-3 लाख रुपये, राम मोहन पर दो लाख रुपये, सदानंद पुजारी और अल्बर्ट हिरोनिमस पर 1-1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 19.4 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई, जेएएन।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार मूल्यांकन प्रभाव सहित बाजार मूल्य पर अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान 19.4 अरब डॉलर बढ़ गया, जबकि अप्रैल-दिसंबर 2024 में 10.7 अरब डॉलर की कमी हुई थी। भुगतान संतुलन के आधार पर, मूल्यांकन प्रभावों को छोड़कर, अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में 30.8 अरब डॉलर की कमी आई, जबकि अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान 13.8 अरब डॉलर की कमी हुई थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान भारत में विदेशी मुद्रा भंडार में बदलाव के स्रोत जारी किए। मूल्यांकन लाभ, जो मुख्य रूप से सोने की ऊंची कीमत, प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मूल्यह्रास और कम बांड प्रतिफल को दर्शाता है, अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान 3.1 अरब डॉलर से बढ़कर अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान 50.2 अरब डॉलर हो गया। चालू खाते के शेष में अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान 30.2 अरब डॉलर का घाटा दर्ज किया गया, जबकि अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान 36.7 अरब डॉलर का घाटा हुआ था। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान, पूंजी खाता घाटा 0.6 अरब डॉलर था, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 22.9 अरब डॉलर का अधिशेष था।

# यूरोपीय प्राकृतिक गैस में 42.6 प्रतिशत की तेजी

**फ्रैंकफर्ट, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता की तरफ से आपूर्ति बंद होने से यूरोपीय प्राकृतिक गैस वायदा में 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसीई कमोडिटी एक्सचेंज पर अप्रैल डिलीवरी का वायदा अनुबंध 45.46 यूरो तक पहुंच गया। यह उछाल तब आया जब कतर-एनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया में युद्ध भड़कने के कारण तरल प्राकृतिक गैस का उत्पादन बंद कर देगा। सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी ने इस फैसले के लिए युद्ध को जिम्मेदार ठहराया। कतर यूरोप के लिए एक प्रमुख गैस आपूर्तिकर्ता है। यूरोप, यूक्रेन के आक्रमण के कारण बंद हुए रूसी पाइपलाइन गैस की आपूर्ति की जगह तरलीकृत गैस यानी एलएनजी के आयात पर निर्भर है। फारस की खाड़ी से एलएनजी टैंकरों के लिए एक प्रमुख मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य में पोत परिवहन बाधित हो गई है।

# महाकाल मंदिर में होलिका दहन के साथ होली पर्व शुरू



**जागरण, उज्जैन।** देश में होली का पर्व सोमवार को सबसे पहले बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में मनाया गया। परंपरा के अनुसार इस बार भगवान महाकाल को केवल एक किलो हर्बल गुलाल प्रतीकात्मक रूप से अर्पित किया। संध्या आरती के दौरान पुजारी ने भगवान को गुलाल अर्पित किया, जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर परिसर में गोबर के उपलों से बनी होलिका का दहन किया। सुरक्षा कारणों से इस बार भी आम श्रद्धालुओं को होलिका दहन स्थल के पास जाने की अनुमति नहीं दी गई। दो साल पूर्व साल 2024 में हुई आग की घटना को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने विशेष सावधानी बरतते हुए यह फैसला लिया है। होलिका दहन में संभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# क्रिप्टो करेंसी में रिटर्न का लालच देकर 29 लाख ठगे

## फाइनेंस कंपनी कर्मचारी से ठगी, केस दर्ज



**जागरण, ग्वालियर।** क्रिप्टो करेंसी में ज्यादा रिटर्न का लालच देकर ग्वालियर में एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से 28 लाख 96 हजार रुपए की ठगी की गई है। ठगने वालों में एक महिला सहित तीन लोग शामिल हैं। घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र के माधव नगर में 29 मार्च 2025 से अभी तक के बीच की है। घटना का पता उस समय चला जब उसके खाते में 1.09 लाख रुपए आए और खाता फ्रीज हो गया। इसके बाद ठगों से बातचीत की तो एक ने रिस्पांस नहीं दिया, दूसरे ने नंबर बंद कर लिए और तीसरे ने कॉल रिसीव ही नहीं किया। ठगी का अहसास होते ही फाइनेंस कर्मचारी ने पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की। जांच के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। झांसी रोड थाना क्षेत्र के माधव नगर निवासी मनीष श्रीवास्तव एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में बतौर कर्मचारी पदस्थ हैं। वह म्यूचल फंड में निवेश करते रहे हैं। मनीष ने बताया कि उनके पास दिसंबर 2024 में एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने बताया कि आप म्यूचल फंड में निवेश करते हो यह हमें पता है, लेकिन आप क्रिप्टो करेंसी में निवेश करके देखो। म्यूचल फंड से ज्यादा रिटर्न मिलेगा और फायदा होगा। कॉल करने वालों ने अपना नाम सत्यम मिश्रा, राहुल व रूही बताए। लगातार कॉल आने पर वह पैसे लगाने को तैयार हो गए। सबसे पहले मनीष ने अपने खाते से एक हजार रुपए लगाए, जिससे उसे अच्छा लाभ हुआ तो वह पैसे लगाने लगा और उसका लाभ काफी बढ़ गया। इसके बाद उसने अपने भाई के खाते में निवेश करना शुरू कर दिया। इस तरह उन्होंने 28 लाख 96 हजार रुपए क्रिप्टो करेंसी के नाम पर निवेश कर दिए। जिससे उनका मुनाफा काफी हो गया।

### खाता फ्रीज हुआ तो ठगी का पता चला

15 अक्टूबर 2025 को उन्हें कुछ पेमेंट करना था। जब उन्होंने आनलाइन पेमेंट किया तो पता चला कि उनका खाता फ्रीज है। वह बैंक पहुंचे तो पता चला कि उनके खाते में ठगी के 1 लाख 9 हजार रुपए आए हैं। जब ट्रांजेक्शन चेक किया तो पता चला कि क्रिप्टो करेंसी में किए गए निवेश के दौरान उनके खाते में रुपए आए हैं। इसका पता चलते ही उन्होंने सत्यम, राहुल और रूही से बात की, जिस पर सत्यम ने बाहर होना बताया और राहुल का नंबर बंद आ रहा था, जबकि रूही उसका कॉल पिक नहीं कर रही थी। ठगी का अहसास होते ही उसने पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर कॉल किया, जिसके बाद झांसी रोड थाना पुलिस ने मामला जांच में ले लिया था।

**अपराध**

### गूगल से तैयार की थी फोटो, जबलपुर मंडल की बायोमैट्रिक जांच में नहीं हुआ सत्यापन

# फर्जीवाड़ा और जालसाजी से रेलवे में नौकरी हासिल करने वाले दो युवकों को बिहार से किया गिरफ्तार

**जागरण, जबलपुर।** फर्जीवाड़ा और जालसाजी करते हुए रेलवे में नौकरी पाने वाले बिहार के मुंगेर जिले के रहने वाले दो युवकों को जबलपुर सीबीआई की टीम ने गिरफ्तार किया है। इसके बाद जबलपुर सीबीआई ने दोनों आरोपियों को जबलपुर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार नौकरी के इस फर्जीवाड़े में सीबीआई को सबसे चौंकाने वाली जानकारी तब हाथ लगी, जब फॉर्म में लगी फोटो देखी। पूछताछ के दौरान रंजीत ने बताया कि जो फोटो लगाई गई थी, उसे गूगल से तैयार किया था, जिसमें रंजीत-मुकेश की मिक्सिंग की थी। प्लान था कि अगर पहचान में आते तो कह सकते थे कि ये पुरानी फोटो है और पहले ऐसे नजर आते थे। दरअसल भारतीय रेलवे में 2024 में अलग-अलग पदों के लिए 8 हजार से अधिक भर्तियां निकली थी। इसमें देश भर से अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इसमें मुंगेर निवासी मुकेश कुमार ने टेक्नीशियन पद के लिए फार्म भरा था। मुकेश ने पड़ोस के ही रंजीत कुमार जो कि कोचिंग पढ़ाया करता है, उससे संपर्क किया। मुकेश ने डील की कि उसकी नौकरी लग जाती है, तो 6 लाख रुपए नकद देगा। मुकेश ने रंजीत कुमार से परीक्षा में बैठने से लेकर नौकरी लग जाने तक के लिए 6 लाख रुपए देने की बात कही। वह लालच में आ गया और मुकेश की जगह बैठने के लिए तैयार हो गया। अप्रैल 2024 में फार्म भरा गया। जहां दिसंबर में पटना सीबीटी में परीक्षा हुई। एग्जाम पास करने के बाद दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल के लिए भोपाल बुलाया गया। यहां पर भी रंजीत कुमार, मुकेश बनकर पहुंचा। मेडिकल कोटा अस्पताल में हुआ। जुलाई 2025 में पैनल बैठी। जहां मुकेश का सिलेक्शन हो गया।




### मुंगेर से किया गिरफ्तार

रेलवे की शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने के बाद सीबीआई ने फर्जीवाड़े की जांच शुरू की। एसपी एसके राठी के निर्देश पर डीएसपी एके मिश्रा की टीम ने जांच करना शुरू किया। जबलपुर सीबीआई की टीम बिहार के मुंगेर पुहंची, जहां पर मुकेश हाथ लगा। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि रंजीत कुमार जो पड़ोस में ही रहता है। उससे इस नौकरी के लिए 6 लाख रुपए में सौदा हुआ था। मुकेश की निशानदेही पर सीबीईआई ने रंजीत कुमार को भी मुंगेर से पकड़कर जबलपुर लेकर आई। 2 मार्च 2026 में दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

**सितंबर 2025 में हुई ज्वाइनिंग:** मुकेश की टेक्नीशियन के पद पर नौकरी लग चुकी थी। सितंबर 2025 में उसकी ज्वाइनिंग हो गई। इस दौरान मुकेश कुमार ने दमोह, सागर और जबलपुर में काम किया। अक्टूबर 2025 में ट्रेनिंग के लिए मुकेश को प्रयागराज भेज दिया गया।

**बायोमैट्रिक में हुआ फेल:** रेलवे में नई भर्ती वाले कर्मचारियों का एक साल के अंदर बायोमैट्रिक के जरिए सत्यापन होता है। 14 नवंबर 2025 को जब टेस्ट हुआ तो उसमें मुकेश के अंगूठे और चेहरे का मिलान नहीं हो पाया और वह फेल हो गया। इसके बाद वह बिना जबलपुर में रुके वहां से गायब हो गया और सीधे बिहार आ गया। जबलपुर मंडल की ओर से इस फर्जीवाड़े में सीबीआई को लिखित में शिकायत दी गई, जिसके बाद मुकेश कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया।

# सेमरिया पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाल कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील



**सेमरिया, नि.प्र.।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सेमरिया नगर में पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च सेमरिया मुख्य बाजार से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए हरदुआ गांव तक निकाला गया जिससे आमजन में सुरक्षा का भरोसा कायम हो सके और असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश दिया जा सके कि कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फ्लैग मार्च के दौरान सेमरिया थाना प्रभारी विकास कपीस, तहसीलदार अर्जुन बेलवंशी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा पुलिस वाहन और जवानों की सघन मौजूदगी से बाजार क्षेत्र में चहल-पहल के बीच अनुशासन का वातावरण देखने को मिला प्रशासन ने संवेदनशील माने जाने वाले क्षेत्रों का विशेष रूप से निरीक्षण किया। थाना प्रभारी विकास कपीस ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि होली रंगों और आपसी प्रेम का त्योहार है। इसे परंपरागत तरीके से और भाईचारे के साथ मनाएं, उन्होंने स्पष्ट किया कि हुड़दंग, शराब पीकर वाहन चलाने, तेज आवाज में डीजे बजाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। तहसीलदार अर्जुन बेलवंशी ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस और प्रशासन ने यह संदेश दिया कि त्योहार को शांति, सौहार्द और सामाजिक समरसता के साथ मनाया जाए। नगरवासियों ने भी प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए सुरक्षित माहौल में होली मनाने की बात कही।

## अतरैला 12 में अवरुद्ध मार्ग खुलवाने की मांग

**चाकघाट, नि.प्र.।** समीपस्थ ग्राम- अतरैला 12 के बैरीहवा टोला एवं कोनी पंचायत के मलतारा टोला में रहने वाले आदिवासी बस्ती के रहवासियों ने संवाददाता को बताया कि मुख्य मार्ग तक आने के लिए कोई भी रास्ता नहीं है, जो शासकीय आम रास्ता है भी तो उसे गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा पूरी तरह अपना मालिकाना हक बताते हुए उस रास्ते को भी जोत कर गेहूं ,चना की धड़ल्ले के साथ खेती कर रहे हैं, इस आशय की जानकारी पूर्व में भी एसडीएम त्योंथर व विधायक त्योंथर को पूर्व में भी अवगत कराया जा चुका है। साथ ही यह मार्ग कोनी एवं अतरैला 12 के संयुक्त पंचायत क्षेत्र में आता है, किंतु दोनों गांव के सरपंच भी इस मार्ग को खुलवाने की पहल नहीं करते। ग्राम अतरैला 12 के निवासियों ने उक्त समस्या के बारे में कई बार सरपंच एवं प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह भी किया किंतु उसका परिणाम शून्य ही निकला । इस गांव के अनेकों निवासियों कामता प्रसाद पांडे, राम पांडे, चंद्रबली आदिवासी (शिक्षक), ददन आदिवासी, कृष्णा आदिवासी, बलराम आदिवासी, नदन तिवारी, गुलाब तिवारी, छोटेलाल आदिवासी, श्याम आदिवासी, देवीदीन आदिवासी इत्यादि लोगों ने संयुक्त रूप से जिला कलेक्टर एवं एसडीएम व संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारियों से विनम्रता पूर्वक मांग किया है, कि मौका मुआयना करवा कर आने -जाने का मार्ग स्थायी रूप से खुलवाने की कृपा करें। जिससे इस गांव के निवासियों को आवागमन की सुविधा मिल सके।

# आधी रात गांव की सड़कों पर पेट्रोलिंग करेंगी पुलिस की अलग-अलग टीम

### होली के त्योहार को लेकर एसडीएम के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च



**गुढ़ (नि. प्र)।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। शांति व्यवस्था बनाए रखने और आम जनता में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से सोमवार को एसडीएम सुधाकर सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम के साथ तहसीलदार अरुण यादव, थाना प्रभारी शैल यादव सहित भारी संख्या में पुलिस बल, सुरक्षा समिति के सदस्य एवं कोटवार उपस्थित रहे, जो प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाता है। फ्लैग मार्च की शुरुआत थाने से की गई। फ्लैग मार्च गुढ़ मुख्य बाजार से गांधी चौक, पूरे बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कष्टहर नाथ गेट से सब्जी मंडी होते हुए बस स्टैंड में समाप्त किया गया। इसके बाद महसांव बाजार का भी भ्रमण किया गया। इस दौरान एसडीएम सुधाकर सिंह, तहसीलदार अरुण यादव एवं थाना प्रभारी शैल यादव ने आम लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में होली का त्योहार मनाने की अपील की।

### क्षेत्रवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

इस मौके पर एसडीएम, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी ने क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पुलिस की तैनाती रहेगी। इस प्रकार के फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य अराजक तत्वों को कड़ा संदेश देना और नागरिकों को यह विश्वास दिलाना है कि वे भयमुक्त होकर अपने त्योहार मना सकें। प्रशासन किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## मऊगंज में 4 मार्च को रहेगा शुष्क दिवस

**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन ने 4 मार्च को होली पर्व अर्थात जिस दिन रंग खेला जायेगा, पर जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार 4 मार्च को संपूर्ण जिले में मदिरा का क्रय-विक्रय, भण्डारण एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) में प्रदत्तशक्तियों का प्रयोग करते हुए होली का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से जारी किया गया है। इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये हैं।

## होली और रमजान को लेकर प्रशासन ने सिरमौर में किया फ्लैग मार्च



**सिरमौर, नि.प्र.।** होली एवं रंगपचमी के साथ रमजान को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर नगर सिरमौर में अनुविभागीय अधिकारी दृष्टि जायसवाल (आईएएस), कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार सिरमौर अनुपम पांडेय, थाना प्रभारी सिरमौर उपनिरीक्षक दीपक तिवारी सहित पुलिस काफिले ने सायरन के साथ जय स्तंभ से होते हुए डभौरा रोड, रीवा रोड, अस्पताल मार्ग, क्योटी मार्ग सहित अंचल में फ्लैग मार्च निकालकर शांति का संदेश दिया ।

**कानून का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई :** फ्लैग मार्च के दौरान थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने नागरिकों, युवाओं और व्यापारियों से संवाद कर त्योहार को प्रेम और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

उन्होंने चेतावनी दी कि जबरन रंग डालने, हुड़दंग करने या माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। पुलिस ने ग्रामीणों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने एवं कार्यवाही का आश्वासन दिया ।

## होली के पर्व पर मनकठी माता मंदिर में होगा तृतीय अटका प्रसाद वितरण

### भक्तों से सहयोग की अपील

**गढ़, नि.प्र.।** होली के पावन अवसर पर जिले के ग्राम गढ़ स्थित प्रसिद्ध मनकठी माता मंदिर प्रांगण में तृतीय अटका प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन होने जा रहा है। मनकठी माता सेवा समिति, गढ़ द्वारा आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम 04 मार्च दिन बुधवार को दोपहर 12:00 बजे से शुरू होगा।

### आस्था और सेवा का संगम

समिति के सदस्यों ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की परंपरा से जुड़े अटका प्रसाद का वितरण क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना के लिए किया जा रहा है। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी जनता से इस आयोजन में सपरिवार सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है। इस बड़े आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति ने भक्तों से स्वेच्छा से आर्थिक एवं शारीरिक सहयोग की अपील की है। साथ ही ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

## होली त्योहार को लेकर प्रशासन मुस्तैद



**त्योंथर ब्यूरो।** होली के त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन ने त्योंथर,पचामा एवं चिल्ला बाजार में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान त्योंथर एसडीओपी मानश्री शर्मा, एसडीएम एवं तहसीलदार राजेन्द्र शुक्ला, सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला, त्योंथर चौकी प्रभारी संजीव शर्मा, सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। एसडीओपी मानश्री शर्मा ने लोगों से शांति पूर्ण त्योहार मनाने की अपील की है।

## विजय राघव बिहारी मंदिर में आटिका प्रसाद का वितरण 4 मार्च को



**सिरमौर, नि.प्र.।** रंग पंचमी के अवसर पर सिरमौर नगर स्थित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान विजय राघव बिहारी मंदिर में स्थानीय व्यापारियों के सहयोग से आटिका प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक रामनरेश गुप्ता, द्वारिका प्रसाद गुप्ता, मेवालाल गुप्ता, संतोष गुप्ता, सीताराम गुप्ता, हरिगोविन्द गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली एवं रंग पंचमी के अवसर पर नगर सिरमौर स्थित प्राचीन आस्था का केंद्र भगवान विजय बिहारी मंदिर में प्रसाद वितरण का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं से अपील की है की मंदिर में आकर प्रसाद ग्रहण करें ।

## हनुमंता में श्रीमद् वाल्मीकि रामायण कथा आयोजन की तैयारियां पूर्ण



### 5 मार्च से गूंजेगा भक्ति का दिव्य स्वर : डॉ. एसएस तिवारी

**मनगवां नि.प्र.।** विंध्य की पावन धरा एक बार पुनः आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर होने जा रही है। रीवा जिले के मनगवां के ग्राम हनुमंता में 5 मार्च से 13 मार्च तक आयोजित होने वाली राघवाचार्य महाराज की दिव्य कथा के लिए सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। आयोजन समिति द्वारा सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी दी गई कि कथा स्थल को भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। विशाल पांडाल, सुसज्जित मंच, श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग एवं सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। राघवाचार्य महाराज श्रीधाम रामवर्णाश्रम (रामकोट), अयोध्या के पीठाधीश्वर हैं तथा श्रीरामलला सदन देवस्थान ट्रस्ट का संचालन करते हैं। उनकी ओजस्वी वाणी, शास्त्रसम्मत व्याख्याएं और सरल प्रस्तुति शैली उन्हें देश-विदेश में विशिष्ट पहचान दिलाती है। इस भव्य आयोजन का संचालन जेएनसीटी, वनस्थली एवं कृष्णा ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एस. एस. तिवारी के द्वारा किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में डॉ. तिवारी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कार, राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक चेतना का जागरण करना है। कथा के साथ-साथ भजन-संध्या, संत-सत्संग एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन होगा, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय रहेगा। मनगवां के हनुमंता में इस स्तर के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संत की कथा का आयोजन सम्पूर्ण रीवा एवं विंध्य क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। आयोजन समिति ने बताया कि आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

**जनमानस से अपील :** समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे परिवार सहित कथा में उपस्थित होकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार में सहभागी बनें।

## सेवानिवृत्त पर शिक्षक गिरधर पाण्डेय को समारोह पूर्वक दी गई विदाई



**जवा ब्यूरो।** शासकीय हाई स्कूल अतरैला में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक गिरधर प्रसाद पाण्डेय के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार द्वारा शाल श्रीफल से सम्मानित कर भाव भीनी विदाई दी गई। उक्त अवसर पर प्राचार्य मालती सिंह, उमेश मिश्रा, प्रेम नारायण तिवारी, बृजेश पांडेय, राजेश पाण्डेय, महिमा मिश्रा, सुषमा शर्मा,नीलम पाण्डेय, ए.सी द्विवेदी, आर.जे.कोल, सीएल कोल, सी.एल सिंह, अंकुश सोनी, पूजा उपाध्याय, साधना वर्मा, अर्चना शर्मा, अरूणेन्द्र गुप्ता,गोदावरी केवट सहित अन्य लोगों ने शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तत्पश्चात भाव भीनी विदाई दी गई।

### कृषि वर्ष 2026: प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लाभ ले रहे हैं किसान

**मऊगंज ।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना प्रति बूंद अधिक फसल का लाभ लेकर जिले के किसानों की उत्पादकता में वृद्धि तो हो ही रही है। साथ ही उन्हें मजदूरी का कम भुगतान करना पड़ रहा है। इस योजना से जिले के योगेन्द्रमणि त्रिपाठी, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, यदुवंश प्रसाद मिश्रा, कालू खान, कृपाशंकर द्विवेदी एवं दलवीर सिंह गोंड ने इस योजना से स्प्रकलर व पाइप खरीद कर कम पानी में अधिक उपज लेकर जल संरक्षण को भी बढ़ावा दिया है। इस योजना में लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 55 प्रतिशत और अन्य के लिए 45 प्रतिशत वित्तीय सहायता मिलती है जिससे 40 से 50 प्रतिशत तक उत्पादकता में वृद्धि एवं 60 से 70 प्रतिशत तक खरपतवार में कमी और मजदूरी की लागत में बचत होती है। आवेदन किसान आनलाइन पोर्टल पर तय समय सीमा में कर सकते है, उसके बाद लाटरी सिस्टम में किसानों के नाम आने पर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## ग्राम पंचायत बेलहा गौशाला में गौवंशों की राशि गटक रहे संचालक

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिला के अंतर्गत जनपद पंचायत हनुमना के ग्राम पंचायत बेलहा में स्थित तीन गौशालाएं संचालित की गई है। ग्रामीणों ने संवाददाता को बताया कि इन गौशालाओं में नियम विरुद्ध एवं बिना सत्यापन के ही बगैर पशु रखरखाव के ही भुगतान किया जा चुका है जिसमें लगभग 40 लाख रुपए की राशि का मुख्यमंत्री गौशाला योजना के नाम से आहरण कर बंदरबाट कर लिया गया है। इसके अलावा बेलहा पंचायत में गौशाला श्री हर हर नर्मदे, ग्राम बेलहा पंचायत के रामकुडवा में बगैर सत्यापन के 20 लाख रुपए से अधिक शासकीय राशि का दोहन किया जाने के आरोप हैं। ग्रामीणों ने संवाददाता को बताया कि इस गौशाला के संचालक जीपी तिवारी रीवा में निवासरत हैं एवं निरीह गोवंश के नाम पर उच्च अधिकारियों से मिलकर गौशाला की राशि का दोहन के आरोप हैं। उपरोक्त विषय की सूचना अनुविभागीय अधिकारी हनुमना अधिकारी एवं जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ )हनुमना को दी गई थी पर कार्यवाही नहीं होने से भ्रष्टाचार चरम पर है। ग्रामीणों ने आगे कहा कि मूक गौवंश के नाम पर शासकीय योजना का दुरुपयोग हो रहा है। एक तरफ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा गाय की रक्षा हेतु अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है और मऊगंज जिला के अंतर्गत हनुमना जनपद पंचायत में संचालित गौशालाओं का दुर्दशा ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव के द्वारा किया जाता है। हमारे भारत देश में गाय को माता का दर्जा दिया जाता है परंतु ऐसे भ्रष्टाचारी अपनी मां के नाम पर राशि का दोहन कर रहे हैं और गौशाला में सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं रहता न तो गौशाला में चारा भूसा दरिया आदि योजनाओं के नाम पर शासकीय राशि का आहरण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मऊगंज कलेक्टर एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से यह मांग है कि ग्राम पंचायत बेलहा में किए गए भ्रष्टाचार की जांच कर कर उचित कार्यवाही की जाए।

## मनरेगा बचाओ संगम यात्रा एवं कमेटी गठन पर हुई चर्चा



**सिरमौर, नि.प्र.।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिरमौर के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद शुक्ला की अध्यक्षता में मंडलम उमरी मंडलम केवटी में संगठन की बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित ब्लॉक संगठन प्रभारी राजेंद्र शुक्ला, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सिद्धनाथ पांडे, आयोजित बैठक में मनरेगा बचाओ संगम यात्रा एवं प्रत्येक पंचायत कमेटी गठन हेतु विस्तार से चर्चा की । बैठक में मंडलम अध्यक्ष सभी बीएलए केवटी, चौरी, माला, दादर, शाहपुर के पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदीप द्विवेदी, मनीष मिश्रा, गोविंद नारायण मिश्रा, बृजेंद्र तिवारी, सूर्यवान चौरसिया, मुकेश नामदेव, गणेश मिश्रा, मिथिलेश शुक्ला, ट्रागी नारायण मिश्रा, पद्मधर सिंह, अमन मिश्रा, सुशील चंद्र गुप्ता एवं काफी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रामविलाष मेमोरियल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का उत्सव



**हनुमना, नि.प्र.।** स्थानीय रामविलाष मेमोरियल स्कूल, भमरहा के प्रांगण में रविवार को रंगों का महापर्व होली अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर फूलों और गुलाल के साथ इस त्योहार की खुशियाँ बांटी। स्कूल के निदेशक ने सभी को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा, होली केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि आपसी भेदभाव मिटाकर प्रेम और सद्भाव बढ़ाने का पर्व है। हमारे विद्यालय का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अपनी परंपराओं से जोड़ना भी है। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का एकमात्र ऐसा विद्यालय जहां पर बच्चों को पारंपरिक त्योहार के साथ संस्कार व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय में लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रम खेलकूद का आयोजन किया जाता है । जिससे बच्चों में स्वस्थ शरीर और स्वस्थ दिमाग का वास होता है।

## 32 वर्षों से उपयंत्री नगर परिषद हनुमना का नहीं हुआ स्थानांतरण

### 3 वर्ष का कार्यकाल 32 वर्ष बीते, स्थानांतरण क्यों नहीं?

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना नगर परिषद में वर्तमान उपयंत्री अनिल मिश्रा आज लंबे दशक से लगभग 32 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ हैं। समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष अनूप यादव ने संवाददाता को बताया कि उपयंत्री का स्थानांतरण न होना अपने आप में कई प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। नगर परिषद में भ्रष्टाचार पर भ्रष्टाचार हो रहा है। नगर परिषद उपयंत्री के स्थानांतरण हेतु नगर के सामाजिक एवं राजनैतिक लोगों द्वारा कई बार शिकायत भी किया गया लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। समाजसेवी ने आगे बताया कि विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद हनुमना में कई करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार किया जा चुका है। ऐसे बहुत से कार्य कागज में हो चुके हैं जिनका धरातल में कोई असतित्व नहीं है। नगर के लोगों के साथ-साथ समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष अनूप यादव ने जिला कलेक्टर मऊगंज नगर परिषद अधिकारी जिला रीवा से यह मांग है कि नगर परिषद में किए गए भ्रष्टाचार की जांच ईओडबल्यू रीवा से कराया जाए एवं उपयंत्री का स्थानांतरण कराया जाए एवं किसी अन्य उपयंत्री को हनुमना में पदस्थ किया जाए।

## सोहागी पहाड़ के जंगल में लगी भीषण आग

### फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची



**सोहागी, नि.प्र.।** क्षेत्र के सोहागी पहाड़ के जंगल में अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। संवाददाता को स्थानीय लोगों ने बताया कि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेज हवाओं के कारण लपटें जंगल के भीतर की ओर तेजी से फैलने लगीं। आसपास के ग्रामीणों ने धुएं और आग की लपटों को देख तत्काल प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। घने जंगल और पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। दमकलकर्मी लगातार पानी की बौछार कर आग को फैलने से रोकने में जुटे हुए हैं। स्थानीय प्रशासन भी हालात पर नजर बनाए हुए है। आग से वन संपदा को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# दूर हुई परेशानी, घर आंगन में मिल रहा स्वच्छ पानी

**मऊगंज जागरण।** जल जीवन मिशन के उदेश्य को चरितार्थ करती यह कहानी मऊगंज विकासखण्ड के ग्राम कुलबहेरिया की है। यह ग्राम जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक आम ग्रामीण गाँव की तरह है। इस ग्राम मे पहुंच मार्ग प्रधानमंत्री सड़क है, गाँव के लोगों का आजीविका का मुख्य साधन खेती किसानी के साथ मेहनत मजदूरी भी है, कुलबहेरिया पठारी इलाके में बसा होने के कारण भूमिगत जल स्तर काफी नीचे है। इसी ग्राम में रजनी विश्वकर्मा भी अपने परिवार के साथ निवास करती है जिनकी उम्र लगभग 60 वर्ष है। उनके परिवार में कुल 5 सदस्य है। पति की मृत्यु हो जाने के कारण इनको ही परिवार के लिए मेहनत मजदूरी करनी पड़ती है, जिससे इनका तथा इनके परिवार का जीवकोपार्जन होता है। हितग्राही के कथन अनुसार ग्राम में पानी की बहुत समस्या थी जिस कारण इनको गाँव के कुआ से पानी भर कर काम चलाना पडता था। हैण्डपंप का पानी पीने लायक न होने के कारण पहले सुबह से कुआं से पानी ला कर भोजन पकाने एवं बच्चों को स्कूल में छोड़ने के बाद ही वे काम के लिए जा पाती थी जिससे इनको बडे सुबह से ही पानी की व्यवस्था करनी पडती थी।जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत इस ग्राम का चयन कर एक उच्चस्तरीय टंकी का निर्माण कराया गया। साथ ही हर बसाहट में पाईप लाईन के माध्यम से जल का वितरण होने से ग्राम में अब पेयजल की समस्या समाप्त हो गयी है। अब ग्रामवासियों को घर में नल की टोटी से मीठा जल प्राप्त होने लगा है।

## टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में तीसरी बार भिड़ेंगी दोनों टीमें, मुकाबला पांच मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में

# भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल की हैट्रिक



जेएनएन, मुंबई

टीम इंडिया ने सुपर-8 के अंतिम मैच में वेस्टइंडीज पर बड़ी जीत दर्ज कर टी-20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां उसका सामना एक बार फिर इंग्लैंड से होगा। पांच मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाने वाला यह मैच लगातार तीसरा सेमीफाइनल होगा, जहां दोनों टीमों की टक्कर होगी। इससे पहले 2022 में इंग्लैंड ने भारत को 10 विकेट से हराया था, जबकि 2024 में भारत ने 68 रनों से बदला लिया। अब घरेलू मैदान पर भारत की नजरें इंग्लैंड को फिर परास्त कर फाइनल में जगह बनाने पर होंगी। इससे पहले टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल 4 मार्च को दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच कोलकाता में खेला जाएगा। विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला भारत और इंग्लैंड दोनों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि दोनों ही टीमें दो-दो बार टी-20 विश्व कप जीत चुकी हैं। भारत 2007 और 2024 के चैंपियन हैं, जबकि इंग्लैंड ने 2010 और 2022 में खिताब हासिल किया।

■ पुरुषों के टी-20 विश्व कप में भारत अब कुल छह बार सेमीफाइनल में पहुंच चुका है- 2007, 2014, 2016, 2022, 2024 और 2026। पाकिस्तान और इंग्लैंड भी छह संस्करणों में सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं।


### दोनों टीमों का टूर्नामेंट में सफर

**भारतः** सूर्यकुमार यादव की अगुआई में भारतीय टीम का टी-20 विश्व कप में सफर शानदार रहा है। भारत ने 7 में से 6 मैच जीते और 20वां आईसीसी सेमीफाइनल रिकॉर्ड बनाया। ग्रुप-ए में भारत ने सभी मैच बड़े अंतर से जीते। इसमें यूएसए को 29 रनों से, नामीबिया को 93 रनों से, पाकिस्तान को 61 रनों से और नीदरलैंड्स को 17 रनों से हराकर ग्रुप टॉप किया। सुपर-8 में दक्षिण अफ्रीका से 76 रनों से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन जिम्बाब्वे को हराया और वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी मैच में संजू सैमसन की नाबाद 97 रनों की पारी से 5 विकेट से जीत हासिल की।

**इंग्लैंडः** हैरी ब्रूक की कप्तानी में इंग्लैंड का सफर भी उतार-चढ़ाव भरा रहा। ग्रुप चरण में नेपाल को 4 रनों से हराया, लेकिन वेस्टइंडीज से 30 रनों से हारे। फिर स्कॉटलैंड और इटली को हराकर सुपर-8 में जगह बनाई। सुपर-8 में श्रीलंका को 51 रनों से, पाकिस्तान को हराया (उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन) और न्यूजीलैंड को 4 विकेट से मात दी, जहां विल जैक्स और रेहान अहमद की देर रात की पारी निर्णायक साबित हुई। इंग्लैंड ने भी 7 में से 6 मैच जीते, लेकिन वे कभी परफेक्ट गेम नहीं खेल सके, जैसा कि जैक्स ने खुद कहा।

### टी-20 विश्व कप में भारत बनाम इंग्लैंड मैच

| साल | स्टेज | किसने किसे हराया |
|---|---|---|
| 2007 | ग्रुप स्टेज | भारत ने इंग्लैंड को 18 रन से हराया |
| 2009 | सुपर-8 | इंग्लैंड ने भारत को तीन रन से हराया |
| 2012 | ग्रुप स्टेज | भारत ने इंग्लैंड को 90 रन से हराया |
| 2022 | सेमीफाइनल | इंग्लैंड ने भारत को 10 विकेट से हराया |
| 2024 | सेमीफाइनल | भारत ने इंग्लैंड को 68 रन से हराया |




### हेड टू हेड

| टी-20 विश्वकप | |
|---|---|
| कुल मैच | 05 |
| भारत जीता | 03 |
| इंग्लैंड जीता | 02 |
| **सेमीफाइनल** | |
| कुल मैच | 02 |
| भारत जीता | 01 |
| इंग्लैंड जीता | 01 |
| **टी-20** | |
| कुल टी-20 | 29 |
| भारत जीता | 17 |
| इंग्लैंड जीता | 12 |

### वानखेड़े में रिकॉर्ड

वानखेड़े स्टेडियम में दोनों टीमें इस फॉर्मेट में दो बार भिड़ चुकी हैं। नों टीमों ने एक-एक मैच जीता है। 2012 में इंग्लैंड ने 6 विकेट से मैच जीता था। 13 साल बाद फिर दोनों टीमें इस मैदान पर 2025 में आमने-सामने रहीं, जिसमें भारत ने पिछला हिसाब चुकता करते हुए 150 रन से बड़ी जीत दर्ज की।

**2022** के एडिलेड सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने भारत को 10 विकेट से रौंदा, जबकि 2024 के गयाना सेमीफाइनल में भारत ने 68 रनों से बदला लिया।

### खिलाड़ियों के बीच टक्कर

■ सूर्यकुमार यादव (359 रन, 153.41 एसआर) स्पिन को अच्छा खेलते हैं, लेकिन रशीद खान की लेग स्पिन चुनौती दे सकती है।

■ जसप्रीत बुमराह की नई गेंद से शुरुआती विकेट लेने की क्षमता इंग्लैंड के ओपनर्स को परेशान कर सकती है। जोस बटलर या फिल साल्ट के लिए यह चुनौती हो सकती है।

■ इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक स्पिन खेलने में माहिर हैं, लेकिन कुलदीप की चाइनामैन गेंदें गेम चेंजर हो सकती हैं।

■ अभिषेक शर्मा की स्पिन के खिलाफ कमजोरी (कम आत्मविश्वास) इंग्लैंड के लिए फायदेमंद हो सकती है, जहां विल जैक्स (ऑलराउंडर, 4 प्लेयर ऑफ द मैच) और लियाम डॉसन जैसे स्पिनर असरदार साबित हो सकते हैं।

■ जोफ्रा आर्चर की पेस भारतीय ओपनर्स को शुरुआती झटका दे सकती है। इशान किशन (355 रन, 200.56 एसआर) और शिवम दुबे की पावर हिटिंग इंग्लैंड के लिए खतरा है, जबकि सैम कुरेन की डेथ ओवर बॉलिंग भारत को रोक सकती है।

## मैदान से हटकर

### लाइव शो में बुमराह को अंग्रेजी सिखाने लगीं संजना गणेशन

भारतीय टीम टी-20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारत की जीत में संजू सैमसन और जसप्रीत बुमराह का अहम योगदान रहा। सैमसन ने 97 रनों की नाबाद पारी खेली। वहीं बुमराह ने एक ही ओवर में दो विस्फोटक बल्लेबाज रोस्टन चेज और शिमरोन हेटमायर को आउट कर दिया। मैच खत्म होने के बाद बुमराह का इंटरव्यू उनकी पत्नी संजना गणेशन ने लिया। संजना विश्व कप में आईसीसी के लिए





प्रजेंटर की भूमिका में हैं। इंटरव्यू शुरू करने से पहले संजना ने बुमराह को इंग्लिश के शब्द सब्सक्राइब का उच्चारण करना सिखाया। बुमराह सब्सक्राइब सही से नहीं बोल पा रहे थे। संजना ने उन्हें कई बार सब्सक्राइब बोलकर सभी उच्चारण करना बताया। बुमराह का संजना ने कई बार इंटरव्यू किया है। इस दौरान दोनों प्यार से नोक-झोंक करते रहते हैं। इसी इंटरव्यू के खत्म होने के बाद बुमराह ने माइक को हवा में उछालकर कैच लिया। इसपर संजना ने कहा इक्विपमेंट महंगे होते हैं और माइक उनके हाथ से ले लिया। बुमराह ने इस विश्व कप में किफायती गेंदबाजी की है। (जेएनएन)

# मेसी के डबल गोल से जीता इंटर मियामी

### एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराया



**09** मैचों के बाद मियामी ने इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में पहली जीत हासिल की।

■ अर्जेंटीना के स्टार मेसी ने एमएलएस में अब 52 गोल पूरे कर लिए हैं, जिसमें ऑरलैंडो के खिलाफ 5 मैचों में 8 गोल शामिल हैं।

■ मेसी का कुल करियर गोल अब 898 पहुंच गया है, और उन्होंने 22 लगातार कैलेंडर वर्षों में गोल या असिस्ट का रिकॉर्ड बनाया।

जेएनएन, ऑरलैंडो

लियोनेल मेसी ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जबकि डिफेंडर टेलास्को सेगोविया ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की, जिससे मौजूदा चैंपियन इंटर मियामी ने एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराकर इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में पहली बार जीत हासिल की। पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद मियामी की तरफ से पहला गोल दूसरे हाफ के चौथे मिनट में माटेओ सिल्वेट्टी ने किया। मेसी ने सेगोविया से पास लेकर 57वें मिनट में अपना पहला गोल किया और इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। सेगोविया ने 85वें मिनट में गोल करके मियामी को बढ़त दिलाई। मेसी ने 90वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके मियामी की जीत सुनिश्चित कर दी। अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी इस तरह से एमएलएस में 52 गोल कर चुका है। मार्को पासलिच ने इवान एंगुलो से पास पर 18वें मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके छह मिनट बाद मार्टिन ओजेडा ने गोल किया, जिससे ऑरलैंडो सिटी को 2-0 की बढ़त मिल गई जो हाफ टाइम तक बरकरार रही।

## टेस्ट पर फोकसः बीसीसीआई ने जहीर खान के बाद हरभजन से किया संपर्क



जेएनएन, कोलकाता

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व भारतीय दिग्गज जहीर खान और हरभजन सिंह से बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में विशेष शिविरों में अपनी सेवाएं देने के लिए संपर्क किया है। बीसीसीआई ने इन शिविरों के कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार की है। इस सूची में ऐसे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं, जो भविष्य में भारत की तरफ से खेल सकते हैं। इन खिलाड़ियों में आयु वर्ग और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अलावा भारत ए और भारत की सीनियर टीम की तरफ से कुछ मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान युवा तेज गेंदबाजों के साथ पांच दिवसीय शिविर के लिए पहले ही बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। ये युवा गेंदबाज सीनियर टीम में जगह बनाने के करीब हैं या उसके लिए कुछ मैच खेल चुके हैं। पता चला है कि सीओई के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी को तैयार करने में मदद करने के लिए अपने पूर्व साथियों से चार से पांच दिन के विशेष शिविरों के लिए संपर्क किया था। इस घटनाक्रम से अवगत बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि लक्ष्मण ने विशेष शिविरों के लिए जहीर, हरभजन और अनिल कुंबले से संपर्क किया है। हरभजन ऑफ स्पिनरों के लिए चार या पांच दिवसीय शिविर के लिए अपना कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं। वह उन उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद करने के लिए उत्सुक हैं, जिन्होंने आयु वर्ग और भारत ए स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता 7 मार्च को

**भोपाल, खेप्र।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रसिद्ध छात्र नेता रहे स्व. विनय सिंह सेंगर की स्मृति में 7 मार्च को वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन और भोपाल वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में 200 से अधिक पुरुष एवं महिला भारोत्तोलक हिस्सा लेंगे। एमवीएम में शनिवार सुबह 10 बजे से आयोजित इस प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पुरुष और महिला दोनों के लिए कुल 8 भार वर्ग होंगे।

### प्रियांशी ने तिराना में जीता रजत



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश कुश्ती अकादमी की पूर्व खिलाड़ी प्रियांशी प्रजापत ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू दूसरी रैंकिंग सीरीज मुहम्मत मालो अंतरराष्ट्रीय कुश्ती टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया। यह प्रतियोगिता अल्बानिया की राजधानी तिराना में आयोजित की गई। प्रियांशी ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में यह पदक अपने नाम किया।

### ऑल इंडिया मास्टर्स कप 15 मार्च से


**भोपाल, खेप्र।** स्व. कैलाश नारायण सारंग मेमोरियल नौवां ऑल इंडिया मास्टर्स कप वेटरन क्रिकेट टूर्नामेंट 15 मार्च से शुरू होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट ओल्ड चैंपियन मैदान पर खेला जाएगा। आयोजन सचिव योगेन्द्र व्यास ने बताया कि प्रतियोगिता में भोपाल की 4 टीमों के अलावा ग्वालियर, विदिशा, इंदौर और मुंबई की टीम हिस्सा लेंगी। इस प्रतियोगिता के साथ-साथ विभागीय और कॉर्पोरेट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। कॉर्पोरेट और विभागीय टीमों की पांच-पांच टीमें हिस्सा ले रही है।

### एशियाई कपः युद्ध से दूर ईरान को दक्षिण कोरिया ने हराया

**गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया), जेएनएन।** महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट में जहरा घनबारी की अगुआई वाली ईरान की टीम को दक्षिण कोरिया से हार का सामना करना पड़ा जो इजराइल और अमेरिका के अपने देश पर हमले से शुरू हुए युद्ध से बहुत दूर थीं। दक्षिण कोरिया के खिलाफ मिली हार से पहले ईरानी मुख्य कोच मरजियाह जाफरी ने हमले और अपने देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर बयान देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि टीम को टूर्नामेंट पर फोकस करने की जरूरत है। राष्ट्रगान के दौरान ईरान की खिलाड़ी उदास दिख रही थीं, हालांकि गोल्ड कोस्ट स्टेडियम में समर्थकों को देखकर उनके चेहरे पर मुस्कुराहट भी दिखी। पर 2022 महिला एशियाई कप की उप विजेता रही दक्षिण कोरिया की टीम ने 3-0 से जीत हासिल की। टूर्नामेंट में ईरान टीम का लक्ष्य अगले साल ब्राजील में होने वाले महिला विश्व कप में जगह पक्की करना है।

## ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप आज से, दुंबई में फंसी सिंधू का बाहर रहना तय, लक्ष्य पर रहेगी नजरें

**बर्मिंघम, जेएनएन।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का मंगलवार से शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर रहना तय है, क्योंकि अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण वह दुबई में फंस गई हैं। खिलाड़ियों के यात्रा संबंधी बाधाओं ने सुपर इस 1000 प्रतियोगिता की तैयारियों को बुरी तरह प्रभावित किया है। भारतीय स्टार खिलाड़ी को पहले दौर में थाईलैंड की सुपानिडा कटेथोंग का सामना करना था, लेकिन दुबई के हवाई क्षेत्र और हवाई अड्डे के बंद रहने के कारण उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ेगा। भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य





सेन और उभरते युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी यात्रा संबंधी किसी भी तरह की समस्या के बिना यहां पहुंच गए हैं। लक्ष्य का पहले दौर में मुकाबला चीन के विश्व के नंबर एक खिलाड़ी शी यु ची से होगा, जबकि आयुष इंडोनेशिया के अलवी फरहान के खिलाफ खेलेंगे।

■ महिला एकल में मालविका बंसोड़ को टोक्यो ओलंपिक चैंपियन चीन की चेन युफेई के खिलाफ कड़ी शुरुआती चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उन्नति हुडा अफ्रीका के रास्ते यहां पहुंची है और उन्हें अपने पहले मैच में थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से भिड़ने पर जेट लैग से उबरने की जरूरत होगी। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी पहले दौर में मलेशिया के कांग खाई जिंग और आरोन ताई के खिलाफ खेलेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना जापान की सायका हिरोटा और अयाको सकुरामोतो से होगा।

### अफगान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन वनडे खेलेगा भारत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अफगानिस्तान की टीम भारत के अपने आगामी दौरे में एक टेस्ट मैच और तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि अफगानिस्तान एक टेस्ट मैच खेलेगा, जिसके बाद तीन वनडे मैचों की सीरीज होगी। टेस्ट मैच छह से 10 जून, 2026 तक न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। यह टेस्ट मैच हालांकि भारत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं है। वनडे सीरीज का पहला मैच 14 जून को धर्मशाला में शुरू होगा, जिसके बाद के मैच लखनऊ (17 जून) और चेन्नई (20 जून) में खेले जाएंगे। सभी वनडे मैच भारतीय दोपहर एक बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे।

### आरसीबी के क्रिकेट निदेशक बोबाट ने कहा-दूसरा खिताब जीतना लक्ष्य

# विराट हमेशा आरसीबी के आइकन और नायक

जेएनएन, बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने विराट कोहली के 18 वर्षों से टीम के साथ बने रहने अविश्वसनीय रिकॉर्ड पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि इस सुपरस्टार ने अपनी युवावस्था और करियर का सर्वश्रेष्ठ समय इस आईपीएल फ्रेंचाइजी को समर्पित किया है, इसलिए थिंक टैंक को उनके लिए एक चैंपियनशिप जीतने वाली टीम तैयार करना चाहिए। आरसीबी आगामी आईपीएल में मौजूदा चैंपियन के रूप में उतरेगी। टीम ने पिछले सत्र 18 साल के लंबे इंतजार के बाद अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था। फ्रेंचाइजी में कोहली की प्रतिष्ठा पर आरसीबी पॉडकास्ट में बोबाट ने कहा, विराट कोहली हमेशा इस टीम के आइकन और नायक रहेंगे। यह कभी नहीं बदलेगा और वह इसके हकदार हैं। उनका ट्रैक रिकॉर्ड अविश्वसनीय है। आगामी सत्र के बारे में बोबाट ने कहा कि आरसीबी लगातार दूसरा खिताब




जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। उन्होंने कहा कि हम गत चैंपियन नहीं हैं। हम कुछ बचाने नहीं जा रहे। हम मौजूदा चैंपियन हो सकते हैं, लेकिन हमारा नजरिया बचाव का नहीं होगा। हम आक्रामक रहेंगे। हम कुछ नया हासिल करने की कोशिश करेंगे।

#### हर सत्र लगभग 500 रन

बोबाट ने कहा कि मुझे याद है पिछले सत्र में एक समय उनके आंकड़े देख रहा था, जब वह करीब 9,000 रन तक पहुच गए थे और वो भी 18 साल तक सिर्फ एक ही टीम की जर्सी पहनकर। यानी हर सत्र लगभग 500 रन। उन्होंने कह कि यह वास्तव में अविश्वसनीय है। सात साल तक कुछ खिलाड़ी 500 रन के एक सत्र से खुश हो जाते हैं। वह 18 साल तक हर सत्र औसतन 500 रन बनाते रहे हैं। यह सच में हैरान कर देने वाला है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कोहली 2008 से आरसीबी के स्तंभ रहे हैं और एक ही टीम के लिए 9,000 से अधिक रन (आठ शतकों सहित) बनाकर आईपीएल के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन चुके हैं। उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 2016 में रहा, जब उन्होंने एक ही सत्र में 973 रन बनाकर रिकॉर्ड कायम किया। कोहली के इर्द-गिर्द चैंपियन टीम बनाने पर बोबाट ने कहा, एंडी फ्लावर और मैं उनके लिए जो सबसे अच्छा कर सकते हैं, वह है उन्हें एक चैंपियन टीम देना।

### गुकेश की गलती से अब्दुसत्तोरोव की एक और जीत, दिव्या की पहली जीत

**प्राग (चेक गणराज्य), जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश अच्छी स्थिति में होने के बावजूद प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार गए। एक महीने पहले भी टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान अच्छी स्थिति में होने के बावजूद गुकेश अब्दुसत्तोरोव से हार गए थे। लेकिन यहां पांचवें दौर की बाजी में एक समय ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे। काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने अच्छा खेल दिखाया, लेकिन समय की कमी के कारण आखिर में उन्हें अंक गंवाना पड़ा। इस बीच नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरस्ट ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जो पांच मैचों में अपनी चौथी जीत के बाद लाइव रेटिंग में विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर



पहुंच गए हैं। उन्होंने पांचवें दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन को हराया। भारत के मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम को पांच मैचों में अपनी तीसरी हार का सामना करना पड़ा। उन्हें स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो ने हराया। चैलेंजर्स वर्ग में विश्व महिला कप विजेता दिव्या देशमुख ने साथी भारतीय खिलाड़ी सूर्य शेखर गांगुली को हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

## लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 16 मार्च तक आमंत्रित

**रीवा।** लेखा प्रशिक्षण सत्र 2026 के लिए लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन पत्र 16 मार्च तक लेखा प्रशिक्षण शाला में दो प्रतियों में स्वीकार किये जायेंगे। प्राचार्य विश्वम्भर प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि एक अप्रैल से 30 जून तक लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र आयोजित होगा। प्रशिक्षण के लिए शाला में प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जायेगा।

## चना एवं मसूर फसलों के उपार्जन हेतु पंजीयन 16 मार्च तक

**रीवा।** रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर फसलों का पंजीयन 20 फरवरी से आरंभ होकर 16 मार्च तक किया जायेगा। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों से अपेक्षा की है कि नियत तिथि तक अपनी फसल के उपार्जन के लिये पंजीयन करा लें।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 मार्च तक

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए प्रस्तावित सभी खरीदी केन्द्रों में किसान गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।






# दो गुटों में विवाद, युवक पर चाकू से हमला

### लड़की से छेड़खानी का बताया जा रहा मामला



**जागरण,रीवा।** जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मडरहा में लड़की से छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर आधा दर्जन से ज्यादा युवकों ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर दिया, गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं परिजनों ने सेमरिया पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के संबंध में घायल भूपेंद्र यादव के भाई रईस यादव निवासी ग्राम मंडरहा में जानकारी देते हुए बताएं कि कुछ दिन पूर्व उसकी छोटी बहन से आरोपियों ने छेड़छाड़ की थी जिसका विरोध भूपेंद्र ने किया था। इसी घटना के बाद से आरोपी उसे मारने की फिराक पर घूम रहे थे इसकी रिपोर्ट पूर्व में सेमरिया थाने में की गई थी लेकिन पुलिस ने किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की थी। रईस ने बताया कि आज सुबह तकरीबन 9.30 बजे भूपेंद्र खेत की ओर गया था इसी दौरान आधा दर्जन से ज्यादा की ज्यादा संख्या में आए आरोपियों ने भूपेंद्र के ऊपर चाकू और लाठी डंडे से हमला कर दिया। भूपेंद्र का हल्ला गुहार सुनकर जब परिजन दौड़े तो आरोपी मौके से फरार हो गए इसके बाद गंभीर हालत में भूपेंद्र को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सिलपरा रिंग रोड चौराहे पर हो रहे हादसे

**जागरण, रीवा**



शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलपरा रिंग रोड चौराहे को अब लोग मौत के चौराहे के नाम से बुलाने लगे हैं क्योंकि यहां आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं और निर्माण एजेंसी द्वारा किसी भी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हालात इतने बत्तर है की जिम्मेदार विभाग के अधिकारी भी आंखें बंद कर हुए बैठे हैं। ताजा मामला एक बार फिर सिरपरा रिंग रोड चौराहे से सामने आया है जहां एक बार फिर बाद सड़क हादसा हुआ है और इस सड़क हादसे में तकरीबन आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। यहां बालू लोड तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने सवारी लेकर आ रहे मैजिक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मैजिक वाहन सड़क पर पलट गया और उसमें सवार तकरीबन आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि यहां से गोविंदगढ़ इलाहाबाद और रीवा शहर के लिए मार्ग जाता है यह सिलपरा स्थित रिंग रोड का चौराहा है जहां पर इन दिनों ओवर ब्रिज और सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा किसी भी प्रकार के संकेतक और सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम नहीं किए गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां पर निर्माण एजेंसी द्वारा पानी का छिड़काव भी नहीं कराया जाता जिससे सड़क से धूल के गुब्बारे निकलते हैं और वाहन चालकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन्हीं सब लापरवाहियों के चलते यहां सड़क हादसे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि जल्द ही अगर व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं किया गया तो उनके द्वारा मार्ग को अवरुद्ध कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और निर्माण एजेंसी की होगी।

### हाइवा और मैजिक की टक्कर, 10 गंभीर घायल

**रीवा।** भीषण सड़क हादसे में दर्जन भर लोग घायल हो गए। घटना सिलपरा रिंग रोड स्थित बिछिया थाना क्षेत्र की है, जहां तेज रफ्तार हाइवा और मैजिक वाहन की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि मैजिक वाहन में करीब एक दर्जन लोग सवार थे और सभी रीवा से गोविंदगढ़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने मैजिक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मैजिक वाहन सड़क पर पलट गया। हादसे में 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

# सिरमौर में महिला ने की जेबकतरी

**जागरण,रीवा।** जिले के सिरमौर तहसील कार्यालय के अंदर अज्ञात महिला ने अधिवक्ता सहित दो लोगों की जेब में हाथ साफ कर दिया। इस दौरान महिला वारदात को अंजाम देकर फरार हो गई पीड़ितों द्वारा घटना की शिकायत सिरमौर थाने में कराई जा रही है। घटना के संबंध में पीड़ित अधिवक्ता संतोष मिश्रा और ग्राम तिलखन निवासी अनूप सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज पेशी के दौरान एक महिला कई बार तहसील कार्यालय के अंदर बाहर आई और गई इस दौरान उन्हें अपना पर्स जमीन पर पड़ा दिखा जिसके बाद उन्होंने पर्स को उठाकर देखा तो उसमें से पैसे गायब थे। वहीं अनूप सिंह बघेल ने बताया कि जब उन्होंने अधिवक्ता के पर्स को पड़ा हुआ देखा और रुपए निकले जाने की जानकारी हुई तो उन्होंने अपने भी पेंट के जेब में देखा तो पर्स गायब था। उन्होंने बताया कि पर्स में रखे हुए आधार कार्ड पैन कार्ड सहित रुपए गायब है पीड़ितों ने बताया कि उन्हें अंदेशा है कि जो अज्ञात महिला कई बार तहसील कार्यालय के अंदर और बाहर आई गई उसी के द्वारा जेबकतरी की वारदात को अंजाम दिया गया है।

# भगवान हनुमान की प्रतिमा को अज्ञात लोगों ने किया खंडित

### शहर के बिछिया थाना की घटना



**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरहुला कॉलोनी में आस्था का केंद्र कहीं जाने वाली हनुमान मंदिर में विराजमान भगवान हनुमान की प्रतिमा को अज्ञात लोगों द्वारा खंडित कर दिया गया है। प्रतिमा को खंडित किए जाने की जानकारी जैसे ही मोहल्ले वासियों को हुई तो मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई और घटना की सूचना बिछिया पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात लोगों की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यहां पर भगवान हनुमान की प्रतिमा कई वर्षों पूर्व विराजमान की गई थी जिसके बाद स्थानीय वासियों के सहयोग से यहां पर मंदिर का निर्माण कराया गया था। बताया गया है कि यह मोहल्ले के लोगों के आस्था का केंद्र था और यहां पूजा पाठ की जाती थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि आज सुबह जब भक्तगण पहुंचे तो भगवान हनुमान की प्रतिमा जिस स्थान पर विराजमान की गई थी वहां से खंडित कर दूसरे जगह रख दी गई थी इसके बाद मोहल्लेवासी पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। बताया गया है कि भगवान हनुमान की प्रतिमा को खंडित किए जाने का अज्ञात लोगों द्वारा कार्य किया गया है जिसको लेकर मोहल्ले वासियों में आक्रोश है।

# सिलेंडर में गैस रिसाव से पूरे घर में लगी आग

### गृहस्थी का सामान जलकर राख



**जागरण,रीवा।** जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी गोरगी में रामाश्रय साकेत के घर मे गैस सिलेंडर से भड़की आग से पूरा घर जलकर खाख हो गया, इस दौरान घर में मौजूद लोग बाल बाल बच गया। जानकारी के अनुसार परिजन सिलेंडर लाकर गैस की पाइप में फिट कर रहे थे लेकिन उसे गैस रिस रही थी और वह धीरे-धीरे वह पूरे कमर में फैल गई। जिससे अचानक आग लग गई जैसे ही आग भड़की तो वहां मौजूद लोगों द्वारा पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई मौके पर फायर ब्रिगेड लेकर पहुंचे इंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भारी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया गया लेकिन घर पुरी तरह जल चुका था। मौके पर थाना गुढ़ एवं रायपुर कर्चुलियान पुलिस सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे। इस दौरान गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया है। आगजनी की इस घटना में पीड़ित परिवार का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

## श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन के लिए अभियान 15 मार्च तक

**रीवा।** जिले में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पात्र मजदूरों का पंजीयन कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में 15 मार्च तक अभियान चलाया जा रहा है। पात्र श्रमिकों के पंजीयन के लिए संकल्प से समाधान अभियान के शिविरों के साथ शिविर लगाए जा रहे हैं। पात्र श्रमिक श्रम योगी मानधन योजना में अपनी पात्रता के अनुसार 55 रुपए से लेकर 200 रुपए तक की छोटी बचत योजनाओं में निवेश कर सकते हैं। मजदूरों द्वारा जमा की गई राशि के बराबर अंशदान राशि केन्द्र सरकार द्वारा दी जाएगी। मजदूर की आयु 60 साल पूरी होने पर उसे तीन हजार रुपए प्रतिमाह की पेंशन दी जाएगी, जिससे वृद्धावस्था में उसे आर्थिक सुरक्षा मिलती रहे। मजदूर की मौत होने पर उसके पति अथवा पत्नी को भी पारिवारिक पेंशन का लाभ इस योजना में दिया जा रहा है।






# 2 वर्ष पूर्व 3 जानें लेने वाला रेडियो कॉलर हाथी मऊगंज पहुंचा

**जागरण,रीवा।** विंध्य के जंगलों से निकलकर आबादी की दहलीज तक पहुंचे दो हाथियों ने प्रशासन की नींद उड़ा रखी है। यह सिर्फ हाथियों का एक जोड़ा नहीं है, बल्कि इनमें से एक हाथी का अतीत बेहद खौफनाक रहा है। दो साल पहले जयसिंहनगर में तीन लोगों को मौत के घाट उतारने वाला वही रेडियो कॉलर हाथी अब मऊगंज और हनुमना के रास्तों पर चहलकदमी कर रहा है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की शांत वादियों से निकलकर मऊगंज की पथरीली राहों तक, पिछले 15 दिनों से यह हाथियों का जोड़ा वन विभाग के लिए चुनौती और ग्रामीणों के लिए कौतूहल बना हुआ है। प्रतिदिन 20 से 25 किलोमीटर की रफ्तार से सफर तय करते हुए ये गजराज अब हनुमना से वापस मऊगंज और चुरहट की ओर रुख कर रहे हैं। लेकिन इस कहानी में एक बड़ा मोड़ है। इस जोड़े में मौजूद नर हाथी वही है, जिसने दो साल पहले शहडोल के जयसिंहनगर में भारी तबाही मचाई थी। उस वक्त इस हाथी ने तीन लोगों की जान ले ली थीए जिसके बाद इसे बाकायदा रेस्क्यू कर, रेडियो कॉलर पहनाकर वापस जंगल छोड़ा गया था। आज वही रेडियो कॉलर इसकी पहचान की सबसे बड़ी कड़ी बना हुआ है। प्रशासन कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। जैसे ही हाथियों का यह जोड़ा किसी गांव के करीब पहुंचता है, वहां की बिजली काट दी जाती है। वन विभाग का अमला पल-पल की लोकेशन ट्रैक कर रहा है। ग्रामीणों को सख्त हिदायत दी गई है कि हाथियों को पत्थर न मारेंए उन्हें परेशान न करें। उद्देश्य साफहै, न इंसान को चोट पहुंचे और न ही इन बेजुबानों को कोई खतरा हो।

# शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने निकाला फ्लैग मार्च



**जागरण, रीवा।** पुलिस ने पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में होली के पर्व पर शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में रविवार को फ्लैग मार्च निकाला। होली पर्व पर सुरक्षा, व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने माकूल प्रबंध किए हैं। शहर के प्रमुख मार्गों से फ्लैग मार्च निकला। जिसमें समस्त थाना प्रभारियों के साथ ही एएसपी, नगर पुलिस अधीक्षक व स्टॉफ मौजूद रहा। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि होली पर्व आपसी भाई-चारे, सौहार्द्र एवं शांतिपूर्वक मनाएं। किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन में दें।






## पुनर्गठन आयोग की बैठक 12 मार्च को

**रीवा।** मध्यप्रदेश प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग भोपाल की अध्यक्षता में संभागीय बैठक 12 मार्च को आयोजित की जाएगी। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी। बैठक में आईजी, डीआईजी, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, एसपी और संभागीय अधिकारियों से उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।






# लाडली लक्ष्मी पथ पर मिला हिरन का बच्चा



**जागरण, रीवा।** लाडली लक्ष्मी पथ स्थित बीहर नदी के पुल के करीब सोमवार सुबह एक हिरन का बच्चा का घूमते देखा गया। जिल लोगों ने हिरन के बच्चे को देखा उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी, कुछ ही देर में वन अमला भी मौके पर पहुंच गया। लोगों की भी खासी भीड़ जुट गई। भीड़ का देखकर हिरन का बच्चा वहां से भाग गया, वन विभाग के कर्मचारियों ने हिरन के बच्चे को ढूंढना शुरू किया जो सैनिक स्कूल की दीवार के समीप झाड़ियों में दुबका बैठा था, हिरन के बच्चा घायल भी है, जिसे सुरक्षित पकड़ा और अपने साथ कार्यालय ले गए, जहां उसका उपचार करवाया गया, वन अमले ने बताया कि हिरन को जल्द ही सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाएगा। साथ ही इस क्षेत्र में और भी हिरन होने की संभावना है, जिनकी खोजबीन की जाएगी।











जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा**- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com